दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 15 | जयपुर | रविवार, 17 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## धर्म संसद में सनातन बोर्ड की मांग : शंकराचार्य बोले- सनातनी ही भारत के मूलनिवासी; प्रदीप मिश्रा ने कहा- घर में जितने सदस्य, उतने शस्त्र रखो

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के करतार नगर इलाके में शनिवार को तीसरी सनातन धर्म संसद का आयोजन हुआ। इसमें द्वारकापीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती समेत देश के प्रमुख 50-60 संत, साध्वी, कथावाचक शामिल हुए। एक हजार से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में पहुंचे। संसद का आयोजन कराने वाले कथावाचक देवकीनंदन ने वक्फ बोर्ड की तरह ही सनातन बोर्ड बनाने की मांग की। हमें नहीं भूलना चाहिए कि आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम में चर्बी मिलाकर हमें खिलाई गई। उन्होंने चौथी धर्म संसद अगले साल प्रयागराज में होने जा रहे कुंभ मेले में रखने की बात कही। शंकराचार्य सरस्वती ने कहा- सनातन धर्म वाला ही भारत देश का मूलनिवासी है।

सभी को रहने का अधिकार है वो अलग बात है। लेकिन हमारे ऊपर आक्रमण करने का अधिकार किसी को नहीं है। कुबेरेश्वर धाम के पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि आपके (लोगों) घर में जितने सदस्य रहते हैं, सभी के पास शस्त्र और शास्त्र दोनों हों। हमारे देवता बिना शस्त्र के नहीं चलते, इसलिए आप हमारे हमारे शस्त्र और शास्त्रों का साथ बनाकर चलें।

## असम में कुकी समुदाय पर पुलिस का लाठीचार्ज : जिरीबाम में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों का शव लेने अड़े थे, पुलिस पर पत्थरबाजी की

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी ( एजेंसी )।** असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बाहर पुलिस और कुकी समुदाय के लोगों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। दरअसल, मणिपुर के जिरीबाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 10 उग्रवादियों के परिजन उनके शव मांगने के लिए अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।

असम पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की कि शव मणिपुर पुलिस को सौंपे जाएंगे, लेकिन परिजन शव वहीं सौंपे जाने की मांग करते हुए पत्थरबाजी पर उतर आए। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जिसके बाद हालात काबू में आए और परिजन मणिपुर पुलिस से शव लेने पर सहमत हुए। इसके बाद शवों को मणिपुर के चुराचांदपुर एयरलिफ्ट किया गया। इससे पहले शुक्रवार को बराक नदी में तीन शव मिलने के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। शवों में एक आठ महीने का बच्चा भी शामिल था। 11 नवंबर को सीआरपीएफ और पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान सशस्त्र उग्रवादियों ने 6 लोगों को अगवा किया था। इनमें से तीन के शव मिलने के बाद तीन विधायकों के घरों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं भी सामने आईं।

## झांसी अग्निकांड : 10 नवजात जिंदा जले, 8 का पता नहीं

बढ़ता राजस्थान

**झांसी ( एजेंसी )।** झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में शुक्रवार रात भीषण आग लग गई। हादसे में 10 बच्चों की मौत हो गई। वार्ड की खिड़की तोड़कर 39 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अभी तक 8 बच्चों की सूचना नहीं मिल पाई है। इधर, बच्चों को बचाने वाले युवक ने कहा- आग लगी तो डॉक्टर भागने लगे। मैंने 4-5 बच्चों को बचाया। अब मीडिया में बयान देने पर अस्पताल प्रशासन से धमकी मिल रही है। कहा जा रहा है कि तुम ऐसे कैसे बयान दे रहे हो। हादसा रात करीब साढ़े 10 बजे हुआ। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में स्पार्किंग के चलते आग लगी, फिर धमाका हो गया। पूरे वार्ड में आग फैल गई। वार्ड बॉय ने आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) चलाया, मगर वह 4 साल पहले ही एक्सपायर हो चुका था, इसलिए काम नहीं किया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां पहुंचीं। खिड़की तोड़कर पानी की बौछारें मारीं।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का महाराष्ट्र दौरा

# प्रवासी राजस्थानी सामाजिक सरोकार में सबसे आगे, दुनियाभर में फैलाई राजस्थान की खुशबू : मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**मलाड/महाराष्ट्र ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत मुंबई के मलाड (पश्चिम) में आयोजित राजस्थानी समाज सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस दौरान इन्होंने मलाड पश्चिम से महायुति प्रत्याशी श्री विनोद शेलार को समर्थन देकर विजयी बनाने की अपील की । मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि कांग्रेस चुनाव आते ही झूठ और लूट की दुकान खोल देती है। उन्हें ना तो राज्य और राष्ट्र से प्रेम है और ना ही जनता के हितों से कोई सरोकार। उन्होंने कहा कि स्वार्थ की भावना से ओतप्रोत कांग्रेस और इनके सहयोगियों में गठबंधन नही ठगबंधन की स्थिति है। ये लोग कभी विकास की बात नही करते। महाराष्ट्र की जनता अब इन इरादों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कांग्रेस की झूठ और लूट की दुकान बंद हो गई है। जनता जानती है कि विकास केवल श्री मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव है। लोगों में भाजपा के प्रति अति उत्साह और उमंग है तथा महाराष्ट्र में बहुत बड़े बहुमत के साथ महायुति की सरकार बनेगी।



### कांग्रेस केवल तुष्टीकरण में माहिर, जनता के विकास से इनको मतलब नहीं

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सीएए तथा ट्रिपल तलाक समाप्त करने का विरोध किया। साथ ही, जब महायुति सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदल कर छत्रपति संभाजी नगर रखा तब भी महाविकास अघाड़ी इसका विरोध करते रहें। कांग्रेस केवल तुष्टीकरण की राजनीति करती है इन्हें भोलीभाली जनता को फंसा कर अपना काम निकालना आता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के विकास में कभी जाति को आधार नही माना। पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं में किसी भी व्यक्ति से जाति-धर्म नही पूछा गया। भारतीय जनता पार्टी 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास' की की अवधारणा पर काम करती है।

### प्रवासी राजस्थानी राज्य में करें निवेश, राज्य सरकार हर संभव मदद करेंगी

श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान की धरा महाराणा प्रताप, सूरजमल, पन्नाधाय तथा अमृता देवी की वीर भूमि है। राष्ट्र के लिए महाराणा प्रताप हो या छत्रपति शिवाजी दोनों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया। राष्ट्र को आगे बढ़ाने की प्रेरणा हमें इन्हीं महापुरूषों से मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने भी अपनी कर्मठता के दम पर राजस्थान की मिट्टी की खुशबू पूरे विश्व भर में फैलाई है। सामाजिक सरोकार के काम में राजस्थानी सबसे आगे रहते है। प्याऊ बनाने का काम हो या मंदिर के जीर्णोद्वार का अथवा व्यापार में पहचान बनाने का। मारवाडियों ने अपने कर्म से ही हर क्षेत्र में अपनी साख बनाई है। मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को 9 से 11 दिसंबर को राजस्थान में आयोजित होने वाले राइजिंग समिट के लिए आंमत्रित करते हुए कहा कि वे राजस्थान में निवेश करे।

## पीएम मोदी नाइजीरिया दौरे पर रवाना



बढ़ता राजस्थान

**अबुजा ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे नाइजीरिया रवाना हो गए। वे राष्ट्रपति अहमद टिनूबू के न्योते पर पहली बार नाइजीरिया जा रहे हैं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का 17 साल में पहला नाइजीरिया दौरा होगा। मोदी से पहले साल 2007 में तत्कालीन पीएम डॉ. मनमोहन सिंह नाइजीरिया के दौरे पर गए थे। पीएम मोदी रविवार को राष्ट्रपति टिनूबू से मुलाकात करेंगे। उनके बीच भारत-नाइजीरिया के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। इसके बाद मोदी राजधानी अबुजा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। नाइजीरिया में 150 से ज्यादा भारतीय कंपनियां हैं, जिनका 2 लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार है। भारत के लिए अहम क्यों है नाइजीरिया तेल और गैस के विशाल भंडार की वजह से नाइजीरिया, अफ्रीका के अहम देशों में से एक है।

## राहुल बोले-मोदी बंद कमरों में संविधान की हत्या करते हैं : धारावी की जमीन अडाणी को देना चाहते थे, इसलिए महाराष्ट्र की सरकार चुराई



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा- नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लोग बंद कमरों में संविधान की हत्या करते हैं।

जब महाराष्ट्र की सरकार को चोरी करने की मीटिंग में अडाणी, अमित शाह और बीजेपी के लोग बैठे थे, तब क्या वो संविधान की रक्षा कर रहे थे। आज पूरा महाराष्ट्र जानता है कि वो सरकार धारावी के कारण चोरी की गई, क्योंकि बीजेपी-नरेंद्र मोदी धारावी की जमीन अपने मित्र अडाणी को देना चाहते थे।

दरअसल, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि 2019 में भाजपा-एनसीपी के बीच सरकार बनाने के लिए जो डील हुई थी उसके लिए कई बैठकें हुईं। इन बैठकों में उद्योगपति गौतम अडाणी भी शामिल थे।

महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। कांग्रेस महाविकास अघाड़ी गठबंधन में सबसे ज्यादा 103 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

## अमित शाह का ऐलान : मुखिया का वेतन 5000 करेंगे
### बोले- सरायकेला खां चौक का नाम बदला तो हेमंत सोरेन के पेट में दर्द हो रहा

बढ़ता राजस्थान



**गिरिडीह ( एजेंसी )।** झारखंड में 20 नवंबर को होने वाले दूसरे और आखिरी फेज के चुनाव का प्रचार अंतिम दौर में है। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुमका, मधुपुर और गिरिडीह के धनवार में जनसभा की। उन्होंने कहा- दिल्ली के सरायकाले खां चौक पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाई, हेमंत सोरेन इसका विरोध कर रहे हैं। उनके पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा- वो (हेमंत) कहते हैं केवल प्रतिमा लगाने से क्या होगा। हम आज यहां हिसाब देने आए हैं। आदिवासी गौरव दिवस बनाने का काम हमारे नेता नरेंद्र मोदी ने किया।

मोदी जी की अध्यक्षता में कमेटी बन रही है, जो आदिवासी गौरव वर्ष के रूप में बनाने का काम करेगी। उन्होंने कहा- कांग्रेस की सरकार में जब आप झारखंड के लिए संघर्ष कर रहे थे तक आप पर लाठियां बरसाई गईं। कांग्रेस ने आपको आपका हक नहीं दिया। आज सत्ता के लिए उसी कांग्रेस और राजद की गोद में हेमंत सोरेन बैठ गए हैं। झारखंड को बनाने का काम बीजेपी के अटल बिहारी वाजपेयी ने किया और संवारने का काम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

### हेमंत बाबू की उल्टी गिनती शुरू है

गृह मंत्री ने कहा- बांग्लादेशियों को शह हेमंत सोरेन और उनकी सरकार दे रही है। हेमंत बाबू की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। आदिवासी बेटियों और ओबीसी भाईयों को कहा रहा हूं कि जिन्होंने जमीन ली है, उसे उलटा लटका कर सीधा कर देंगे। भ्रष्टाचार करने वाले नेता सोचते हैं इनका कुछ नहीं होगा। मैं कहता हूं- खैर मना लो 23 तारीख तक। इनसे एक-एक पाई उगलवार कर झारखंड की तिजोरी में वापस भरा जाएगा।

### मुखिया का वेतन पांच हजार करेंगे

दुमका की रैली में शाह ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा- राज्य में विस्थापित परिवारों का पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा। हमारी सरकार आई तो मुखिया का वेतन पांच हजार करेंगे। हेमंत सरकार के सभी भ्रष्टाचारियों को जेल भेजेंगे।

## बिजनौर सड़क हादसा, दूल्हा-दुल्हन समेत 7 की मौत
### झारखंड से शादी कर लौट रहे थे, कार की टक्कर से ऑटो खाई में गिर गया

बढ़ता राजस्थान

**बिजनौर ( एजेंसी )।** यूपी के बिजनौर में झारखंड से शादी कर लौट रहे दूल्हा-दुल्हन समेत 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार देर रात 2 बजे नेशनल हाईवे-74 पर हुआ। परिवार झारखंड से आ रही ट्रेन से लौट रहा था। सभी लोग मुरादाबाद स्टेशन पर उतरे और वहां से ऑटो में बिजनौर के धामपुर जा रहे थे। इसी दौरान एक कार ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। ऑटो सड़क किनारे खाई में जा गिरा। हादसे की जगह से दूल्हे का घर सिर्फ 5 किलोमीटर दूर है। स्क्र अभिषेक ने बताया- घने कोहरे के कारण हादसा हुआ है।

### हादसे में 10 साल की बच्ची की भी मौत

बिजनौर के तिबड़ी गांव निवासी खुर्शीद अपने बेटे विशाल की शादी करने झारखंड के जिला मधुपुरा गांव परोहाबाद गए थे। शादी 14 नवंबर को थी। शादी करके शुक्रवार को परिवार के साथ गांव लौट रहे थे।




# कई देशों के अधिकारी हमारी लेखा परीक्षा प्रणालियों की गहरी समझ हासिल करने के लिए भारत आते हैं : बिरला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) ने देश में जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वतंत्र भारत में सीएजी द्वारा निभाई गई अनुकरणीय भूमिका की सराहना करते हुए, बिरला ने कहा कि 161 वर्षों की इसकी समृद्ध विरासत उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि सीएजी ने न केवल अपनी लेखा परीक्षा प्रणालियों को बदला है, बल्कि नए नवाचार भी पेश किए हैं, जिससे इसके काम विश्वसनीयता और प्रामाणिकता सुनिश्चित हुई है। आज नई दिल्ली में चौथे लेखापरीक्षा दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, बिरला ने कहा कि संसद सदस्य लेखापरीक्षा रिपोर्ट के प्रत्येक पैरा पर चर्चा करते हैं और उसकी जांच करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनता का पैसा विवेकपूर्ण तरीके से खर्च हो। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रदर्शन का लेखापरीक्षण कार्यपालिका को जनता के प्रति जवाबदेह बनाता है। उन्होंने कहा कि मजबूत राजकोषीय अनुशासन एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखता है। उन्होंने कहा कि सीएजी हमारे लोकतंत्र के प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए इस दिशा में उद्देश्यपूर्ण योगदान दे रहा है। बिरला ने एएसओएसएआई महासभा की सफलतापूर्वक मेजबानी करने तथा 2024-2027 के कार्यकाल के लिए एएसओएसएआई की अध्यक्षता संभालने



पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा दुनिया के कई देश आज हमारी लेखा परीक्षा प्रणाली से सीखने के लिए भारत आते हैं। यह हमारी लेखा प्रणाली की प्रामाणिकता दर्शाता है।

बिरला ने बताया कि दुनिया भर के देशों से अधिकारी भारत की लेखा परीक्षा प्रणाली का अध्ययन करने और उससे सीखने के लिए आते हैं।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# रास्ता खोलो अभियान के दूसरे दिन जिला प्रशासन ने खुलवाए 15 रास्ते

## सहमति और समझाइश लाई रंग, ग्रामीणों ने जताया जिला प्रशासन का आभार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** गांव और खेतों की ओर जाने वाली राह आसान करने के लिए जिला प्रशासन के रास्ता खोलो अभियान के दूसरे दिन भी जिला प्रशासन ने जिले में बरसों से बंद बंद सिवायचक, कटानी एवं गैर मुमकिन सहित अन्य सभी प्रकार के 15 रास्ते खुलवाए। जिससे 8 हजार से ज्यादा ग्रामीणों को लाभ होगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने शनिवार को सहमति एवं समझाइश से रास्ता खालने की कार्यवाही को अंजाम दिया। अभियान के तहत फुलेरा, रामपुरा-डाबड़ी एवं माधोराजपुरा में 3-3, कालवाड़ एवं बस्सी में 2-2, जयपुर एवं किशनगढ़-रेनवाल तहसील में एक-एक रास्ता खुलवाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव और खेतों की ओर जाने वाली राह आसान करने के लिए जिला प्रशासन के इस अभियान से आमजन को राहत मिलेगी। जिला प्रशासन एवं पुलिस ने सहयोग कर दशकों से बंद सिवायचक, कटानी एवं गैर मुमकिन सहित अन्य सभी प्रकार के रास्तों को खुलवा गया। किश्नगढ़-रेनवाल के हरसोली गांव में करीब 50 साल पुराना 500 मीटर लंबा गैर मुमकिन रास्ता समझाइश से खुलवाया गया। वहीं, जयपुर के विजयपुरा में 600 मीटर लंबा रास्ता खुलवाया जिससे 2 हजार 500 से ज्यादा ग्रामीणों को राहत मिलेगी। रामपुरा डाबड़ी के जयरामपुरा गांव में करीब 3 किलोमीटर तो वहीं, मोहनबाड़ी गांव में करीब 2 किलोमीटर लंबा रास्ता खुलवा कर ग्रामीणों की राह आसान की गई। सालों से बंद रास्ते खुलने पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया साथ ही, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का आभार जताया। गौरतलब है कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुक्रवार को जिले में रास्ता खोलो अभियान का आगाज हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान के तहत सभी खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने में सहयोग करेंगे, उपखण्ड अधिकारी सप्ताह में एक बार तहसीलदार, थानाधिकारी, विकास अधिकारी के साथ रास्तों से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे हैं तथा खोले जाने वाले रास्तों का चिन्हीकरण कर सप्ताह में कम से कम तीन रास्तों की समस्या का समाधान करेंगे।

बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खंड विकास अधिकारी संबन्धित खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल/सी.सी. रोड़ बनवाया जाना सुनिश्चित करेंगें ताकि फिर से कोई रास्ते पर अतिक्रमण नहीं कर पाए। जिन स्थानों पर किन्हीं कारणों से शुक्रवार को कार्यवाही संभव नहीं हो पाई उन स्थानों पर शनिवार को अनिवार्य रूप से रास्ता खोलो अभियान के तहत कार्यवाही की जाएगी।





# राजस्थान में 527 मिलावट खोरों के खिलाफ केस दर्ज

## सिर्फ 2 दिन में कोर्ट में दर्ज करवाए गए केस, सैंपल जांच में फेल मिले थे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** दीपावली से पहले चलाए गए अभियान के तहत फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट दो दिन में 527 मिलावट खोरो के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किए हैं। विभाग की अलग-अलग टीमों ने इन मामलों में अगस्त से लेकर अक्टूबर तक सैंपल लिए। इनकी जांच में ये सब स्टेंडर्ड, अमानक और फेल पाए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया- मिलावटी पदार्थों के कारोबारियों को सजा दिलवाने के लिए एडीएम-एसडीएम कोर्ट में ये चालान पेश किए गए हैं। लगातार दो दिन (11 व 12 नवंबर) अभियान चलाकर यह कार्रवाई की है। ओझा ने बताया- दीपावली, राखी और अन्य त्योहारी पर्व को देखते हुए हमने विशेष अभियान चलाकर बड़ी संख्या में सैंपल लिए थे। इन सैंपल में फेल, अमानक पाए गए सैंपल पर कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज हुए हैं।

**अलवर में सबसे ज्यादा 65 केस दर्ज :** अतिरिक्त आयुक्त ने बताया- जिलेवार रिपोर्ट देखें तो सबसे ज्यादा 65 केस अकेले अलवर जिले में दर्ज हुए है। इस मामले में दूसरा नंबर जयपुर जिले का आता है। जयपुर जिले में सीएमएचओ प्रथम और द्वितीय क्षेत्र में 32-3 केस दर्ज हुए हैं।

**बारां में एक भी केस नहीं आया :** विभाग से जारी रिपोर्ट के मुताबिक बारां एकमात्र ऐसा जिला रहा जहां इन दो दिनों में एक भी मिलावट का केस दर्ज नहीं हुआ। करौली में 1 एक केस दर्ज हुआ है। जोधपुर में दो दिन में 12 केस दर्ज हुए है।

# फुलेरा के पीपली का बास में दहेज मुक्त विवाह की मिसाल पेश की रेखा कंवर एवं परीक्षित ने...

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** आए दिन दहेज को लेकर होने वाली अनहोनी घटनाओं की सूचनाएं सुनने को मिलती है,समाज में फैली इस कुप्रथा को मिटाने के लिए समय-समय पर कई प्रयास होते रहे हैं, फुलेरा के पास स्थित पीपली का बास में 15 नवम्बर को सुमेर सिंह ने अपनी पुत्री रेखा कंवर की शादी में दूल्हे को एक रुपया नारियल देकर शादी की हैं। इस विवाह में वर वधु के परिवारों ने दहेज प्रथा को नकारते हुए समाज के लिए एक मिसाल पेश की हैं। इस बिना दहेज की शादी की आस पास के गांव एवं ढ़ाणियों में सराहना की जा रही है। वधू रेखा कंवर बीएससी बीएड तक शिक्षित है। वहीं मेड़ता नागौर निवासी दूल्हा परीक्षित सेकिंड ग्रेड टीचर हैं। उनके पिता भगवान सिंह आरएएस हैं,दूल्हे के दादा भी मैजर थे। यह विवाह न केवल सादगीपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया, बल्कि समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ एक सशक्त संदेश भी दिया। दूल्हे के परिवार ने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही सबसे बड़ा दहेज हैं, और रेखा की शिक्षा व समझदारी उनके परिवार के लिए गर्व की बात है। इस विवाह ने आसपास के क्षेत्र में सकारात्मक संदेश फैलाया है और दहेज मुक्त समाज की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।

# प्रकाश पर्व पर गुरु नानक की जयंती मनाई गई

बढ़ता राजस्थान

**छोटी सादडी( नि.स. )।** सिंधी एवं सिख समाज के प्रथम गुरु नानक की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में सिंधी समाज छोटी सादडी द्वारा धूम धाम से मनाई गई। उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष डॉ बृजेश प्र?यानी ने बताया कि गुरु नानक के 555 वीं जयंति पर सिंधी समाज के नव निर्माणाधीन %सिंधु धाम% पर नीमच से विशेष रूप से आई मीरा देवी ने गुरु नानक द्वारा दी गई शिक्षाओं को अपने जीवन मे उतारने की प्रेरणा दी। गुरु नानक देव ने अपना पूरा जीवन समाज सुधारक के रूप में समर्पित कर दिया उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और भेद-भाव को मिटाने के लिए खास कदम उठाए थे। इंसानियत के नाम पर लोगों को एकता के सूत्र में बांधने के लिए उपदेश दिए थे। नानक ने समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का काम किया था और इसी वजह से उनकी जयंती हर साल प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाती है।

मीरा देवी और उनके सहयोगियों द्वारा उनके गाये भजनों पर समाज के आकर्षक परिधानों मे सजे स्त्री पुरुष, बालक बालिकाएं झूम झूम कर थिरके इसके पूर्व समाज के सदस्यों द्वारा दीपक प्रज्वलित किए. सेंकड़ों दीपक दिन की रोशनी में भी आसमान मे चमचमाते तारो जैसे चमक रहे थे। अरदास, पल्लव, आरती के पश्चात लंगर का आयोजन हुआ। और रात्री 1.20 गुरु नानक के अवतरण के अवसर पर भव्य आतिशबाजी की गई और प्रसाद के रूप में खीर का वितरण हुआ।



# एक महीने तक मनाया जाएगा जयपुर स्थापना दिवस उत्सव

## 18 नवंबर को 1000 दीपों से होगी गणेश पूजा; शहर में जगह- जगह करवाई जाएगी रोशनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर शहर की स्थापना के 297वें वर्ष के मौके पर नगर निगम ग्रेटर की ओर से एक माह तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी शुरुआत 18 नवंबर को गणेश पूजन के साथ होगी। गणेश मंदिर में 1 हजार दीपों के साथ सैंकड़ों महिलाएं गणेश पूजा करेगी। इस दिन जयपुर शहर के प्रमुख स्थानों (स्टेच्यू सर्किल, चारदीवारी के प्रमुख दरवारों) पर रोशनी करवाई जाएगी।

मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया- जयपुर शहर की स्थापना दिवस के मौके पर 18 नवंबर को सुबह 10 बजे मोतीडूंगरी गणेश मन्दिर पर महा आरती करवाई जाएगी। इसके बाद गंगापोल गेट (जहां पर जयपुर शहर की नींव लगी थी) गणेश पूजन होगा। उसके बाद गोविन्द देव जी मन्दिर में पूजा अर्चना की जाएगी। 18 नवंबर की शाम 5 से 7 बजे स्टेच्यू सर्किल पर दीपदान का कार्यक्रम और रोशनी से सजावट की जाएगी। मेयर ने बताया- 21 नवंबर को स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसके अन्तर्गत प्रत्येक जोन में वार्ड स्तर पर स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और सबसे अच्छे प्रदर्शन वाले वार्ड को सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा अलग-अलग दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही अलग-अलग प्रतियोगिता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



### तीन दिन का होगा मेयर समागम

देश के दूसरे शहरों की नगर निगम के मेयर को भी इस समारोह के लिए आमंत्रित किया है। इसके लिए मेयर समागम का आयोजन किया जाएगा, जो तीन दिन (16 से 18 दिसंबर) तक होगा।

# 'संयोजनम 2024' के दूसरे दिन आयुर्वेद और एआई पर चर्चा के साथ लाइव प्रायोगिक कर्माभ्यास करवाया गया

## चरक संहिता के अध्यायों का संगीतमय श्लोक पठन कर कल बनाया जाएगा विश्व कीर्तिमान

बढ़ता राजस्थान

### कार्यक्रम में 16 साल तक के लगभग 1200 बच्चों को स्वर्णप्राशन की खुराक पिलाई गई



**जयपुर,( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में संयोजन 2024 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन विश्व आयुर्वेद परिषद, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर एवं आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 17 नवम्बर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूरे देश से आयुर्वेद में अध्ययन कर रहे 3000 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। संयोजन 2024 के दूसरे दिन देश के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आयुर्वेद विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद एंटरप्रेन्योरशिप,एआई तकनीक से के आयुर्वेद में प्रमाणीकरण, आयुर्वेद में करियर, स्टार्टअप, एंटरप्रेन्योरशिप जैसे विषयों पर व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों के साथ चर्चा की।

पोषण के अंतर्गत आयुर्वेद आहार का संतर्पण जन्य व्याधियों जैसे मोटापा, डायबिटीज, मेटाबॉलिक डिसऑर्डर्स आदि में उपयोगिता, कर्माभ्यास के अंतर्गत आयुर्वेद में वर्णित प्रायोगिक कर्मों की क्रियाविधि जैसे शिरो बस्ती, शिरोधारा, नाडी परीक्षा, मर्म चिकित्सा ,अग्निकर्म, नस्य कर्म, प्रकृति परीक्षण ,जलौकावचारण आदि का अभ्यास करवाया।

आयुर्वेद में पेपर प्रेजेंटेशन और विभिन्न प्रतियोगिताओं के स्लोगन, डिबेट, आशु भाषण, पोस्टर मेकिंग, सोशल मीडिया अवेयरनेस रील वीडियो बनाये गए। कार्यक्रम के अंतर्गत 16 वर्ष तक की आयु के लगभग 1200 से अधिक बच्चों को स्नातकोत्तर कौमारभृत्य विभाग पीजीआई जोधपुर द्वारा स्वर्णप्राशन करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कल्चरल प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी ओर शतरंज, बैडमिंटन वॉलीबॉल, कैरम सहित विभिन्न खेलों में भाग लिया। और कार्यक्रम के समापन पर रविवार को सुबह 9 बजे से बड़ी संख्या में चरक संहिता के अध्यायों का संगीतमय श्लोक पठन कर विश्व कीर्तिमान बनाया जाएगा।

# बुजुर्ग महिला से बाइक सवार दो बदमाश छीन ले गए पर्स

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जवाहर सर्किल थाना इलाके में घर लौट रही एक बुजुर्ग महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने पर्स छीन लिया। महिला के साथ मौजूद बेटी ने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन भाग निकले। महिला बेटी के साथ बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार पीडिता के पति अजय कांत खंडेलवाल ने बताया किपत्नी रजनी खंडेलवाल और उनकी बेटी तन्वी खंडेलवाल रात करीब 8 बजे बाजार से सामन खरीद कर घर लौट रही थी। दोनों ने कॉलोनी में पैदल गणेश मेडिकल वाली गली से प्रवेश किया। अचानक मोटर साइकिल सवार बदमाश तेज गति से निकले। उसने रजनी खंडेलवाल के हाथ से पर्स छीन ले गया।

इस पर बेटी तन्वी ने काफी शोर किया। बदमाशों के पीछे भागी, लेकिन बदमाश निकल गए। यह पूरी वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। रजनी ने घटना की जानकारी सबसे पहले पुलिस को दी। इस पर जवाहर सर्किल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए गए।

बाइक सवार बदमाश अंधेरा अधिक होने के कारण पहचान में नहीं आए। पीड़िता के पर्स से मोबाइल, 20 हजार रुपए नगद, दवाइयां, चाबियां और अन्य सामान था।

# छोटी चौपड़-बड़ी चौपड़ को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में मामा व दो भांजों को पुलिस ने किया डिटेन

## जांच में गुमशुदा फोन से कॉल करना आया सामने, पुलिस जुटी जांच में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में विधायकपुरी थाना पुलिस ने मामा व दो भांजों को डिटेन किया है। पूछताछ में सामने आया कि जिन नम्बरों से बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी वो फोन कुछ दिन पहले गुमशुदा हो गया था। पुलिस अब गुमशुदा फोन की लोकेशन के साथ कॉल करने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है। बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले की जांच विधायकपुरी थाना पुलिस कर रही है। इस मामले में विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। एसीपी अशोक नगर बालाराम ने बताया कि छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में सिम के आधार पर मामा व दो भांजों को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में तीनों ने कॉल करने से इंकार किया है।

पूछताछ में तीनों ने बताया कि इस नम्बरों वाला फोन कुछ दिन पहले खो गया था। लेकिन उसकी गुमशुदगी पुलिस में दर्ज नहीं करवाई गई। एक भांजा नाबालिग है। गौरतलब है कि शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रुम में किसी ने कॉल कर छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। इस पर आनन फानन में पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ पर करीब चार घंटे तक सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के बाद कुछ भी नहीं मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। इस सर्च अभियान में सात थानों की पुलिस शामिल रही। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को डिटेन कर लिया है।

# रेस्टोरेंट पर खाना लेने गए युवक की गाडी आगे-पीछे करने को लेकर कहासुनी

बढ़ता राजस्थान

### मारपीट कर पर्स सहित अन्य सामान छीना

**जयपुर ( का.स. )।** जवाहर नगर थाना इलाके में रेस्टोरेंट पर खाना लेने आए एक युवक के साथ वाहन को आगे-पीछे करने को लेकर कहासुनी हो गई। सात-आठ युवकों ने पीडित के साथ मारपीट की और पर्स के साथ सोने की चेन सहित अन्य सामान छीनकर ले गए।

पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी सुरेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह जवाहर नगर स्थित एक रेस्टोरेंट पर खाना लेने गया था। वहां पर वाहन आगे-पीछे करने को लेकर दूसरे वाहन चालक से बहस हो गई। वहां पर मौजूद 7-8 युवकों ने उसके साथ मारपीट की और उसका पर्स , सोने की चेन, ब्रेसलेट सहित अन्य सामान छीनकर ले गए। बदमाशों ने जाते समय उसे जान से मारने की भी धमकी दी। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

# कोलकाता में हुई इंटरनेशनल लेवल अबेकस प्रतियोगिता में उदयपुर के तीन बच्चे विजेता

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सिप अबेकस की ओर से इंटरनेशनल लेवल अबेकस प्रतियोगिता कोलकत्ता के बिस्वा बांग्ला प्रांगण में आयोजित हुई। जिसमें दुनिया के 11 देशों के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत समेत अमेरिका, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, फ़िलीपींस, तंज़ानिया, न्यूज़ीलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका एवं नेपाल के 6000 बच्चों ने भाग लिया। सिप एकेडमी उदयपुर की डायरेक्टर डॉ राधिका सेठिया ने बताया कि 11 मिनट में 300 सवालों को हल करके बच्चों ने अपनी हाई स्पीड अर्थमेटिक स्किल्स व एकाग्रता का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में उदयपुर के कुल 3 बच्चों ने अलग अलग लेवल पर अवार्ड जीते। गर्वित कंठालिया को ग्रैंडमास्टर लेवल ए एवं कृषा कुमावत को लेवल चार पर फर्स्ट रनर अप का अवार्ड मिला। पवित्र जैन को ग्रैंडमास्टर लेवल बी पर सेकंड रनरअप का अवार्ड मिला। उदयपुर की हेड राधिका सेठिया ने बताया कि छोटे बच्चों में नंबर्स का डर ख़त्म करना व अर्थमेटिक के प्रति उनका रुझान बढ़ाना ही सिप अबेकस का मुख्य उद्देश्य है। बच्चों की सुनने एवं समझने की क्षमता को प्रखर करना तथा बच्चों की एकाग्र शक्ति बढ़ाने के साथ ही उन्हें कैलकुलेशन और मैथमेटिक्स में होशियार किया जाता है।

## श्री फतहबाला हनुमान मन्दिर पर अन्नकूट आयोजन मे बाला जी को भोग धराया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** लोक कला मण्डल के पार्श्व में स्थित श्री बाला हनुमान मन्दिर में ट्रस्ट द्वारा अन्नकूट धराया गया। महोत्सव के आयोजन में उदयपुर के विधायक ताराचंद जैन, राज्यसभा सदस्य चुन्नीलाल गरासिया, भाजपा नेता मांगीलाल जोयी,ट्रस्ट के ट्रस्टीज लक्ष्मण सिंह कर्णावट, करणसिंह नलवाया, दिलीप सांखला, कमल कर्णावट, श्याम सुन्दर शर्मा, आशुतोष पितलिया, लक्ष्मी नारायण टांक, आकाश वागरेचा सहित पार्षद अरुण टांक, सोनिका जैन, कुसुम पंवार युवा नेता गजेन्द्र भण्डारी आदि कई महानुभावो ने महा आरती के समय मौजूद थे। बाद मे सभी भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

## दाधिच बनी विप्र फाउंडेशन सरदारशहर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष, विप्र फाउंडेशन टीम सहित पदाधिकारियों ने दी बधाइयाँ

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** जिला विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष जय श्री दाधिच द्वारा विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष धनसुख सारस्वत व प्रदेश प्रभारी भंवर पुरोहित ओर प्रदेश महामंत्री अरविन्द गौड़ की अभिशंषा व विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष सीमा मिश्रा के आदेशानुसार चुरु जिले की कार्यकारिणी घोषित की हैं। जिसमें सरदारशहर से सामाजिक कार्यकर्ता सरोज पारीक व सुमन शर्मा (शास्त्री) को जिला संरक्षक, अंजु शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, निर्मला मिश्र को जिला सचिव व सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली मंजु दाधिच को विप्र फाउंडेशन सरदारशहर की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया है। सरदारशहर से हुई नियुक्तियों पर विप्र फाउंडेशन टीम में खुशी की लहर दौड़ गई। नियुक्तियों पर सभी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजु दाधिच को महिला प्रकोष्ठ सरदारशहर की अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि व विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, श्याम लाल जोशी, प्रदेश सचिव शिव दयाल पारीक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ प्रभा पारीक, प्रदेशाध्यक्ष विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ सुनिल मिश्र, प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, कमलकांत शर्मा, मदनलाल मिश्र, प्रदेश मिडिया प्रभारी पवन चोटिया, प्रदेश परामर्श समिति सदस्य व भामाशाह आशीष मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र देरासरी, राजीव भोजक जिला सचिव, विद्याधर नाथोलिया जिला उपाध्यक्ष, डॉ सचिन शर्मा जिला मंत्री, विकास पारीक जिला सचिव, विनोद नाथोलिया जिला कार्यकारिणी सदस्य, देवीसिंह राजपुरोहित, नरेन्द्र शर्मा, किशनलाल पांडिया, वैद्य महेन्द्र शर्मा तहसील अध्यक्ष, राजकुमार गौड़ तहसील महामंत्री, शुभकरण पारीक तहसील कोषाध्यक्ष, नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित शहर युवा अध्यक्ष, मांगीलाल सेवदा देहात अध्यक्ष सहित समस्त विप्र फाउंडेशन पदाधिकारी व सदस्यों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को साथ लेकर चलने का विश्वास दिलाते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन मिडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## कार्तिक पूर्णिमा के प्रसंग पर हुआ दादा गुरुदेव पूजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** शुक्रवार को श्री सुविधिनाथ स्वामी जैन श्वेताम्बर मंदिर में दादा गुरुदेव पूजन का आयोजन किया गया समाज के अध्यक्ष अरविंद ढ्ढड्ढ्ठ ने जानकारी दी कि कई वर्षों से कार्तिक पूर्णिमा जैन श्वेतांबर श्री सुविधिनाथ मंदिर में मनाई जा रही है उसके निमित आज भी जैन समाज के सभी भक्तों द्वारा दादा गुरुदेव पूजन गुरु भक्तों द्वारा पूजन किया गया पूजन में गुरुदेव का अभिषेक कर केसर, चंदन, पुष्प, धूप, दिप, अक्षत, नैवेध, फल इत्यादि अष्ट द्रव्य समर्पित किये गए तत्पश्चात ध्वज पूजन हुआ पूजन में बचपन से सुना हमने दादा तू हमारा है, पूजन की है धूम दादा आज थाने आनो है, आज दादा आएंगे ये तो पक्की बात है, तुम न सुनोगे तो कोन सुनेगा, कहा हो ऐ गुरु मेरे इत्यादि भजन गाये गए तदोपरांत दादागुरु इकतिसा का पाठ हुआ सभी दादा गुरु की आरती की। कार्यक्रम के पश्चात सभी समाज जनों को प्रभाव न वितरित की गई और सभी ने एक दूसरे को कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# उदयपुर की मेहमान नवाजी जीवन भर में दिल मे रहेगी : मैथ्यु वेईका

## रोटरी इन्टरनेशनल फ्रेन्डशीप एक्सचेंज के तहत ब्राजील से उदयपुर पंहुची टीम का हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी इन्टरनेशनल फ्रेन्डशीप एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत ब्राजील से 4 सदस्यों की एक टीम शनिवार को रानी रोड़ स्थित रोटरी बजाज भवन पंहुची,जहां रोटरी क्लब उदयपुर की ओर से पूर्वाध्यक्ष सतीश जैन के नेतृत्व में टीम का भव्य स्थित किया गया। क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने रोटरी फ्रेन्डशीप कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कहा कि इस कार्यक्रम में नॉन रोटेरियन शामिल होते है और वे दूसरे देश जा कर वहां की संस्कृति, रहन-सहन,खान-पान को नजदीक से देखते है और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर रोटरी इन्टरनेशनल ने यह कार्यक्रम बनाया था। इस अवसर पर टीम लीडर मैथ्यु वेईका ने कहा कि दो दिवसीय भ्रमण के रूप में उदयपुर आयें जहां उन्हें रोटेरियन पूर्वाध्यक्ष सीतश जैन के निवास पर ठहराया गया ताकि हम वहां दो देशों के बीच की संस्कृति का आदान-प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि उदयपुर की मेहमान नवाजी को वे व उनकी टीम आजीवन याद रखेंगे। यहां उनकी 4 सदस्यों एलबॉन अपरारेका,जीन ह्यूगो,अन्डामारा मोटा डे अगुलार ने विश्व प्रसिद्ध उदयपुर का भ्रमण कर यहां की सुन्दरता को नजदीक निहारा। यहां के लोग काफी मिलनसार एवं खुशमिजाज है और यहीं उदयपुर को दुनिया के विभिन्न देशों से अलग बनाता है। इस अवसर पर पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी ने कहा कि रोटरी इन्टरनेशनल का यह कार्यक्रम दो देशों को आपस में जोड़ती है। इस कार्यक्रम के तहत उदयपुर से भी कई नॉन रोटेरियन ने विभिन्न देशों की यात्राएं की है। अंत में सचिव एडेवाकेट डॉ. भरत सरूपरिया ने आभार ज्ञापित किया।

# अनिल माथुर को मिला नेपाल भारत मैत्री अंतरराष्ट्रीय सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**लुंबिनी, (नि.स.)।** नेपाल के लुंबिनी में एक अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काव्य क्षेत्र में सक्रिय प्रतिभाओं की सहभागिता में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। नेपाल भारत मैत्री सम्बंध मजबूत बनाने, देवनागरी लिपि के सरंक्षण तथा देश विदेश के कवि, लेखक और साहित्यकारों को काव्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कविता प्रतियोगिता के माध्यम से सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा आयोजित किए गए ऐतिहासिक महत्व की गौरवशाली नेपाल भारत मैत्री अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में सैकड़ों रचनाकारों की सहभागिता रही थी। नेपाल भारत मैत्री सम्बंध पर हिंदी भाषा में काव्य लेखन के लिए बीस लाइन की कविता मांग की गई थी। नेपाल भारत अमेरिका तथा तंजानिया से 312 महिला पुरुष रचनाकारों ने कविता के माध्यम से प्रतियोगिता में सहभागिता व्यक्त की थी। तीन चरण पार कर उत्कृष्ट कविता चयन सूची में 70 रचनाकारों को नेपाल मैत्री अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। चयनित उत्कृष्ट रचनाकारों की कविताओं को साझा काव्य संकलन के रूप में प्रकाशित करने की योजना बनाई गई है। जिससे उत्कृष्ट रचनाकारों की कविता सैकड़ों वर्षों तक पुस्तक का रूप में संग्रहित की जा सके। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर बोलते हुए संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने कहा - नेपाल और भारत का मैत्री सम्बंध युगों प्राचीन रहा है। कुछ वर्षों से राजनीतिक विवाद के कारण से संबंधों में खटास देखी गई है अब हम सभी कवि लेखक और साहित्यकारों को अपनी कविता के माध्यम से नेपाल भारत मैत्री सम्बंध को सुदृढ़ बनाना होगा। ज्ञात हो कि नेपाल की संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल अपने उल्लेखनीय कार्यों के कारण विश्व की एक प्रतिष्ठित बहु क्षेत्रीय संस्था बनने में सफल हुई है। संस्था की ओर से देश विदेश की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हरेक वर्ष विभिन्न कार्यक्रम संचालित होते आए हैं। संस्था की ओर से विश्व में पहली बार विश्व की सबसे बड़ी साहित्यिक परिचय डायरेक्ट्री का प्रकाशन किया जा रहा है। जिसमें देश विदेश के हजार से अधिक कवि, लेखक तथा साहित्यकारों का परिचय प्रकाशित किया जाएगा।

# सरकारी सम्पत्ति पर अवैध अतिक्रमण, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज शर्मा )।** जयपुर जिले की सबसे पुरानी नगरपालिका चाकसू में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण नगरपालिका की स्वयं की सम्पत्ति एवं भूमि अतिक्रमण का शिकार हो रही है अथवा बर्बाद। नगरपालिका क्षेत्र में प्रवेश की चारों दिशाओं में पुराने चुंगी नाका भवन बने हुए थे। चुंगी वसूली बंद होने के बरसों बाद भी इन चुंगी वसूली भवनों के सार-संभाल नहीं होने से भवन जर्जर हो कर गिरने के कगार पर है अथवा लोगों ने अतिक्रमण कर कारोबार शुरू कर रखा है। कस्बे के अंदर पुरानी अनाज मंडी में निर्मित चुंगी नाका भवन मुख्य बाजार में महत्वपूर्ण स्थान पर बना है लेकिन उपयोग नहीं होने के कारण क्षतिग्रस्त होने लगा है। यही हालात निमोडिया रोड़ स्थित चुंगी वसूली भवनों की हो रही है। नगरपालिका कार्यालय के ठीक सामने की तरफ बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के लगवा दक्षिण दिशा में एवं गौरव पथ के लगवा महत्वपूर्ण भूमि पर अवैध कारोबार जारी है। पब्लिक की शिकायतों के बावजूद इस अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा। दलालों के मोहल्ला वार्ड 19 में नगरपालिका ने अतिक्रमण खाली करवाकर नगरपालिका सम्पत्ति का बोर्ड लगा दिया लेकिन उक्त भूमि का समुचित निस्तारण नहीं होने पर दुरूपयोग हो रहा है। जानकार लोगों का मानना है कि नगरपालिका अपनी स्वयं की सम्पत्ति एवं भूमि को चिंहित कर, अतिक्रमण मुक्त कर नियमानुसार निस्तारण करती है तो करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त हो सकता है। सरकार बदलने के साथ ही अनेक निकायों ने सरकारी भूमि को अभियान चलाते हुए अतिक्रमण मुक्त करने का कार्य शुरू कर रखा है, देखने वाली बात यह है कि नगरपालिका प्रशासन कब सक्रिय होता है ?

# राजस्थान के पहले डेडिकेटेड लोट सेंटर लिक्विड सैंक्चुअरी का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राजस्थान के पहले डेडिकेटेड फ्लोट सेंटर 'लिक्विड सैंक्चुअरी उदयपुर' का आज मींरा नगर ब्लॉक-बी स्थित एनआईसीसी ग्राउंड फ्लोर पर शुभारंभ किया गया। इस विशेष अवसर पर इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। पिछले 30 वर्षों से छाबड़ा परिवार के साथ जुड़े डॉ. मुर्डिया ने इस नई पहल के लिए तहे दिल से बधाई दी और इसे शहर के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत बताया, व गर्भवती महिलाओं के लिए भी बहुत फायदेमंद है।

लिक्विड सैंक्चुअरी' सेंटर के सह-संस्थापक जसजीव भसीन और डॉ. दृष्टि छाबड़ा ने बताया कि यह सेंटर फ्लोट (सेंसरी डिप्राइवेशन टैंक) थेरेपी प्रदान करता है, जो विशेष रूप से उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के मरीजों के लिए लाभकारी है। हालांकि, यह थेरेपी निम्न रक्तचाप (लो ब्लड प्रेशर) वाले व्यक्तियों के लिए उपयुक्त नहीं है। डॉ. स्वीटी छाबड़ा एवं डॉ. पूजा छाबड़ा ने बताया कि इस थेरेपी के माध्यम से तनाव, अनिद्रा, मांसपेशियों के दर्द से राहत और मानसिक शांति का अनुभव किया जा सकता है। इस अवसर पर, एनआईसीसी के सफल 23 वर्षों का भी जश्न मनाया गया। एनआईसीसी ने इन वर्षों में ब्यूटी और वेलनेस के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है और अब लिक्विड सैंक्चुअरी' के साथ स्वास्थ्य सेवा में एक नई दिशा की शुरुआत की है।

# ऐश्वर्या कॉलेज के छात्रों ने औद्योगिक किया भ्रमण




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज के बीसीए, बीबीए, एमबीए और एमसीए छात्रों के लिए उदयपुर स्थित आर्कगेट आईटी कंपनी में एक औद्योगिक दौरे का आयोजन किया गया। छात्रों ने सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, क्लाइंट मैनेजमेंट और अन्य विभागों का अवलोकन किया। छात्रों ने कंपनी की कार्यशैली से प्रेरणा ली, जो उनके करियर निर्माण में सहायक साबित होगी। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को आईटी और बिजनेस इंडस्ट्री के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को कंपनी के कार्य संचालन, नवीनतम तकनीकों, और उद्योग के रुझानों की जानकारी दी। इस दौरे में खुश सोनी, युवराज श्रीमाली, हिमेश सुथार, फाल्गुनी, रिमझिम, कुंदन राव, भावेश पालीवाल, दुर्वा शर्मा, भूमिका नागदा, शुभम डांगी, उज्जवल जैन सहित कई छात्र उपस्थित रहे। सभी ने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव बताया। ऐश्वर्या पीजी कॉलेज प्राचार्या डॉ. ऋतु पालीवाल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच से मिलती है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने और चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ करने का संदेश दिया।

# निःशुल्क जाँच ,रोग परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर चाकसू द्वारा किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज शर्मा )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर चाकसू के केशव प्रभात शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा प्रान्त योजना से चल रहे प्रान्त सेवा सप्ताह के निमित्त आज नि:शुल्क जाँच एवं रोग परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन गणेशपुरी धाम मे किया गया।

जिसमें आमजन की नि:शुल्क मधुमेह एवं रक्तचाप की जांचे एवं दवा उपलब्ध करायी गयी। नि:शुल्क दवाओं में पेट दर्द,उल्टी,दस्त,सिर दर्द,जोड़ों के दर्द,कमर दर्द,बुखार,खाँसी,जुखाम,मधुमेह, रक्तचाप आदि रोगों की नि:शुल्क दवाईयां रोगियों को दी गयी। इसके पश्चात अम्बेडकर बस्ती में स्थित कंजर बस्ती, बैरवा बस्ती, गाडियां लुहार, बागरिया बस्ती में मय एम्बुलेंस चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ और संघ के स्वयंसेवकों ने बस्तियों में जाकर उनकी जाँच कर सम्बंधित बीमारी की नि:शुल्क दवा दी गयी। शिविर में मधुमेह एवं रक्तचाप की 78 जांच एवं सामान्य मौसमी बीमारी के 169 लोगो को दवा उपलब्ध करायी गई।

**In The Court Of XIX Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Gwalior**

**Presiding Officer: धीरेन्द्र सिंह परिहार**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु

(MACC/0000516/2023)

चन्द्रप्रकाश......... वादी

VS

आमेराम................प्रतिवादी

**Process Id-/2023 पेशी दिनांक- 06/12/2024**

**प्रेषिती-**

(1) आमयम पिता मोटाराम पता- 202 महालक्ष्णी पैलेस अम्बामाता स्कीम टेगौर नगर पाली राजस्थान(2) विजय गुप्ता पिता श्री नरेन्द्र गुप्ता पता- 202 महालक्ष्मण पैलेस अम्बामाता स्कीम टेगौर नगर पाली राजस्थान

यह कि प्रार्थी चंद्रप्रकाश ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लगे सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख-06 November 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**धीरेन्द्र सिंह परिहार**
**सदस्य उन्नीसवे मोटर**
**दुर्घटना दावा अधिकरण**
**ग्वालियर ( म.प्र. )**

## सम्पादकीय

# ग्रामीण क्षेत्रों को ऋण चक्र के जाल से मिले मुक्ति

भारत के एफएमसीजी क्षेत्र में जुलाई-सितंबर तिमाही में मूल्य के हिसाब से 5.7 प्रतिशत और कारोबार के हिसाब से 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो ग्रामीण क्षेत्रों की मांग की बदौलत संभव हुआ है। कंज्यूमर इंटेलिजेंस फर्म नील्सनआईक्यू ने हाल ही में अपनी तिमाही रिपोर्ट में यह जानकारी दी। लेकिन कई लोगों का मानना है कि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में ऋण का बढ़ता स्तर चिंता का विषय है। कुछ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) ऐसी स्थिति के बावजूद दांव आजमाने की कोशिश करते हुए हालात को और जटिल बना रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 'दबाव देकर दिए जाने वाले ऋण' के बढ़ते मामले पर अब ध्यान देना शुरू किया है। ऐसे ऋणों की मार्केटिंग बेहद आक्रामक तरीके से ऐसे की जाती है कि ऋण लेने वाले इनके दीर्घकालिक वित्तीय परिणामों से वाकिफ नहीं हो पाते हैं। ऋण संकट के मूल कारणों में से एक, देश के ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसरों का अभाव है। आर्थिक वृद्धि का लाभ भी पर्याप्त रूप से रोजगार सृजन में नहीं दिखा है, खासतौर पर गैर-कृषि क्षेत्रों में। ऋण की आसान पहुंच और चौबीस घंटे डिलिवरी सेवाओं के प्रसार से ग्रामीण क्षेत्रों में खपत की स्थिति बढ़ी है। लोगों को गैर-जरूरी वस्तुओं और सेवाओं के वास्ते ऋण लेने के लिए लुभाया जा रहा है जिससे वे और अधिक कर्ज के जंजाल में फंस रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के परिवार, रोजमर्रा की अपनी जरूरतों के लिए भी ऋण की राशि पर निर्भर हो रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आय के स्रोत अनिश्चित हैं और यह मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है। यह अप्रत्याशित मॉनसून, जिंसों की उतार-चढ़ाव वाली कीमतों और बढ़ती इनपुट लागत से भी प्रभावित होती है। कुछ एनबीएफसी इस अंतर का फायदा उठा रहे हैं और रोजमर्रा की खपत के लिए ऋण अधिक ब्याज दरों पर देते हैं। इसमें ऋणों का रॉलओवर चक्र एक अहम हिस्सा है।

इसका सबसे बड़ा संस्थागत उदाहरण फसल ऋण है। सरकार हर वर्ष, किसानों को फसल ऋण का वितरण करने के लिए बैंकों के लिए महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करती है। इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बैंकों पर दबाव होता है जिसके कारण अक्सर ऋणों का वितरण तेजी से यह सुनिश्चित किए बिना ही कर दिया जाता है कि इनका उपयोग उत्पादक तरीके से किया जाएगा या नहीं। इस ऋण का इस्तेमाल उत्पादक कृषि निवेश के लिए किए जाने के बजाय, तत्काल जरूरतों को पूरा करने या पुराने ऋण का भुगतान करने के लिए किया जाता है जिससे ग्रामीण ऋण संकट गहरा जाता है। अब यह प्रथा सामान्य एनबीएफसी के साथ-साथ माइक्रोफाइनैंस से जुड़े लोगों तक फैल गई है। वे ऋण का रॉलओवर कर रहे हैं, जिससे उधारकर्ताओं को और अधिक कर्ज में धकेला जा रहा है। एनबीएफसी ने ग्रामीण क्षेत्रों में औपचारिक बैंकिंग क्षेत्र की सीमित पहुंच के कारण बनी अंतराल जैसी स्थिति को भरने के मकसद से यह कदम बढ़ाया है। हालांकि, उनकी ब्याज दरें अक्सर बैंकों द्वारा लगाए जाने वाली ब्याज दरों से कहीं अधिक होती हैं।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में छोटी पार्टियां कितना कमाल करेंगी?

**उत्तर प्रदेश के बाद देश के सबसे बड़े दूसरे प्रदेश के चुनाव मुकाबले में बीजेपी, कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी के दोनों खेमों के साथ कुल 158 दल मैदान में हैं।इसके अलावा रामदास अठावले की आरपीआई सहित तीन अन्य छोटी पार्टियां शामिल हैं। जबकि, कांग्रेस के अगुवाई वाले महाविकास अघाड़ी में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) के अलावा अन्य कुछ पार्टियों के लिए सीटें छोड़ी गई हैं। इस तरह से दोनों ही गठबंधन जहां सत्ता की लड़ाई लड़ रहे हैं तो छोटी पार्टियां किंगमेकर बनने की जुगत में लगी हैं।**

अशोक भाटिया

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले है व झारखंड के साथ राज्य में चुनाव नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे। विडम्बना यह है कि चुनाव में जब भी पार्टियों के बारे में समाचार लिखे जाते है तब समाचारों की धुरी बड़े दलों के आस-पास ही घूमती नजर आती है जिनका प्रतिनिधत्व अभी लोक सभा में है पर हम छोटे व स्थानीय दलों को भूल जाते है जिनका थोडा बहुत भी प्रभाव कुछ मतदाताओं पर है और जो किसी भी बड़ी पार्टी का खेल बना सकते है और बिगाड़ भी सकते है । महाराष्ट्र चुनाव में बीजेपी 149 सीट पर किस्मत आजमा रही है तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना 81 और अजीत पवार की एनसीपी ने 59 सीटों पर ताल ठोक रखा है। कांग्रेस 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है तो शरद पवार की एनसीपी (एसपी) 86 सीट और उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने 95 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। दूसरी पार्टियां भले ही एक या दो सीटों पर जीत दर्ज करने की ताकत रखती हों, लेकिन महाविकास अघाड़ी और महायुति का खेल बनाने और बिगाड़ने की ताकत तो रखती ही हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कुल 288 विधानसभा सीटों के लिए 4,136 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं।इस बार महायुति और महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों के साथ कुल 158 पार्टियां विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने उतरी हैं, जिसमें राज ठाकरे की मनसे, दलित नेता प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी, असदुद्दीन ओवैसी की, ढ्स्ढ्रू और बसपा जैसी चर्चित पार्टियों समेत करीब 150 छोटी पार्टियां भी किस्मत आजमा रही हैं। इन दलों के अलावा करीब 2,086 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं।

2019 के विधानसभा चुनाव में किसी भी एक दल को बहुमत का आंकड़ा नहीं मिल सका था। बीजेपी, शिवसेना ने मिलकर 161 सीटें जीते थे तो कांग्रेस और एनसीपी 98 सीटें जीतने में सफल रही थीं। इसके अलावा करीब 29 सीटें अन्य को मिली थीं, जिसमें 16 सीटें छोटे दलों ने जीत दर्ज की थीं जबकि 13 सीटों पर निर्दलीय विधायक चुने गए थे। इस तरह महाराष्ट्र में छोटे दलों की भूमिका काफी अहम हो गई, जिसके चलते ही इस बार करीब 150 छोटे दल चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरे हैं। महाराष्ट्र में बसपा सबसे ज्यादा सीटों पर चुनावी किस्मत आजमा रही है। बसपा ने राज्य की 237 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं तो प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी ने 200 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए हैं। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना 125 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी के 26 प्रत्याशी मैदान में हैं। बहुजन रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टी 22 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महाराष्ट्र स्वराज पार्टी ने 32 सीटों पर उम्मीदवार उतार रखे हैं। इसी तरह पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डी) ने 44 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए हैं। प्रहार जनशक्ति पार्टी 38 सीट और राष्ट्रीय समाज पक्ष ने 93 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं तो आरपीआई (ए) 31 और रिपब्लिकन सेना 21 सीट पर चुनाव लड़ रही है। असुदद्दीन ओवैसी की पार्टी




एआईएमआईएम ने कुल 17 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए हैं जबकि समाजवादी पार्टी ने 9 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रखे हैं। उत्तर भारत विकास सेना, पीस पार्टी, टीपू सुल्तान पार्टी, नेताजी कांग्रेस सेना, निर्भय महाराष्ट्र पार्टी, नेशनल वर्ल्ड लीडर पार्टी, राष्ट्रीय उलमा काउंसिल, जय विदर्भ पार्टी और देवेगौड़ा की जेडीएस भी महाराष्ट्र में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कई छोटी पार्टियां बड़े धमाल करने के लिए उतरी हैं। इन पार्टियों का क्षेत्रीय और जातिगत स्तर पर सियासी आधार है, उसी बेस पर चुनाव भी लड़ रही हैं। इन दलों का अपने-अपने इलाकों में अच्छा-खासा प्रभाव माना जाता है। इनके चुनावी मैदान में उतरने से वोटों के बिखराव का खतरा बना हुआ है, जिसका असर महायुति और महा विकास अघाड़ी दोनों को पड़ सकता है। दलित आधार वाले तीन बड़े दल महाराष्ट्र के चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं और तीन ही दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य में 13 फीसदी दलित वोटर हैं, जिसके चलते ही मायावती की बसपा, चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी और प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुनज अघाड़ी ने कैंडिडेट उतारे हैं। बसपा और आजाद समाज पार्टी का भले ही कोई खास सियासी आधार न हो, लेकिन प्रकाश अंबेडकर का अपनी पकड़ है। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में वंचित बहुजन अघाड़ी ने 4 ।57 प्रतिशत वोट हासिल किए थे और कांग्रेस और एनसीपी के उम्मीदवारों का खेल बिगाड़ दिया था, जिसके चलते इस बार मुकाबला रोचक हो गया है। मायावती भी एक अहम फैक्टर है और पुणे व विदर्भ के इलाके में अच्छा खासा प्रभाव रखती है।असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन भी इस बार 17 सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। ओवैसी का आधार मुस्लिम वोटबैंक है। मुस्लिमों के दम पर ओवैसी 2014 और 2019 में दो-दो सीटें जीतने में कामयाब रहे थे। इसीलिए 17 में से 13 मुस्लिम उम्मीदवारों को उतारकर मुस्लिम वोटों में बिखराव का खतरा पैदा कर दिया है।मराठावाड़ा और मुबंई इलाके की मुस्लिम बहुल सीटों पर ओवैसी ने अपने प्रत्याशी उतार रखा है, जिसके चलते औरंगाबाद, मालेगांव, भिवंडी और मुंबई की मुस्लिम बहुल सीटों पर महायुति की सियासी टेंशन बढ़ा दी है। महाराष्ट्र में मुस्लिमों को महायुति का कोर वोटबैंक माना जाता है, जिसके लिए कांग्रेस ओवैसी को बीजेपी की बी-टीम बताने में जुटी है।

महाराष्ट्र में पूर्व सांसद राजू शेट्टी के नेतृत्व वाले इस गठबंधन में स्वाभिमानी पार्टी, संभाजी छत्रपति की छत्रपति महाराष्ट्र स्वराज पार्टी और विधायक बच्चू कडू की प्रहार जनशक्ति शामिल है। राजू शेट्टी का राजनीतिक प्रभाव खास तौर पर हातकंगले, कपूर और अचलपुर में देखने को मिलता है। इन इलाकों में उनकी पकड़ काफी मजबूत मानी जाती है। बटुकू प्रहार अपनी पार्टी प्रहार जनशक्ति के नेतृत्व में चुनावी मैदान में हैं, जिनके उतरने से ओबीसी और किसानों के वोटों में बंटवारे का खतरा बन गया है।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को छोटी पार्टी तो नहीं कहा जा सकता क्योकि उसके प्रमुख राज ठाकरे ने 125 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रखे है। 2009 के चुनाव में राज ठाकरे ने 13 सीटें जीती थीं, जिनमें से 8 सीटें मुंबई की थीं, यह जीत पार्टी के लिए बड़ी कामयाबी थी, लेकिन इसके बाद पार्टी का प्रभाव धीरे-धीरे कम होता गया। 2014 और 2019 में सिर्फ एक ही सीट मनसे जीत सकी थी। इस बार मनसे के उतरे 125 उम्मीदवारों में 25 प्रत्याशी सिर्फ मुंबई इलाके की सीटों पर किस्मत आजमा रहे और बाकी कोंकण और दूसरे इलाके की सीटों पर ताल ठोक रखी है।राज ठाकरे चुनाव में जिस तरह से हिंदुत्व का एजेंडा सेट कर रहे हैं, उसके चलते सबसे बड़ा खतरा शिवसेना के दोनों गुटों के साथ-साथ बीजेपी को भी है। राज ठाकरे ने अपने बेटे को भी इस बार चुनाव में उतारा है और किंगमेकर बनने की कवायद में है। इस बार के विधानसभा चुनाव में एमएनएस पार्टी भी पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। क्या विधानसभा नतीजे के बाद मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे गठबंधन में शामिल होंगे? शुक्रवार को राज ठाकरे ने चुनावी घोषणापत्र जारी की और इस सवाल का जवाब दिया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज धन का व्यय अधिक होगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

**वृष**
सरकार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दुख होगा।

**मिथुन**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**कर्क**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। पेट के रोग सताएंगे।

**सिंह**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**कन्या**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है। पानी वाली जगहों से दूर रहें।

**तुला**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**धनु**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**मकर**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।


**कुंभ**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

**मीन**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ.बजरंग सिंह। इनका जन्म हरियाणा में 10 मई सन 1971 को हुआ। एज्यूकेश्न पीएचडी,बीए (हिन्दी, गणित, अर्थशास्त्र) एमए (इतिहास) से की है। इस समय अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, पाली पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व आयुक्त नगर निगम अलवर भी रहे। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट खैरथल। अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम, जोधपुर उत्तर जोधपुर। अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन आबकारी विभाग, जोधपुर। राजस्व अपील अधिकारी, पाली। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् पाली। सचिव नगर विकास न्यास, पाली। उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, अजमेर। आयुक्त नगर परिषद अजमेर। उपखण्ड अधिकारी माण्डलगढ़ भीलवाड़ा। उपखण्ड अधिकारी, रामगढ अलवर। उपखण्ड अधिकारी, मांगरोल बारां । उपखण्ड अधिकारी, बामनवास सवाई माधोपुर। कार्यक्र म अधिकारी, ईजीएस सीमलवाड़ा डूंगरपुर। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन धौलपुर। एचसीएम रीपा, जयपुर में प्रशिक्षण के तहत रहे। बेहद संवेदनशील अधिकारी के रूप में कार्य किया। जहां भी रहे खुद भी तनावमुक्त रहकर कार्य संपादित किया और अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारियों को भी



डॉ.बजरंग सिंह
( राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी )

तनावमुक्त रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सरल,सहज और शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं डॉ. बजरंग सिंह जी। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 17 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इंग्लैड़ में 680 यहूदियों को 1278 में नकली मुद्रा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और इनमें से 293 को फाँसी पर लटका दिया गया।
- मुग़ल शासक बाबर ने 1525 में भारत को जीतने के मकसद से सिंध के रास्ते पांचवीं बार प्रवेश किया।
- इक्वाडोर और वेनेजुएला 1831 में ग्रेटर कोलंबिया से अलग हुए।
- इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने 1869 में 13 हजार किलोमीटर लंबी पहली साइकिल रेस जीती।
- दस साल के निर्माण कार्य के बाद 1869 में स्वेज नहर को यातायात के लिए खोल दिया गया। यह नहर यूरोप को एशिया से जोड़ता है।
- पूर्व तुर्क सुल्तान महमूद छः को 1922 में इटली में निर्वासित जीवन बिताने के लिए छोड़ दिया गया।
- तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत 1932 में हुई।
- अमेरिका ने 1933 में सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।
- नाजियों ने 1939 में प्राग यूनिवर्सिटी में दाखिल होकर छात्रों को मौत के घाट उतार दिया था। उन बच्चों की याद में 17 नवंबर के दिन इंटरनेशनल स्टूडेंट डे मनाया जाता है।
- भारत की रीता फारिया ने 1966 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। मिस वर्ल्ड बनने वाली वह पहली एशियाई महिला थी।
- सोवियत अंतरिक्ष यान 'लुनाखोद-1' 1970 में चन्द्रतल पर उतरा।
- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 1993 में उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (नाफ्टा) को मंजूरी दी।
- ओसाका में एशिया प्रशांत आर्थिक संघ (एपेक) का सातवां शिखर सम्मेलन 1995 में शुरू।
- अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को 1999 में यूनेस्को ने



स्वीकृति दी।
- रामेश्वर ठाकुर 2004 में उड़ीसा के राज्यपाल बने।
- श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव 2005 में सम्पन्न।
- अमेरिकी सीनेट ने भारत-अमेरिका परमाणु संधि को 2006 में मंजूरी दी।
- टी. एस. ठाकुर को 2009 में उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया।
- मिस्र के मेनफॉल्ट क्षेत्र के समीप 2012 में हुए एक रेल दुर्घटना में कम से कम 50 स्कूली छात्र मारे गये।

### 17 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ श्रीमती सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू का जन्म 1900 में हुआ।
- अमेरिकी चिकित्सक, शरीर विज्ञान या चिकित्सा के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित स्टैनली कोहेन का जन्म 1922 में हुआ।
- अमरीकी फ़िल्मों के प्रसिद्ध एवं बेहतरीन निर्देशक मार्टिन स्कोर्सीस का जन्म 1942 में हुआ।

### 17 नवंबर को हुए निधन

- स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का निधन 1928 में हुआ।
- भारतीय राजनेता और शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का निधन 2012 में हुआ।

## विशेष आलेख

### जीवन के अंतिम पड़ाव में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार

# माता-पिता व बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार अपमान व प्रताड़ित करने वालों पर एस्ट्रोसिटी के समकक्ष कानून बनाने की ज़रूरत

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के सहयोग से देख पढ़ सुन रहे हैं कि दुनियाँ में असंख्य माता पिता वह सीनियर सिटीजन बुजुर्ग व्यक्ति हैं जो अपनी संतान की दुत्कार सह रहे होंगे। आज मॉडर्न सोसाइटी का तर्क देकर माता पिता,बुजुर्गों से दुर्व्यवहार किया जाता है।आज थोड़ी-थोड़ी बात पर माता-पिता बुजुर्गों को कहा जाता है कि चुपचाप बैठो, तुमको क्या समझता है,तुम सठिया गए हो।हालांकि भारत एक आध्यात्मिक माता-पिता का संबंध,बुजुर्गों की सेवा करने के विचारों महान मानवों का देश है। परंतु आज वह केवल उदाहरण बनकर रह गए हैं।प्रैक्टिकली अगर माता-पिता बुजुर्गों के जीवन में झांक कर देखा जाए तो आज की तारीख में उन्हें दुत्कार ही मिलती रहती है। मैंने अपनी गोंदिया राइस सिटी में इसे रिसर्च के तौर पर माता-पिता द्वारा 1 साल के बच्चों की परवरिश पर पूरा एक महीना ध्यान रखा तो देखा वह अपने बच्चों को,माता पिता अपने पलकों पर बैठा कर प्यार करते हुए ए ग्रेड का पालन पोषण कर रहे थे,तो दूसरी तरफ एक परिवार को देखा जिसमें जिसके दोनों बच्चे मुंबई पुणे और विदेश में रह रहे थे और मां लाचार होकर किचन में तो पिता छोटी सी दुकान पर अपनी बुजुर्ग दौर के दिन मेहनत करके काट रहा था।तीसरी जगह देखा तो बच्चे अपने माता-पिता को दुत्कार कर रौब से बात कर रहे थे कि मानो वह उसके माता पिता नहीं उसके घर के नौकर है। यह तीनों ग्राउंड रिपोर्टिंग किस्से देखकर मैं दंग रह गया। यानें बच्चों को हम कितना लाड से पालते पोछते पढ़ाते और लाखों के पैकेज की नौकरी योग्य बनाते हैं कई बार तो उन्हें ढूंढ कर नौकरी भी दिलाते हैं, तो दूसरी ओर वह जाब करने बड़ी सिटियों या विदेश जाकर बस जाते हैं और माता-पिता बुजुर्गों को भूल जाते हैं। अगर बच्चे माता-पिता के साथ भी रहते हैं तो माता पिता बुजुर्गों को नौकर बना कर रखते हैं, जो भारतीय सभ्यता संस्कृति के लिए शर्म की बात है, यह देखकर मुझसे रहा नहीं गया और उस रिसर्च के आधार पर इस आर्टिकल में अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहा हूं, जिसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी का सहयोग भी लिया हूं। माता-पिता बुजुर्गों के सम्मान को रखना, वर्तमान मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटीजंस (अमेंडेड) एक्ट 2019 नाकाफी व अपर्याप्त है। अब वह समय आ गया है कि माता-पिता बुजुर्गों के साथ दुर्व्यहर, बुरा व्यवहार अपमान व प्रताड़ित करने वालों पर एस्ट्रासिटी के समकक्ष कानून बनाने की जरूरत आन पड़ी है,जो संभवत:25 नवंबर 2024 से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र में लाने की ज़रूरत है।



साथियों बात अगर हम सूचीगत जातियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए अनुसूचित जाति व जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 2019 के समक्ष माता-पिता बुजुर्गों के सम्मान के लिए कानून बनाने की करें तो जिस तरह सामाजिक सौहार्दपूर्णता समानता को कायम रखने के लिए एस्ट्रासिटी (अमेंडेड)कानून 2019 बनाया गया है जिसका डर हमेशा उपद्रवी लोगों में बना रहता है या फिर कभी नए फौजदारी अधिनियम 2023 में क्राइम को रोकने अनेक धाराओं का डर लोगों में बना हुआ है उसी तर्ज पर मेरा सुझाव है कि आने वाले 17 वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में माता-पिता बुजुर्गों के साथ होने वाली क्रूरता दुष्टपरिणाम द्रुव्यवहार अपमान व दुत्कार पर लगाम लगाने के लिए माता-पिता वह वरिष्ठ नागरिक (अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार व्यवहार व दुराचार) विधेयक 2024 बनाकर पेश किया जाए जिसे सभी पार्टियों एक मत होकर 544/0 मतदान से पारित करेंगी ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। साथियों बात अगर हम माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण व कल्याण अधिनियम 2019 की करें तो, प्रावधान-धारा 2 डी के तहत इन्हें मिलेगा फायदा,जन्मदाता माता पिता, दत्तक संतान ग्रहण करने वाले, सौतेले माता और पिता धारा 2(जी) उनके लिए जिनके बच्चे नहीं-अधिनियम की ये धारा उनके लिए हैं, ऐसे में उनके भरण पोषण की जिम्मेदारी वे संबंधी उठाएंगे जो उनकी संपत्ति के हकदार हैं।धारा 5 के ये हैं लाभ,वे वरिष्ठ नागरिक जिनकी देखरेख उनके बच्चे या संबंधी नहीं कर रहे है वे एसडीएम कोर्ट (ट्रिब्यूनल) में शिकायत करसकते हैं।

प्रार्थना पत्र चाहे स्वयं दें या फिर किसी एनजीओ के माध्यम से दे सकते हैं। ऐसे मामलों का ट्रिब्यूनल खुद भी संज्ञान ले सकता है।-बच्चों अथवा संबंधियों को नोटिस मिल जाने के बाद 90 दिन के अंदर फैसला हो जाता है। अपवाद की स्थिति में 30 दिन समय बढ़ाया जा सकता है।-माता-पिता चाहें तो अपने सभी पुत्र-पुत्रियों अथवा किसी एक के खिलाफ भी प्रार्थना पत्र दे सकते हैं।अंतरिम गुजारा भत्ता की राशि ट्रिब्यूनल दस हजार रुपये तक तय कर सकता है। न देने पर जेल भी हो सकती है।ट्रिब्यूनल प्रार्थना पत्र को समझौते के लिए नामित अधिकारी के पास भी भेज सकते हैं।देखभाल नहीं की तो नहीं मिलेगी संपत्तिधारा-14- सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता का वाद न्यायालय में लंबित है तो वापस लेकर ट्रिब्यूनल में लगाया जा सकता है।धारा-19-राज्य सरकार प्रत्येक जिले में कम से कम एक ओल्ड एज बनाएगी। इसमे 150 लोग रखे जा सकेंगे।


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

सोलपुर स्टॉक की अनुमति रद्द करने का मामला

# अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ 11 घंटे तक टंकी पर चढ़े पंचायत समिति सदस्य

## ग्रामीणों ने दिया धरना, लिया लिखित में आश्वासन

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** प्रशासन और पुलिस विभाग भले ही बजरी खनन के मामले में नियंत्रण का दावा करें, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। कुछ दिन पहले बजरी खनन के मामले में खनिज विभाग और पुलिस ने नियंत्रण होने का दावा किया था लेकिन गत दिवस की घटना ने प्रशासन की पोल खोल कर रख दी। क्षेत्र में लीज नहीं होने के बावजूद ईसरदा सोलपुर से बड़ी मात्रा में बजरी के अवैध परिवहन को लेकर नाराज पंचायत समिति सदस्य करीब 11 घंटे तक पानी की टंकी पर चढ़ा रहा। जानकारी के अनुसार अल सुबह ही वह टंकी पर चढ़ गया। इसकी सूचना जैसे ही प्रशासन को लगी तो प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए और समझाने का प्रयास किया। लेकिन नहीं माना। शाम 4 बजे जब मांगों पर सहमति बनी, तब युवक टंकी से उतरा। गौरतलब है कि जिले में लीज नहीं होने के बावजूद चौथ का बरवाड़ा तहसील क्षेत्र में हो रहे अवैध बजरी परिवहन को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने ईसरदा-सोलपुर सड़क को जाम कर दिया। वहीं चौथ का बरवाड़ा के पंचायत समिति सदस्य रामभजन विधूड़ी भी पेट्रोल की बोतल लेकर टंकी पर जा चढ़े। इस दौरान प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने समझाइश कर अवैध परिवहन के स्टॉक की परमीशन रद्द करवाकर अन्य मांगों पर भी आश्वासन देकर पंचायत समिति सदस्य को टंकी से उतारा और आंदोलन को समाप्त करवाया। इस बारे में सरपंच पुखराज गुर्जर तथा पूर्व सरपंच सरिता सहित ग्रामीणों ने बताया कि जिले में लीज नहीं होने के बावजूद भी दूसरे जिले का ठेकेदार क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध बजरी का स्टॉक कर अवैध परिवहन कर रहा है। इसके चलते सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। लोगों को भी आने-जाने में जाम के कारण परेशान होना पड़ रहा है। क्षेत्र में लगातार बजरी अवैध परिवहन को लेकर उनकी ओर से प्रशासन को लगातार लिखित एवं मौखिक शिकायत की जा रही थी। लेकिन प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की सुनवाई नहीं होने के कारण शुक्रवार को ग्रामीणों ने आंदोलन शुरू कर ईसरदा-सोलपुर सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीण सुबह 5 बजे से शाम 4 बजे तक जाम लगाकर बैठे रहे। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य रामभजन विधूड़ी हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गया। इस दौरान ग्रामीण 11 घंटे तक लगातार हंगामा करते रहे। सूचना पर शाम करीब 4 बजे तहसीलदार नीरज सिंह, पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण पिंटू सिंह, खनिज अभियंता राजेंद्र भट्ट आदि मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को लिखित में स्टॉक रद्द होने की जानकारी दी। साथ ही प्रशासन ने ग्रामीणों की अन्य मांगों को लेकर लिखित में आश्वासन दिया। इसके बाद पंचायत समिति सदस्य टंकी से नीचे उतरा तथा ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

**स्टॉक किया जब्त :** खनिज अभियंता राजेंद्र भट्ट ने बताया कि लोगों की जो मांग थी। उसको पूरी करते हुए पूरी तरह से स्टॉक की परमीशन को रद्द कर दिया है। आगे से इस क्षेत्र में बजरी का अवैध परिवहन नहीं होगा।



# दीक्षित ने जिला कारागृह का किया मासिक निरीक्षण

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार देवेंद्र दीक्षित अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने शनिवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यवाहक जेलर दाऊदयाल शर्मा मौके पर उपस्थित पाए गए। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कार्यवाहक जेलर दाऊदयाल शर्मा से जिला कारागृह में बंदियों की संख्या, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही कारागृह में प्रवेश करने वाले नए बंदियों की संख्या, बंदियों के संबंधित मुकदमों, संबंधित न्यायालयो आदि के संबंध में जानकारी ली गई। दौराने निरीक्षण कारागृह में कुल 81 बंदी पाए गए । साथ ही प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट कर जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग पीएलवी द्वारा जेल में निरूद्ध बंदीजनों के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी ली । निरीक्षण के दौरान शिकायत पेटी का अवलोकन करने पर बंदियों एवं उनके परिजनों द्वारा कोई भी शिकायत नहीं किया जाना पाया तथा सभी व्यक्तियों के पास कानूनी प्रतिनिधित्व हेतु अधिवक्ता उपलब्ध है, किसी भी बंदीजन को अपने मुकदमे की पैरवी हेतु निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता नहीं है । निरीक्षण के दौरान समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा बंदीजनों को उनके अधिकारों, उनके कल्याण की योजनाओं, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं नालसा पोर्टल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई । इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राधेश्याम जोगी, डॉक्टर उमेश जाटव, कंपाउंडर अशोक मीणा एवं कारागृह स्टाफ उपस्थित रहे ।

# देवली में श्री गुरु नानक देव जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

- जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के साथ गुरुपर्व पर 11 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए
- श्री गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव पर अटूट लंगर प्रसादी वितरण की गई और जमकर आतिशबाजी हुई





बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी ने कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया । इस अवसर पर सर्वप्रथम 11 दिनों तक नगर कीर्तन के साथ प्रभात फेरी शहर भर में निकाली गई। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ो साध संगत शामिल रहे। कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता गोविंद सिंह सेठी ने बताया कि गुरु के प्रकाश उत्सव पर गुरुद्वारा दरबार में श्री अखंड पाठ रखवाया गया। तो वहीं नानक नाम लेवा संगत की महिलाओं द्वारा 11 दिनों तक श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ भी किए गए । जिनकी समाप्ति श्री गुरु नानक देव जी की जयंती पर हुई । इस मौके पर गुरुद्वारा ग्रंथी ने कीर्तन दरबार सजाया और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष सुख समृद्धि की अरदास की।

यहां गुरुद्वारा ग्रंथी त्रिलोक सिंह ने साथ संगत को श्री गुरु नानक देव जी के मार्गदर्शन करवाएं और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गुरु के मार्गदर्शन पर चलने का संदेश दिया। इस उपरांत दोपहर 1.00 बजे से लेकर रात्रि 10.00 बजे तक साध संगत के बीच अटूट लंगर प्रसादी वितरण की गई। गुरु पर्व के उपलक्ष पर बालक बालिकाओं और महिलाओं के बीच दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। गुरु के इस पुण्य कारज में गुरुद्वारा कमेटी प्रधान परमजीत सिंह सुरी उप प्रधान भगवान दास सेठी संरक्षक सुभाष मनचंदा मनजीत सिंह काका कोषाध्यक्ष अमर दास बिलोची डॉ गुरमीत सिंह सेठी प्रितपाल सिंह सलूजा शालू मनचंदा हरिदास बीलोची मोहन लाल बिलोची खुशवीर सिंह आनंद सचिन सचदेवा गोल्डी पंजाबी सोनू पंजाबी सर्वजीत सिंह आनंद लालचंद धर्मानी विनोद धर्मानी परमजीत बीलोची हरीश माधवानी सन्नी माधवानी पीयूष खत्री पंकज रुपेता अशोक बिलोची सहित सैकड़ो गुरु घर के सेवक उपस्थित रहे जिन्होंने गुरु के पुण्य कार्य में बढ़ चढ़कर सेवाएं दी ।

# 49वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आज डिग्गी में

## जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होगें मुख्य अतिथि

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।** मालपुरा उपखण्ड की धार्मिक नगरी डिग्गी स्थित जाट धर्मशाला में अखिल भारतीय श्री टाक क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में 17 नवम्बर रविवार को 49वां वार्षिक विवाह सम्मेलन एवं केन्द्रीय साधारण सभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार टांक डिग्गी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौाधरी व समाजसेवी उमराव सिंह टांक विजयकुमार टांक - बैंकांक होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय अध्यक्ष कंवरलाल टांक करेगें तथा समारोह के विशिष्ट अतिथि उद्योगपति चिरंजीलाल टांक व ताराचन्द टांक किशनगढ़ होगें। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए टांक ने बताया कि 17 नवम्बर रविवार को प्रातः 8 बज्रे तक पंजीयन होने के बाद 9 बजे दीप प्रज्जलवन कर समारोह का शुभारम्भ किया जाएगा। वहीं निवासी 9.15 बजे, स्वागत उद्बोधन 10 बजे, महामंत्री द्वारा प्रगति प्रतिवेदन 10.30 बजे, तोरण वरमाला 11 बजे व पाणिग्रहण संस्कार 11.30 बजे होगें। सामूहिक विवाह सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई। समारोह के सभी कार्यक्रम आयोजन स्थल जाट धर्मशाला में सम्पन्न होगें।

# जल यात्रा के साथ आज से शुरू होगा पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** जयपुर रोड स्थित फलोदी बालाजी मन्दिर में जीर्णोद्वार के माध्यम से बने शिवालय में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारम्भ रविवार को जल यात्रा के साथ होगा। महंत निर्मल दास जी महाराज ने बताया कि महोत्सव का शुभारम्भ पर 17 नवम्बर रविवार को सुबह 8 बजे शास्त्री नगर स्थित शिवालय से जल यात्रा के साथ होगा। इसमें महिलाऐं कलश धारण कर बेण्डबाजो के साथ आयोजन स्थल फलोदी बालाजी मन्दिर पहुंचेगी। जहां प्रतिष्ठाचार्य पं. महेन्द्र शर्मा इन्दोकिया वालो के निर्देशन में 21 नवम्बर तक प्रतिदिन सात विद्धान पण्डितो के दल द्वारा शिव परिवार की प्रतिष्ठा पूर्ण वैदिक रीति के साथ सम्पन्न कराई जाएगी। पं. शर्मा ने बताया कि महोत्सव अवधि के दौरान प्रातःकाल पूजन एवं दोपहर बाद हवन यज्ञ होगा। इसके लिए आयोजन स्थल पर पांच हवन कुण्ड बनाए गए हैं। जिनमें एक मुख्य एवं प्रधान कुण्ड में मूर्ति पुर्ण्याजक परिवार व प्रधान कलश लेने वाले पुर्ण्याजक परिवार हवन करेगें। इसके अलावा चार हवन कुण्डो में चार चार अलग जोड़े हवन करेगें। महोत्ज्सव के अन्तिम दिन 21 नवम्बर गुरूवार को नव निर्मित शिवालय में शिव परिवार की प्रतिमाओं को पूर्ण विघि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिस्थापित किए जाने के साथ ही महोत्सव का समापन होगा। शिव परिवार की प्रतिमा पुण्यार्जक परिवार मालपुरा निवासी रमेशचन्द रामजीलाल विजयवर्गीय बोरा परिवार मालपुरा ने प्राप्त किया है।

# रामायण जी के पाठ का पूर्णाहूति के साथ हुआ समापन

## विशाल भण्डारा आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** गांव पहाडी में नाडी बालाजी महाराज के मंदिर में कार्तिक मास को लेकर सवा माह तक रामायण जी व सुन्दर काण्ड के पाठ का आयोजन हुआ। जिसका समापन शनिवार को विद्वान पंडितों के सानिध्य में कई अनुष्ठानों आयोजन करके पूर्णाहूति के साथ संपन्न किया गया। श्रद्धालु रंगलाल ने बताया कि पूर्णाहूति के साथ महंत दिनेश दास नागा महाराज व विद्वान ब्राह्मणों का सम्मान करके दक्षिणा दी गई। उन्होंने बताया कि सवा माह रामायण जी व सुन्दर काण्ड के पाठ के समापन को लेकर रविवार को महंत दिनेश दास के सानिध्य में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें आस पास के गांवों के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। इस दौरान बालाजी के चोला चढ़ाकर महाआरती की गई। जिसमें श्रद्धालुओं को सैलाब उमड़ पड़ा।

# वीरमदेव चौहान को नहीं भूलेगा समाज

## वीरमदेव चौहान की जयंती मनाई हर्षोल्लास से



बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** गांव पलेई में राजपूत समाज द्वारा वीरमदेव चौहान की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। दशरथसिंह चौहान ने बताया कि पलेई में जुझार जी महाराज के स्थान पर महिलाओं एवं पुरुषों सहित बच्चों ने वीरमदेव चौहान की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उन्होंने बताया कि वीरमदेव चौहान आन बान और शान के लिए मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की और उनके साथ युद्ध किया। उन्होंने अपने प्राण अपनी मातृभूमि पर न्योछावर किए थे। जिनको राजपूत समाज हमेशा याद रखते हुए हर वर्ष उनकी जयंती मनाई जाती है। इस दौरान सबको समाज के साथ ही मिलकर रहने व अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने कि शपथ दिलाई। इस अवसर पर गोविंदसिंह चौहान, गोपालसिंह, भंवर सिंह, दीपेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, जगजीत सिंह, जय सिंह, राजेंद्र सिंह, हितेश सिंह व कन्नू बना सहित राजपूत समाज के कई लोग मौजूद थे।

# निकली श्रीजी की शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में आर्यिका विष्णु प्रभा जी एवं आर्यिका सुरम्य मती माताजी के पावन सानिंध्य में चल रहे इन्द्रध्वजल महामंडल विधान के अन्तिम दिन श्रीजी की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का जुलुस निकाला गया। प्रवक्ता विमल जैन कठमाणा ने बताया कि शनिवार को प्रतिष्ठाचार्य शेल दीदी एवं कनक दीदी के निर्देशन नित्य पूजा व शांतिधारा अभिषेक के बाद विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन हुआ। अंत में श्रीजी को रथ में विराजमान कर जुलुस निकाला गया।

# सचिव गौतम ने त्रिनेत्र बालगृह का किया मासिक निरीक्षण

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने शनिवार को त्रिनेत्र बालगृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान त्रिनेत्र बालगृह के संचालक हरीश उपाध्याय मौके पर उपस्थित पाए गए। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बालगृह संचालक से बालकों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं तथा उनके अध्ययन के लिए नियमित कक्षाओं का आयोजन, उनके कौशल विकास के लिए आयोजित गतिविधियों, बालगृह में बालकों की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरो की उपलब्धता, बालकों की सुरक्षा हेतु बालगृह प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों आदि के बारे में जानकारी ली गई। दौराने निरीक्षण बालगृह में कुल 15 बालक उपस्थित पाए गए तथा बालगृह संचालक द्वारा 14 बालकों का अध्ययन हेतु बाहर विद्यालय में जाना जाहिर किया गया । बालगृह में चिकित्सक द्वारा नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है, साथ ही उनके लिए नियमित कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर अधीक्षक माया शर्मा, गृह प्रबंधक लक्ष्मी मीणा आदि उपस्थित रहे ।

# एक नाली टोपीदार बंदूक के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**निवाई(का.स.)।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि नला रोड पर एक बोलेरो कार में एक व्यक्ति टोपीदार बंदूक लेकर शिकार करने के लिए कैरोद की ओर जा रहा है। सूचना पर सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्रसिंह मय जाप्ता के साथ नला रोड पर स्थित बैरवा छात्रावास के पास पहुंचे और नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान बोलेरो कार आती हुई दिखाई दी। जिसको रूकवाकर चालक से पूछताछ की। गाडी की तलाशी के दौरान कार की सीट के नीचे एक नाली टोपीदार बंदूक मिली। पुलिस ने आरोपी से बंदूक का लाईसेंस मांगा तो उसने लाईसेंस नहीं होना बताया। जिस पर पुलिस ने बंदूक को जप्त करके आरोपी राजन सोलंकी पुत्र चक्कन मोग्या निवासी देवपुरा हाल निवासी जीवली पुलिस थाना दतवास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# जांगिड़ समाज की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में जांगिड़ समाज की तहसील सभा एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रातः 11 बजे तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़ एवं विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। तहसील महामंत्री रामविलास चैनपुरा व प्रवक्ता मनीष जांगीड ने बताया कि बैठक में पूर्व सूचना अनुसार दुकानों को किराए पर देने संबंधित आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अमानत राशि भी जमा की जाएगी साथ ही छात्रावास निर्माण को लेकर ठेकेदार से एस्टीमेट बनवाया जाएगा। मंदिर के शिखर निर्माण पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# ओवरलोड माल से भरे ट्रक कभी भी बन सकते हैं हादसे का सबक

## ट्रैकों में क्षमता से दुगना माल ले जाते हुए ट्रक

बढ़ता राजस्थान





**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे की शिवगंज अनाज मंडी से अनाज की बोरियां भरकर ले जाते ओवरलोड वाहन हादसों का सबब बन रहे हैं। दिन के समय निकलने वाले इन ओवर लोड वाहनों से जाम के हालात भी बन रहे हैं। गौरतलब है कि अनाज मंडी से बोरियों में भरी फसल भारी वाहन ट्रक-ट्रेलरों से दूसरे राज्यों में सप्लाई होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अपनी क्षमता से दुगुनी बोरियां भरकर ले जाते इन वाहनों से बिजली के तार टूटने की पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। एक बार तो तारों से हुई स्पार्किंग से निकली चिंगारी से ट्रक में भरी बोरियों में आग तक लग चुकी है। उसके बावजूद ना तो प्रशासन और ना ही व्यापारी आमजन की समस्या के प्रतिध्यान दे पा रहे हैं। इतना ही नहीं वाहनों के चालक लापरवाह तरीके से माल ढो रहे हैं। ट्रैक्टर ट्रालिया वाले तो ओवरलोड माल भरकर ट्रैक्टर को मेंन मार्केट से बहुत ही तेज स्पीड से ले जाते हैं एक ट्रक में तो ट्रक के पीछे ट्रक का डाला दल एक तरफ से छोटी सी सांकल से अटका हुआ है। और दूसरी साइड से डाला खुला हुआ है। ट्रकों का डाला सड़क के गड्डों में आकर टूट जाए और बोरियां सड़क पर गिर जाए तो पीछे चल रहे पैदल और बाइको पर चल रहे राहगीरों को अपनी जान तक गंवानी पड़ सकती है। लोगों ने दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए नो एंट्री नियम लागू करने की मांग की है। जिसके तहत सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक बाजारों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जानी चाहिए। हालांकि बाजारों मे ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने के लिए डिप्टी एसपी कृष्णराज ने पहल की है, लेकिन व्यापारियों का उचित सहयोग नहीं मिला।

# सोधर्म इन्द्र सहित सभी इन्द्रो के साथ बग्गीयो में बैठकर शोभा यात्रा(जुलूस) धूमधाम से निकली

## दिगम्बर जैन संतो की आहार पद्धति पूर्णत : वैज्ञानिक है शाश्वत सागर जी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (नि.स.)।** नवम्बर अष्टानिका महापर्व व श्री इन्द्रध्वज महामण्डल विधान के आठवे दिन नसिया जी जैन मंदिर दादाबाड़ी कोटा में पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य चतुर्थ कालीन चर्या धारक मुनि श्री 108 शाश्वत सागर जी महाराज का आज के अवसर पर प्रवचन में कहा कि इन्द्रि?यों के सुख क्षणिक है संसार के सभी सुख के साथ दुख भी है सभी सुख -दुख पुण्य पाप के अधीन है आपका पुण्य नहीं होगा तो आप सुख नहीं भोग सकते है कर्तव्य के साथ अधिकार अपने आप मिलते है सज्जन लोग कर्तव्य पहले करते हैं छः आवश्यक पालना आपका कत्तर्व्य है दिगम्बर जैन संतो की आहार पद्धति पूर्णत- वैज्ञानिक है और महिलाए संत के लिए आहार बनाती है तो पुण्य का आश्रव करती है लेकिन वर्तमान में ऐसा देखने में नहीं आ रहा है आज महिलाओं में लज्जा कम होती जा रही है तो महिलाओं का सम्मान भी कम होता जा रहा है स्वर्ग के मोक्ष के रास्ते बहुत कठिन है मंजिल तक पहुंचते- पहुंचते भी जीव भटक जाता है लेकिन पाप कार्य में डूबता है तो नरक के द्वार पर पहुंचने पर भटकता नहीं है उसे नरक होगा ही परन्तु अच्छे कार्यों में सावधानी की जरूरत है 'भोजन करना मां से चाहे जहर हो, सलाह लेना भाई से चाहे बेर हो, साथ में चलना राह में चाहे देर हो ' में उक्तिया निती वाक्य है इनका पालन करना चाहिए जब आद?मी प्रसन्न रखता है तो उसका स्वभाव अलग होता है और जब दुखी रहता है तो उसका स्वभाव अलग होता है अपनी आत्मा में अनन्त सुख है और तुम दुसरों में सुख ढुंढ़ रहे हो पुण्य केवल धर्म बढ़ाने के लिए ही इकट्ठा करना है संसारिक सुखों को चाहने के लिए कभी पुण्य नहीं करना चाहिए अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर शान्तिधारा व भक्तामर विधान विवेक जी ठोरा परिवार राजेन्द्र जी हुकम काका परिवार महावीर जी सिद्धार्थ मित्तल परिवार, द्वारा की गई महाराज श्री को हरसोरा परिवार ने शास्त्र भेट किया। संयोजक धर्मचन्द धनोप्या ने बताया कि आज 108 इन्द्र-इंद्राणियों के द्वारा श्री इंद्रध्वज महामंडल, विधान पूजा के बाद में सभी ने हवन किया बाद में परम108 पूज्य गुरुदेव शाश्वत सागर जी महाराज के सानिध्य में सोधर्म इन्द्र सभी इन्द्रो के साथ बग्गीयो में बैठकर शोभा यात्रा(जुलूस) धूमधाम से समाजजनो के साथ दादाबाड़ी घुमकर नसियाजी मंदीरमें आया ।

प्रशासनिक मंत्री अर्चना जैन (रानी) सर्राफ ने बताया कल रविवार को परम पूज्य आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज का 52 वा आचार्य पदारोहण दिवस परम पूज्य शाश्वत सागर जी महाराज के सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सुशोभित अष्ट द्रव्यों से संगीत मय भक्ति के साथ सभी महिला मंडलों के द्वारा पूजा अर्चना करने का एवं तत्पश्चात परम पूज्य शाश्वत सागर जी महाराज के अमृतमय वाणी के माध्यम से प्रवचन के लाभ का महा सौभाग्य प्राप्त होगा ।



# नियम विरुद्ध वाहनों पर लगी नंबर प्लेटों को लेकर डीएसपी एक्शन मोड में, सब्जी मंडी में बिना नंबरी खड़ी बोलेरो गाड़ी को किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ बयाना )( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना डिप्टी एसपी कृष्ण राज वाहनों पर नियमों के विपरीत लगी नंबर प्लेटों को लेकर एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। डिप्टी एसपी कृष्ण राज ने शनिवार सुबह कस्बे की सब्जी मंडी में बिना नंबर प्लेट लगी खड़ी एक बोलेरो के खिलाफ कार्रवाई की। सीओ की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फिलहाल बोलेरो को मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 207 के तहत जब्त किया है।

कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल सोरन सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10-30 बजे का कृष्णा राज रूटीन चेकिंग के लिए शहर की सब्जी मंडी की तरफ पहुंचे थे। जहां उन्हें बिना नंबरी एक बोलेरो खड़ी मिली सीओ ने बोलेरो में सवार युवकों से पूछताछ की तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। हैड कांस्टेबल ने बताया कि सीओ साहब की सूचना पर वे मौके पर पहुंचे थे। बोलेरो चालक रुदावल थाना इलाके के गांव वैदपुरा निवासी बबलू गुर्जर पुत्र राम सहाय ने बताया कि वह गाड़ी को मैकेनिक के यहां नंबर प्लेट लगवाने आया था। लेकिन उससे पहले घर के लिए सब्जी खरीदने मंडी आ गया। फिलहाल बोलेरो को 207 एमवी एक्ट में जब्त किया गया है। डिप्टी एसपी ने बताया कि नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगाने वालों, नंबर प्लेट पर जाति सूचक शब्द लिखने वालों और बाइकों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह भी शुरू किया जाएगा। जिसके तहत लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने और सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जाएगा। डिप्टी एसपी ने बताया कि अधिकतर सड़क हादसे यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होते हैं। पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकता भी सड़क हादसों में कमी मिलने की है।

## मोडिफाइड साइलेंसर बाइकों पर भी होगी कार्रवाई



# कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर श्री आर्य महिला विद्यापीठ मेगा हाईवे स्थित श्री बांके बिहारी नगर में कॉलोनी वासियों की ओर से भव् मंदिर का निर्माण कराकर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पंडित मुकुट बिहारी शास्त्री मुंदरी वालों की के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार 16 नवंबर को विशाल कलश यात्रा के साथ प्रतिमाओं ने नगर भ्रमण किया। पारवाले हनुमान मंदिर से कलश यात्रा के साथ हिंडौनसडक मार्ग, कानूनगो मोहल्ला ,पुरानी अनाज मंडी, सराफा, बजाजा, नगर पालिका मार्केट, कटरा बाजार, सपाट होते हुए राजा मंडी ,ठाकुर गणेश मंदिर होते हुए गंतव्य पर पहुंची। महिलाएं भक्ति में संगीत के साथ कलश धारण किए हुए चल रही थी समस्त रास्ते में कस्बे के नागरिकों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया।

अनुष्ठान के साथ 20 नवंबर को प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी।

# केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति के सामुदायिक भवन में दीपावली स्नेह मिलन व गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (नि.स.)।** केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह छाबड़ा की अध्यक्षता में महासमिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में दीपावली स्नेह मिलन व गुरू नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व में ठेकेदार रमजान अली व सोहन मेडतिया द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। महासमिति प्रवक्ता शौकत अली लोहिया ने बताया कि केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि दीपावली स्नेह मिलन व गुरू नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व कार्यक्रम में विक्रम सिंह आर्य द्वारा द्वीप प्रज्वलन के बाद गायत्री मंत्र व सर्वधर्म प्रार्थना की गई। महासमिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह छाबड़ा ने संस्थान के कार्य प्रतिवेदन के साथ गुरू नानक देव जी के सन् 1510 में आगमन के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया गया। सूरसागर इमाम मौलाना अब्दुल खालिद द्वारा सर्वधर्म मानव सेवा, गुरूदयाल सिंह नामधारी द्वारा गुरू नानक देव जी के जीवन, ज्ञानी कुलदीप सिंह, तेजेन्द्र सिंह, मनिन्दर सिंह भाटिया व साथी जपिष द्वारा शब्द संगत भजन गायन प्रस्तुत किया गया। दीपावली स्नेह मिलन पर चेयरमेन महेन्द्र पाल सिंह छाबड़ा, गोपीकृष्ण सोनी, अशोक शर्मा, अवतार सिंह गागा, मनीष लाम्बा व पठान खान ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आयुषवेद वेलनेस के कमलेश त्रिवेदी द्वारा मोरिंगा हेल्थ ज्यूस व हाउस ऑफ वेदा के गणेश चौहान द्वारा आंवला ग्रीन टी के गुणों व डॉ. एस.के. पुरोहित द्वारा चर्म रोग केयर के बारे में जानकारी दी गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग संयुक्त निदेशक मनमीत सोलंकी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पंवार ने भागीदारी निभाते हुए महासमिति की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मांगीलाल रावत, अशोक कुमार ओस्ताल, जबर सिंह सांखला, नन्दकिशोर व्यास, राजेन्द्र माथुर, प्रहलाद राम गोयल, संदीप चौधरी, प्रहलाद सिंह गर्ग, बाबुलाल वैष्णव, अब्दुल गनी, हरीराम, रेखा परिहार, विमला, अरूणा, खेमसिंह भाटी, परसराम चौधरी, जगत किशोर परिहार, ब्रह्म सिंह चौहान, प्रेमसिंह कच्छवाहा, मोहन सिंह सोढ़ी आदि ने अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन त्रिलोक राम चौधरी ने किया।

# एक पेड़ माँ के नाम,प्रांगण की साफ सफाई की छात्राओं ने

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/वैर (नि.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर की उप प्रधानाचार्य श्रीमती अर्पणा शर्मा की देखरेख में नेहरू युवा केंद्र भरतपुर के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया जिसके अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई तथा निबंध, विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई, नारा लेखन, पेड़ों में पानी देना, नए पौधों का रोपण, चित्रकला आदि गतिविधियों आयोजित की गई।

# अवैध पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार, हरसौरा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही,पुलिस जुटी जाँच में

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** वृत्त क्षेत्र के थाना हरसौरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक अवैध पिस्टल के साथ रामनिवास उर्फ़ रामू पुत्र लच्छाराम जाती गुर्जर आयु 27साल निवासी झुंथा की ढाणी(खेड़ा)तन मोरोड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर अजयपाल लाम्बा कोटपूतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के आदेशानुसार अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। कोटपूतली बहरोड़ जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन वृतांधिकारी राजेन्द्र बुरडक के निर्देशन में हरसौरा थानाधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए गाँव मोरोड़ी के विशाल सीटी के पास जंगल से मुल्ज़िम रामनिवास को एक अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा मुल्ज़िम रामनिवास से गहनता से पूछताछ कर रही है कि यह पिस्टल कहाँ से ख़रीदा और खरीदने का परपज क्या था। टीम में थानाधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक उपनिरीक्षक रामजस, हैडकांस्टेबल धर्मपाल, कांस्टेबल रवि कुमार, कंवर सिंह, अमर चन्द व चालक दिनेश कुमार शामिल रहे।




# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 3 दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयान( सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य को लेकर पोषण भी पढाई भी थीम पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शहर के एक निजी मैरिज होम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सीडीपीओ जितेंद्र जिंदल ने बताया कि 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यकाल एवं 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ीकरण करने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्यकर्ताओं को नव चेतना एवं आधारशिला की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। सभी कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन उपस्थिति रजिस्ट्रेशन, प्री-टेस्ट, पोस्ट टेस्ट भी करवाकर प्रोजेक्ट के माध्यम से समझाया गया।

सीडीपीओ जिंदल ने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बातों को अपने-अपने केन्द्रों पर लागू करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं में खून की कमी एवं प्री-स्कूल शिक्षा की जानकारी दी। इस दौरान सुपरवाइजर मिथलेश शर्मा, माधवी शर्मा, रुक्मिणी, मंजू धाकड़, सतेंद्र तिवारी, जयगोविंद शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रंजन शर्मा, गीता देवी आदि मौजूद रहीं।

# राष्ट्रीय पत्रकार दिवस पर पत्रकारों का अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राष्ट्रीय पत्रकार दिवस के अवसर पर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर वीरेंद्र शर्मा ने की नर्सिंग ऑफिसर चंद्रशेखर पाण्डेय् के संयोजन में आयोजित सॉन्ग गोष्ठी में वर्तमान हालत में पत्रकारों की भूमिका एवं उसके परिणाम पर विचार व्यक्त किए गए वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया अपने आप में अपनी अलग पहचान रखता है। किसी भी प्रकार से आमजन की समस्याएं सभी के सामने आए इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा,,जन-जन की समस्या किस हद तक किस विभाग की कमी से या किसी व्यक्ति विशेष की कमी से उत्पन्न हुई है इसके लिए हम सभी को विचार करना होगा, पूर्व एवं वर्तमान का सामंजस्य बिठाया जाता है तो हम आमजन की समस्या हल करने में सार्थक होते हैं इस अवसर पर डॉक्टर राकेश गुप्ता डॉ वीरेंद्र शर्मा दो हजारीलाल नर्सिंग ऑफिसर चंद्रशेखर पाण्डेय्, डीईओ अनिल कुमार सहित पत्रकार हरिदेव कटारिया, मोहन जोशी, सुभम सिघल, कपिल मित्तल उपस्थित रहे!

# लेट लतीफी के कारण अंडरपास नहीं बना : कभी भी हो सकता है बहुत बड़ा जन हादसा, जिम्मेदार कोन बड़ा सवाल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** 3 साल पहले स्वीकृत हुए अंडरपास निर्माण में लेट लतीफी की वजह से कस्बे से सटे गांव नगला शीशों के ग्रामीणों बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव और बयाना कस्बे के बीच मात्र रेलवे लाइन का फर्क है। रोजमर्रा के कामों के लिए ग्रामीणों को रेलवे लाइन क्रॉस कर कस्बे में आना जाना पड़ता है। आजादी के करीब 8 दशकों के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिये तरस रहा है। ऐसा ही एक नजारा शुक्रवार दोपहर को देखने को मिला। जहां लाइन के दूसरी तरफ रहने वाले प्राइवेट डेंटिस्ट तुलसीराम सैनी के निधन पर गांव के मोक्ष धाम तक उनकी शव यात्रा निकाली गई। शव यात्रा में शामिल लोग अर्थी को कंधों पर उठाए रेलवे ट्रैक पार करते नजर आए। मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बावजूद ऐसे नजारे सोचनीय हैं। स्थानीय निवासी रामकिशन सैनी ने बताया कि ग्रामीणों के लंबे संघर्ष के बाद करीब 3 साल पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने रेलवे लाइन पार करने के लिए ग्रामीणों की सुविधा के लिए 12 करोड़ की राशि से अंडर पास निर्माण स्वीकृत किया था। बजट घोषणा बाद प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई। रेल प्रशासन की डिमांड पर राज्य सरकार ने 22 लाख रूपये की राशि ट्रांसफर कर दी। लेकिन उसके बाद राज्य सरकार बदलने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। फिलहाल अंडरपास निर्माण रेल प्रशासन और राज्य सरकार के बीच आपसी तालमेल के अभाव में अटका हुआ है।

ग्रामीण ख्यालीराम सैनी, हेमंत सिंह, रवि सैनी, सुनील सैनी आदि ने बताया कि परेशानियों की सारी सीमाएं उस समय सब्र का बांध तोड़ देती हैं जब गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों और दर्द से करती प्रसूता महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए घाट पर लिटाकर निकलते हैं।

# घर के बाहर से 30 लाख रुपए का ट्रक चोरी : टोल से पता चला चोर फरीदाबाद लेकर भागा, सीसीटीवी फुटेज खंगाले

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र के सामोला चौक के पास घर के बाहर से 30 लाख रुपए का ट्रक चोरी हो गया। चोर फरीदाबाद से आगे ट्रक को ले गया, जिसका फास्टटैग से टोल शुल्क कटा तो सीसीटीवी कैमरे में ट्रक नजर आया है। अभी तक चोर और ट्रक का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। ट्रक मालिक अरसद ने बताया- 30 अक्टूबर को अलवर के सामोला चौक पर ट्रक खड़ा किया था। 5 नवंबर की रात ट्रक चोरी हो गया। अगले दिन सुबह ट्रक नहीं मिला। इसके बाद आस-पास पड़ताल की। जब टोल टैक्स कटने लगा तब पता चला कि ट्रक फरीदाबाद से आगे जा चुका है। टोल के आस-पास के सीसीटीवी देखे गए, जिससे पता चला कि चोर ट्रक को फरीदाबाद से आगे ले गए। उसके बाद पुलिस को रिपोर्ट दी। ट्रक नम्बर ऋछ02तक्ष8924 है। ट्रक सामोला चौक पर जमील के घर के सामने से चोरी हुआ है।

# बूंदी महोत्सव अन्तर्गत आयोजित होने वाले दीपदान व आतिशबाजी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर अक्षय गोदारा ने नवल सागर का दौरा किया



बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( नि.स. )।** बूंदी में आगामी 18 से 20 नवंबर को बूंदी महोत्सव अन्तर्गत आयोजित होने वाले दीपदान व आतिशबाजी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने नवल सागर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दीपदान व आतिशबाजी की व्यवस्थाएं के संबंध में आवश्यक जानकारी ली और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि 18 और 19 नवंबर को नवल सागर झील में बूंदी महोत्सव के तहत दीपदान होगा। इसके लिए झील के सभी घाट को साफ सुथरा रखा जाए। साथ ही नवल सागर झील के किनारे साफ सफाई रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि झील के किनारे रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रहे। साथ ही आयोजन के दौरान बैठक व पार्किंग सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं सही रहे। साथ कार्यक्रम स्थल को समतल करें तथा सुरक्षा व्यवस्था के माकूल प्रबंध किए जाए। उन्होंने दीपदान कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से एसडीआरएफ टीम तैनात करने के निर्देश दिए। दीपदान कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की अधिकाधिक जन सहभागिता की जाये। उन्होंने मंच व्यवस्था एवं आतिशबाजी लोकेशन के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही कार्य स्थल की क्षतिग्रस्त सड़कों का पेचवर्क करने के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर , मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी बूंदी एचडी सिंह, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर, अधिशाषी अभियंता अरूणेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सजेगी बांके बिहारी की झांकी, 56 तरकारी का लगेगा भोग

## आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था एवं प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था का 28वां अन्नकूट आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था एवं प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था द्वारा रविवार को शाम 6 बजे से रीको सामुदायिक भवन इन्द्र विहार पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष हुकम मंगल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में भगवान बांके बिहारी की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। भगवान को 56 प्रकार की तरकारी तथा 15 प्रकार के फलों से भोग लगेगा। बांके बिहारी की महाआरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं छात्र छात्राओं के द्वारा भी धार्मिक और राष्ट्रीय भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। महेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर आईएएस, आरएएस, मेडिकल में चयनित छात्रों समेत भामाशाह, वरिष्ठजनों तथा मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। ललित चित्तौड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला, विधायक संदीप शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। घनश्याम गोयल ने बताया कि इस दौरान अग्रवाल और वैश्य समाज के 18 घटक उपस्थित रहेंगे। शहर को 26 भागों में बांटकर घर घर पीले चावल से आमंत्रित किया गया है।

# अंतर संभागीय सिविल सेवा चयन प्रतियोगिता

## दूसरे दिन बैडमिंटन, कबड्डी, क्रिकेट की हुई प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** अंतर संभागीय सिविल सेवा चयन प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को बैडमिंटन, कबड्डी (महिला, पुरुष), क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला खेल अधिकारी मधु चौहान ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का चयन शिक्षा विभाग के शारीरिक शिक्षकों द्वारा किया गया। क्रिकेट, कबड्डी का आयोजन जे.के. पवेलियन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन सिंघानिया बैडमिंटन हॉल में किया गया। इसी के साथ दो दिवसीय अंतर संभागीय सिविल सेवा प्रतियोगिता का चयन ट्रायल सम्पन्न किया गया।

# आरपीएफ द्वारा 'ऑपरेशन मेरी सहेली' के तहत 38,118 महिला यात्रियों की मदद की

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है। इस पहल का नाम है 'ऑपरेशन मेरी सहेली', जिसका उद्देश्य महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करना और उन्हें किसी भी प्रकार के संकट से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाना है।

**ऑपरेशन मेरी सहेली का उद्देश्य :** 'ऑपरेशन मेरी सहेली' का मुख्य उद्देश्य महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं, ताकि महिला यात्री यात्रा के दौरान आत्मविश्वास और सुरक्षा महसूस करें। इसके अतिरिक्त, आरपीएफ ने महिला यात्रियों को सुरक्षा उपायों और जागरूकता के बारे में भी जानकारी दी है, ताकि उन्हें किसी भी संकट की स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। आरपीएफ की यह पहल रेलवे नेटवर्क पर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और विश्वासपूर्ण यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए है, जिसमें महिला यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या, हिंसा, या आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

**ऑपरेशन मेरी सहेली की उपलब्धियाँ :** 'ऑपरेशन मेरी सहेली' के तहत आरपीएफ, पश्चिम मध्य रेल द्वारा वर्ष 2024 में अब तक 38,118 महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के लिए सहायता प्रदान करते हुए उन्हें उनके गंतव्य तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने में मदद की गई की गई।

# विधानसभा में कितनी भी कटुता हो जाए पर स्थाई दुश्मनी नहीं होती : शिक्षा मंत्री दिलावर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने कहा है कि विधानसभा में वाद-विवाद के दौरान कितनी भी कटुता हो जाए पर स्थाई दुश्मनी नहीं होती। बाहर निकलते ही सब एक होते हैं और साथ चाय पीते है।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री आज यहां अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी के खैराबाद में स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम को संबोधित कररहे थे। नेता प्रतिपक्ष से परिचय लेते हुए शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।विपक्ष के रूप में सकारात्मक भूमिका निभाना, नकारात्मकता उचित नहीं। शिक्षा मंत्री की सलाह पर नेता प्रतिपक्ष ने सहमति जताते हुए कहा कि यस सर... ।युवा संसद के प्रारंभ होने से पूर्व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पंडाल में उपस्थित सभी सदस्य को नसीहत दी कि बीच में ना तो कोई ताली बजाएगा, ना ही किसी प्रकार की बातचीत या आवाज करेगा। सभी अपने मोबाइल पूरी तरह बंद रखेंगे। पत्रकार भी बार-बार उठकर व्यवधान नहीं करेंगे। संसद के प्रतीकात्मक रूप में यह आयोजन हो रहा है। इसलिए इसकी गरिमा का पूरा ध्यान सभी रखेंगे। जब युवा संसद के प्रारंभ में दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी तो। शिक्षा मंत्री भी दो मिनिट तक मौन खड़े रहे।

श्री दिलावर ने कहा राज्य की भलाई के लिए हम विधानसभा में प्रश्न पूछते है और सत्ता पक्ष के मंत्री गण जवाब देते है। आप जो कर रहे थे ये अभिनय था परन्तु वहां अभिनय नहीं होता।वहां वास्तविक मुद्दे होते है।जिनका समाधान हम सत्तापक्ष से चाहते है। परन्तु कभी-कभी जानबूझकर ऐसे प्रश्न उठाए जाते है जिनका वास्तविक समस्याओं से कोई सरोकार नहीं होता है।सिर्फ छवि धूमिल करने के लिए होते है। ऐसे नकारात्मक सोच के कारण विवाद होता है। विपक्ष को इस तरह की सोच को जनहित में त्यागना होगा। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने बच्चों को लोकसभा देखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वो लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिरला से आग्रह करेंगे कि आप सब को लोकसभा दिखाए। इस अवसर मंत्री ने शानदार प्रदर्शन के लिए शिक्षा मंत्री बनी बालिका अवनी जैन, विपक्षी संसद बनी राधिका व लोकसभा स्पीकर सुश्री देवश्री हाडा का सम्मान किया।



# जिनवाणी समयसार ग्रंथ को भव्य जुलुस के साथ जैन मंदिर में किया स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** शहर के सदर बाजार लुहार गली में सेठीया परिवार द्वारा जिनवाणी को सकल जैन समाज महिला मंडल जयघोष व गाजे बाजे की साथ नृत्य करते हुए भव्य जुलुस की साथ सदर बाजार चौमुखा बाजार चौगान जैन मंदिर के दर्शन करते हुए लंका गेट, जैन दादा बाडी होते हुए जिनवाणी को मधुबन कॉलोनी मुनि सुव्रतनाथ जैन मंदिर में रखा गया। जुलुस में नन्हे मुन्ने बच्चे जैन धर्म की प्रभावना वाली तख्तियां ले कर चल रहें थे। जैन समाज की महिलाएं बैंड बजती हुई जुलूस में चार चांद लग रही थी। पारसनाथ चौगान जैन मंदिर में मंडल विधान किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान कपूर चंद सेठिया अपने सर पर जिनवाणी समयसार ग्रंथ को रखकर जुलूस में चल रहे थे इस दोरान उनके साथ बून्दी विधायक हरिमोहन शर्मा, पूर्व सरपंच बिरधी चंद छाबड़ा, एडवोकेट देवराज गोचर,बगेरवाल समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र हरसोरा, एडवोकेट दिनेश पारीक, नरेंद्र जैन, नरेश जैन, सुरेश जैन, अशोक खटोड, विनय सक्सेना, फणीभुषण सुरलाया , एडवोकेट भुपेन्द्र सहाय सक्सेना ,प्रमोद कासलीवाल, विकलांग संगठन के अध्यक्ष हेमराज मीणा सहित कई पुरुष व महिलायें उपस्थित रहें, साथ ही बाहर से आए जैन समाज गणमान्य नागरिकों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की, अंत में कपुर चंद सेटिया ने सभी को धन्यवाद दिया।



# जल ग्रहण परियोजना से शैक्षणिक भ्रमण दल रवाना



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत पंचायत समिति सांगोद से पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दल शनिवार को रवाना हुआ। भ्रमण दल में जिला प्रमुख, जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य, सरपंच एवं किसान समेत 40 सदस्य गए हैं। सदस्य राजसमंद जिले के पिपलात्रि जल ग्रहण के साथ उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ एवं सिरोही में संपादित जल ग्रहण परियोजना के तहत उत्कृष्ट कार्यों का अवलोकन एवं अध्ययन करेंगे तथा क्षेत्र में हुए नवाचारों के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से विचार-विमर्श करेंगे। जल ग्रहण परियोजना के तहत के भ्रमण दल अन्य पंचायत समितियां से भी लगातार 20 दिसंबर तक भ्रमण पर जाएंगे।

# सीईएससी राजस्थान ने स्थानीय राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से की युवाओं की भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** आरपीएसजी समूह की कम्पनी सीईएससी राजस्थान (केईडीएल, बीकेईएसएल व बीईएसएल) ने राज्य के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज और राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से कैम्पस प्लेसमेंट के माध्यम से स्थानीय इंजीनियरों की भर्ती की काम पूरा कर लिया है। इस साल 85 इंजीनियरों की भर्ती की गई है। सीईएससी राजस्थान के वाइस प्रेसीडेंट (एचआर) अरूणाभा साहा ने बताया कि कम्पनी कोटा, बीकानेर व भरतपुर में बेहतर विद्युत आपूर्ति के साथ ही अपनी पॉलिसी के तहत स्थानीय युवाओं को नौकरी देने को प्राथमिकता दे रही है। इस साल कोटा तकनीकी विश्वविद्यालय, भरतपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, जोधपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, उदयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज (सीटीएई), बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज, अजमेर इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेजों के 200 से अधिक छात्रों ने कम्पनी में आवेदन किया था। कम्पनी की पॉलिसी के तहत भर्ती के लिए योग्यता का मापदण्ड 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाना तय किया गया, इसी आधार पर छात्रों की सूची बनाई गई। भर्ती में प्रकिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए कम्पनी ने स्वतंत्र भर्ती समिति बनाई थी। साहा ने बताया कि कम्पनी की पॉलिसी के तहत योग्य छात्रों की पहले लिखित परीक्षा हुई और इसमें सफल रहे छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। इसमें सफल रहे युवा इंजीनियरों को केईडीएल (कोटा), बीकेईएसएल (बीकानेर) और बीईएसएल (भरतपुर) में नियुक्तियां दे दी गई है। इन युवाओं को आरपीएसजी समूह की विभिन्न कम्पनियों में भी काम करने का मौका मिलेगा। ये सभी युवा राजस्थान के निवासी हैं। पहले भी कोटा इंजीनियरिंग कॉलेज से 25 स्नातक इंजीनियरों व राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से 25 डिप्लोमा इंजीनियरों की भर्ती की जा चुकी है और ये सीईएससी राजस्थान की कम्पनी केईडीएल (कोटा), बीकेईएसएल (बीकानेर), बीईएसएल (भरतपुर) व अन्य कम्पनियों में कार्यरत है।

## नीट-2024 काउंसलिंग

# एमसीसी ने जारी किया स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड शेड्युल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** नीट काउंसलिंग के तहत एमसीसी ने आल इंडिया काउंसलिंग के स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड का शेड्युल शनिवार को जारी कर दिया। इसके साथ ही स्टेट काउंसलिंग की भी काउंसलिंग राउंड की समय सीमा घोषित कर दी। शनिवार दोपहर को ऑफिसियल वेबसाइट पर स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड का शेड्युल जारी कर दिया है साथ ही मे स्टेट काउंसलिंग अथॉरिटी के लिए भी इसी प्रकार से काउंसलिंग राउंड की समय सीमा घोषित कर दी है। एलन एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि एमसीसी तथा स्टेट काउंसलिंग के स्ट्रे वेकन्सी राउंड पूर्ण होने के पश्चात भी कई मेडिकल डेंटल तथा नर्सिंग कॉलेजों मे सीटें रिक्त रह गई थी। इन्ही सीट्स को भरने के लिए उपरोक्त स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड काउंसलिंग करवाया जा रहा है। सभी स्टेट काउंसलिंग अथॉरिटी को भी उपरोक्त काउंसलिंग प्रोसेस 25 से 29 नवंबर के मध्य पूर्ण करने तथा अलॉटेड कॉलेज को 5 दिसंबर तक जॉइनिंग के लिए निर्देशित किया गया है।

## श्रीचंद प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य महामस्तकाभिषेक संपन्न

# मर्यादा और अनुशासन न हो तो उर्जा व्यर्थ चली जाती है : गुरूदेव आदित्य सागर

## ऊर्जा, संगति, और जीवन में सकारात्मकता पर गुरू देव आदित्यसागर के उपदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर रिद्धि-सिद्धि नगर में गुरुदेव श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्य सागर जी ससंघ के सान्निध्य में भगवान पार्श्वनाथ एवं भगवान सम्भवनाथ की नवनिर्मित स्फटिक मणि की प्रतिमाओं व मूलनायक आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु की मूर्ति का भव्य महामस्तकाभिषेक संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा ने बताया कि महामस्तकाभिषेक विधि से प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया। मंत्रोच्चारण के साथ की गई इस विधि में गुरुदेव आदित्य सागर के सानिध्य में विशेष पूजन संपन्न करवाया। प्रकाशचन्द्र—प्रेरणा जैन ने भगवान पदमासन श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान,जम्बू कुमार व पारस बज परिवार को भगवान सम्भवनाथ तथा मूलनायक चंद्रप्रभु भगवान सोहन लाल, पुष्पलुहाडिया परिवार को परिवार को पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। टीकम पाटनी ने बताया कि दुनिया की सबसे ऊंची पदमासन श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की 35.80 इंच (लगभग तीन फुट) एवं श्री 1008 संभवनाथ भगवान की स्फटिक मणि की कमलासन प्रतिमा जिसकी उंचाई 30.20 इंच है। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शाम को आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जैनेन्द्र जज साहब,चातुर्मास समिति के अध्यक्ष टीकम चंद पाटनी, मंत्री पारस बज आदित्य, कोषाध्यक्ष निर्मल अजमेरा, ऋद्धि-सिद्धि जैन मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा, सचिव पंकज खटोड़, कोषाध्यक्ष ताराचंद बडला, संजय सांवला, पारस कासलीवाल, पारस लुहाड़िया, अंकित जैन आर केपुरम, महेंद्र बगड़ा,श्री चन्द्र प्रभ दिगंबर जैन मंदिर समिति के लोग उपस्थित रहे।



### कुन्हाडी जैन मंदिर के पक्ष में फैसलें जैन समाज में हर्ष की लहर

### मूर्ति प्रतिष्ठा के साथ हर्ष की लहर

जैनेन्द्र जज साहब ने बताया कि कुन्हाडी चंद्रप्रभु दि.जैन मंदिर में जैसे ही भगवान पार्श्वनाथ एवं भगवान सम्भवनाथ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई नए स्टफिक मणि की मूर्तियां वेदी पर प्रतिष्ठित की गई। वेसे ही हर्ष की लहर दौड़ गई। भगवान के जयकारें लगे ओर कोर्ट से वेदी व मूर्ति के सम्बंध में जारी दो विवादों में कोर्ट ने चंद्रप्रभु दि.जैन मंदिर समिति के पक्ष में फैसला सुना दिया है। पूरे कुन्हाडी सकल समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई।



# सरपंच ललिता मीणा के कार्य क्षमता से ग्राम पंचायत के ग्राम पलसावा और खजूरना खुर्द आदर्श ग्राम घोषित

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में ग्राम पंचायत पलसावा और खजूरना खुर्द आदर्श ग्राम घोषित किए गए। अंता मांगरोल विधानसभा विधायक कंवर लाल मीणा के प्रयासों से दोनों ग्राम आदर्श ग्राम घोषित किए गए। ग्राम पंचायत सरपंच ललिता मीणा व प्रतिनिधि मनोज मीणा ने बताया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्म जयंती वर्ष पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में पलसावा और खजूरना खुर्द आदर्श ग्राम घोषित किए गए जिन्हें ब्लॉक स्तरीय मंथन शिविर में 17 विभागों द्वारा लाभान्वित किया जाएगा। इसको लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों सहित अनु सूचित जनजाति के प्रतिनिधि व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा 15 नवंबर शुक्रवार को ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा आयोजित की गई जिसमें ग्रामीणों को लाभान्वित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। वही दोनों ग्रामों को आदर्श ग्राम घोषित किए जाने पर ग्रामीणों ने विधायक कंवर लाल मीणा का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास अधिकारी दुर्गा शंकर गौड़, उप सरपंच अनिल मेघवाल सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिले से ग्राम पंचायत आंगई और अन्य 22 पंचायतों और पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान सहयोग से पंचायत आंगई, सरमथुरा, बाड़ी, बसेडी में राष्ट्र और जनजातीय समुदाय हेतु स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुण्डा के योगदान को स्मरण करते हुए 150वी जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) के उपलक्ष्य में 22 पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। आकांक्षी भारत सहयोग कार्यक्रम और राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का उद्देश्य एक दिवसीय पेसा अधिनियम, वन अधिकार अधिनियम, पंचायत विकास सूचकांक, सतत् विकास लक्ष्य पर उन्मुखीकरण-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय शासन के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाकर ग्राम विकास योजना तैयार करके ग्राम पंचायत का विकास करना शामिल हैं। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता, अधिकार और व्यवसायिक शिक्षा से संबंधित चिह्नित विकास संकेतक शामिल हैं। ग्राम सभा की अध्यक्षता सरपंच किरण देवी द्वारा की गई। जिसमें बीडीओ विक्रम सिंह बतौर प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जमुई बिहार से वर्चुअल जुड़कर समारोह का शुभारंभ किया और आमजन को संबोधित किया। पीरामल फाउंडेशन के सदस्य प्रोग्राम मैनेजर अंजना, विनय सिंह, संतोष उपाध्याय, गांधी फेलो सूरज, खुशबू और करुणा फेलो ने ग्राम विकास योजना, जीपीपीएफटी टीम का गठन, पेसा अधिनियम, वन अधिकार अधिनियम, पंचायत विकास सूचकांक, सतत् विकास लक्ष्य पर आमुखीकरण आयोजित किया और बाल हितैषी, स्वस्थ ग्राम पंचायत, महिला हितैषी और व्यवसायिक शिक्षा पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिक्षित और स्वास्थ्य समाज किसी भी राष्ट्र की नींव होती है। इस ग्राम सभा के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, आशा, कार्यकर्ता, अन्य कर्मचारियों, बच्चों और ग्रामवासियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवसायिक शिक्षा के महत्व को समझा। बीडीओ विक्रम सिंह ने इस अवसर के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए समुदाय को अधिकारों और सरकारी योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया और कहा कि चिह्नित विकास संकेतकों से यह स्पष्ट है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवसायिक शिक्षा ही वे महत्वपूर्ण उपकरण हैं। जिनसे हम समाज को सशक्त बना सकते हैं और शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव रख सकते हैं। सभी सदस्यों ने संविधान को साक्षी मानकर शिक्षा, स्वच्छता, सुरक्षा स्वास्थ्य, कौशल विकास के कार्य संपादन में जाति, वर्ग, लिंग, संप्रदाय आदि से ऊपर उठकर सभी योग्य लाभार्थियों तक समान रूप से सेवाओंध्योजनाओं का लाभ पहुँचाने में भुमिका निभाने और ग्राम पंचायत आंगई को पूर्ण सहयोग देने की शपथ ली।

# कांसोटी खेड़ा रोड पर खेतो में पेंथर या टाइगर दिखने के बाद किसान भयभीत

## वन विभाग ने लगाया पिंजरा, टीम ने की शुक्रवार की रात सर्चिंग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कांसोटी खेड़ा रोड पर शुक्रवार को सुबह मिले जंगली जानवर के पगमार्क और खेतों के पास एक गाय के बच्चे का जंगली जानवर द्वारा शिकार किए जाने के बाद किसानों में क्षेत्र के किसानों में दहशत का माहौल है। जानवर के भय से किसान रवि की फसल की बुवाई के बाद रात में अपने खेतों की रखवाली नहीं कर पा रहे हैं। वहीं सूचना पर जंगलात विभाग अब एक्शन मोड पर आ गया है। खुद रेंजर के नेतृत्व में कांसोटी खेड़ा रोड के उक्त क्षेत्र में शुक्रवार की रात वन कर्मियों ने जंगली जानवर की सर्चिंग की है। जंगली जानवर को पकड़ने के लिए मौके पर पिंजरा भी लगाया गया है लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

कांसोटी खेड़ा गांव निवासी किसान सोहेल, सुरजीत, राजवीर, पप्पू, दिनेश, रामकुमार, मुंशी आदि ने बताया कि उक्त जंगली जानवर की मूवमेंट पिछले 10 दिन से आसपास के क्षेत्र में बनी हुई ह। यह जानवर टाइगर या पैंथर हो सकता है। सोहेल ने जानवर को देखने तक की बात कही है। सोहेल का कहना है कि जानवर के शरीर पर ब्लैक स्पॉट थे और उसकी मूछ बहुत लंबी थी। वह उसे देखते ही भयभीत हो गया। ऐसे में खेत पर बने कमरे में जाकर छुप गया। घटना के बाद भयभीत किसान अपने फसल की रात में रखवाली नहीं कर पा रहे। दिन में भी पशुओं को चारा लेने के लिए खेतों पर जाने से डर रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर जंगलात विभाग के रेंजर नकुल शर्मा ने बताया कि जंगली जानवर से भयभीत होने की जरूरत नहीं है। जो पगमार्क खेतों में किसानों ने देखे हैं वह जरख यानी हाइला के है। यह जानवर किसी पर सीधे हमला नहीं करता है। वह मृत मवेशियों को या दुधारू पशुओं को ही खाता है। फिर भी किसानों की सुरक्षा को देखते हुए उक्त जंगली जानवर को पकड़ने के लिए शुक्रवार को सर्चिंग अभियान चलाया है। मौके पर पिंजरा भी लगाया गया है। जल्द ही उक्त जानवर को पकड़ लिया जाएगा। आसपास के क्षेत्र में कहीं पर भी टाइगर या पैंथर का कोई मूवमेंट नहीं है।

### कृष्णा कॉलोनी में भी पिछले दिनों दिखाई दी थी जरख की मूवमेंट

रेलवे लाइन के पास स्थित शहर की कृष्णा कॉलोनी में भी पिछले दिनों जरख की मूवमेंट दिखाई दी थी। जिसे लोगों ने अपने कमरे में भी कैद किया था। इसको लेकर जंगलात विभाग ने मौके पर पिंजरा लगाया लेकिन इसके बाद जरख की कोई मूवमेंट कॉलोनी में दिखाई नहीं थी। वही दो दिन पूर्व जरख की मूवमेंट हाईवे बाईपास पर भी देखी गई है। बाईपास की सड़क किनारे जरख को जाते हुए वाहन चालक ने कमरे में कैद किया है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आसपास जंगल मे सेंचुरी बनी हुई है। उनसे जंगली जानवर विमुख होकर आबादी क्षेत्र में आ जाते हैं।

### टाइगर और पैंथर की मूवमेंट सरमथुरा रेंज में

बाड़ी से 30 किलोमीटर दूर सरमथुरा रेंज और झिरी वन क्षेत्र के आसपास के जंगल मे टाइगर रहते हैं। जिनमें एक मेल और एक फीमेल टाइगर है साथ में उनके करीब एक वर्ष के तीन शावक हैं। जिनकी मूवमेंट रिझोनी,मढासिल,झिरी और डमोह वन क्षेत्र तक रहती है। अगर टाइगर मूवमेंट करते भी हैं तो करौली की तरफ जाते हैं। बाड़ी और धौलपुर की तरफ टाइगर का कोई मूवमेंट नहीं है।

# विक्टर इन्फेंट सेकेंडरी स्कूल में मनाया बाल दिवस

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** विक्टर इन्फेंट स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य बाल मेले व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों ने विभिन्न स्टॉल लगाए और अपनी कला तथा रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था, ताकि वे अपनी कल्पनाशीलता और कौशल को उजगार कर सके विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विनीता बंसल और व्यवस्थापक आकाश बंसल ने फीता काटकर मेले का विधिवत शुभारंभ किया। । मेले में खाने-पीने की चीजों से लेकर मनोरंजन और खेल-कूद के विभिन्न स्टॉल शामिल थे। बच्चों ने अपने द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार की स्टाल जैसे चना मोठ, चाट पापड़ी, पानी पुरी ,भेलपुरी, ढोकला, दही बड़ा, चना जोर गरम, जलजीरा , फ्रूट चाट, चाय, कोल्ड ड्रिंक, मंगोड़ा, रसगुल्ला ,ब्रेड पकोड़ा, ब्रेड बटाटा, इडली सांभर ,फ्रेंच फ्राई समोसा, कुरकुरे चाट, आलू चाट,इडली फ्राई, इत्यादि लगाए, जिसे खा कर आगंतुक अभिभूत हो गए। स्कूल संचालक आशीष बंसल ने बच्चों के उत्साह और उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने बच्चों को इस आयोजन के लिए प्रेरित किया। स्कूल के डायरेक्टर आशीष बंसल द्वारा सबसे स्वच्छ स्टॉल ,सबसे स्वादिष्ट स्टाल, सबसे सुंदर स्टॉल को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विक्टर स्कूल का समस्त स्टाफ गरिमा बंसल , अनीता बंसल, काजल अग्रवाल, अमरीन खान,रचना परमार , लवली गोयल,प्रियंका जिंदल, मुस्कान शर्मा, साधना शर्मा, तनीषा शर्मा, शिवानी शर्मा, सुशीला इंदौरिया, रिंकू गर्ग,आदित्य शर्मा , चाँद बाबू , राजकुमार बंसल, केदार सर, सुनील शर्मा, सौरभ गोयल,नेहा शर्मा,सत्येन्द्र शर्मा, पवन शर्मा , मोहिनी सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

# धौलपुर रोड हाइवे पर दो सड़क हादसे, रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर

## खानपुर गांव के पास गोवंश के आ जाने से बाइक सवार माँ-बेटे घायल

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर आज दिन में धौलपुर रोड पर दो अलग-अलग सड़क हादसे सामने आए हैं।पहला सड़क हादसा मत्सुरा गांव के पास हुआ है जहां बाड़ी से बाइक से बिजौली जा रहे युवक को रोडवेज बस ने टक्कर मारी है। दुर्घटना में घायल युवक को सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना खानपुर गांव के पास हुई है। जहां गोवंश के अचानक सड़क पर आ जाने से धौलपुर जिला अस्पताल से अपनी मां की सोनोग्राफी कराकर लौट रहे बाइक सवार मां-बेटे सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में महिला बुरी तरह घायल हो गई वही युवक चोटिल हुआ है। घटना में घायल महिला को अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार बाड़ी कस्बे के तुलसीवन रोड निवासी युवक क़लील पुत्र पप्पू मुसलमान आज दिन में करीब एक बजे किसी काम से बिजौली बाइक से जा रहा था। इस दौरान मत्सुरा के पास रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल युवक की सूचना मिलते ही बटबाल पाड़ा निवासी सलीम और उसके परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। जहां से घायल को निजी साधन से बाड़ी अस्पताल लेकर आए। जहां से चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

**सड़क पर गोवंश आ जाने से बाइक सवार मां-बेटे घायल :** वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना खानपुर गांव के पास हुई है। जहां कच्छपुरा गांव निवासी युवक रामबरन कुशवाहा अपनी मां लोहरी पत्नी ओमप्रकाश कुशवाहा को बाइक से जिला अस्पताल धौलपुर से लेकर आ रहा था। तबीयत खराब होने के चलते उसकी सोनोग्राफी कराई थी। वापस लौटते समय खानपुर गांव के पास अचानक सड़क पर गोवंश आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई। दुर्घटना में रामबरन की मां लोहरी सड़क पर गिरने से घायल हो गई। वही रामबरन को भी चोटे आई है। लोहरी को एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

# प्राचीन सोमनाथ मंदिर और गुफा के रास्ते पर अतिक्रमण: ग्रामीणों ने सर्वे करवा कर कार्रवाई की मांग की, बोले- अतिक्रमणकारी लोगों के साथ करते हैं गाली-गलौज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा क्षेत्र में सोमनाथ महादेव मंदिर और सिद्ध बाबा की गुफा को जाने वाले मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने के लिए ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन को शिकायत दी है। ग्रामीणों के अनुसार, गंगोलियापुरा के इस प्राचीन मंदिर और गुफा तक जाने का यह मुख्य मार्ग है, जिस पर सरकार द्वारा सड़क निर्माण के लिए सामग्री भी डाली गई है। लेकिन गांव के कुछ लोगों ने इस मार्ग पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। इन अतिक्रमणकारियों ने सड़क काट दी है और सामान रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है, जिससे श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

### ग्रामीण बोले- अतिक्रमणकारी करते हैं गाली-गलौज

ग्रामीणों का आरोप है कि अतिक्रमणकारी रास्ते से गुजरने वाले लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और गाली-गलौज कर उन्हें परेशान करते हैं। इससे न केवल ग्रामीणों को कठिनाई हो रही है बल्कि क्षेत्र की धार्मिक धरोहर के प्रति भी अनादर हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि सोमनाथ महादेव मंदिर और सिद्ध बाबा की गुफा, जो कि क्षेत्र की प्राचीन धरोहर हैं, उनके सम्मान और सुगम आवागमन के लिए इस मार्ग से अतिक्रमण तुरंत हटाया जाए। ग्रामीणों की शिकायत को देखते हुए प्रशासन को जल्द से जल्द सर्वे कर उचित कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि इस धार्मिक स्थल का महत्व और सुगमता बनी रहे।

# नाकाबंदी के दौरान अवैध गांजा लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

## एनडीपीएस एक्ट में कंचनपुर पुलिस की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखण्ड की कंचनपुर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक किलो 540 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ कर रही है। कंचनपुर थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि अठपैरिया रोड पर उनके नेतृत्व में नाकाबंदी की जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान उन्हें एक युवक द्वारा गांजा लाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस को एक ही व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा हाथ में लेते हुए दिखाई दिया। जिसे रोकने पर युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पीछा करने के बाद पुलिस ने युवक को रोककर उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली तो उसमें पुलिस को अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। बरामद गाजे का वजन एक किलो 540 ग्राम है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सूरज पुत्र भरत सिंह लोधा निवासी अलीगढ़ थाना कंचनपुर बताया है। कंचनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी युवक के पास मिला गांजा अवैध निकला है। ऐसे में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संघ ने शुरू की पैदल यात्रा

# जमा राशि से दो से तीन गुना दिलाने की मांग, संसद तक निकाली जाएगी पदयात्रा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शहीद बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संघ के लोगों ने चंबल के घाट पर महापंचायत की। इसके बाद संघ के लोगों ने पैदल यात्रा शुरू की है। पैदल यात्रा के दौरान संघ से जुड़े लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

संघ के लोगों ने अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा हैं। ज्ञापन के जरिए लोगों ने मांग की है कि बड्स एक्ट 2019 के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित आवेदक का जमा राशि से दो से तीन गुना दिलाया जाए। ज्ञापन के जरिए संघ के लोगों ने निर्दोष एजेंटों को सम्मान सुरक्षा रोजगार और पुनर्वास का अधिकार दिलाने की मांग की है।

जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन करते हुए ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संघ के लोगों ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 के तहत प्रत्येक ठग और बेईमान को मृत्यु दंड देकर भारत वर्ष को ठग मुक्त और बेईमान रहित राष्ट्र का दर्जा दिलाने की मांग की है। जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए संघ के लोगों ने बताया कि न्याय दिलाने के लिए लंबे समय से उनके द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की कड़ी में पैदल यात्रा शुरू की गई है, जो दिल्ली की संसद तक जाएगी। यात्रा के दौरान धौलपुर सहित पूरे देशभर की एजेंट मौजूद रहे ।

# खाटू श्याम के लिए रवाना हुई निशान यात्रा, शहर वासियो ने पूजा अर्चना के बाद किया रवाना

## तीसरी बार खाटू श्याम सेवा समिति का आयोजन, लगातार बढ़ रही बाबा की श्रद्धा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर से खाटूश्याम धाम के लिए दर्जनों पदयात्रियों का जत्था शुक्रवार को शहर के भारद्वाज मार्केट स्थित खाटूश्याम आश्रम से रवाना हुआ। खाटूश्याम कमेटी के चन्द्रशेखर पचौरी के नेतृत्व में जब यात्रा रवाना हुई तो शहर के लोगो ने जमकर हारे सहारे लगाए और यात्रा को रवाना किया।

खाटूश्याम की यात्रा को लेकर खाटूश्याम कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी चंद्रशेखर पचौरी ने बताया की हर वर्ष यह यात्रा बाड़ी से खाटूश्याम जाती है। इस बार यह तीसरी बार आयोजन हो रहा है। जिसमें बाबा के भक्तों की अपार श्रद्धा देखने को मिल रही है। लगातार यात्रा में जाने वाले लोगो की संख्या में इजाफा हो रहा है। जो बाबा के प्रति श्रद्धा को दर्शाता है। कलयुग में बाबा खाटू श्याम ही सभी के रखवाले है। बाबा के प्रति जो भी जैसी श्रद्धा रखता हैं बाबा उसकी सुनवाई करते है। क्योकि वे हर हारे का सहारा है। खाटू श्याम बाबा की यात्रा को जाने वाले पैदल यात्रियों में वरिष्ठ पदाधिकारी चन्द्रशेखर पचौरी के साथ राजकुमार दिघर्रा,शिवशंकर दिघर्रा,रवि तमोली, हरीबाबू गॉड,राहुल तिवारी,छोटू परमार,शुभम गोयल,ऋषि दीघर्रा,अशोक दिघर्रा,गोविंद शर्मा, जितेन्द्र दिघर्रा,शुभम दिघर्रा,राहुल तमोली,पंकज अग्रवाल,ऋषभ शर्मा,मुकेश शर्मा,आकाश बंसल,विजय बोलेरो शास्त्री के साथ अन्य शामिल है।

# सरसों की फसल को कॉलर रॉट बीमारी के प्रकोप से बचाने हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताए बचाव के उपाय



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** 14 नवम्बर को टहरी, टहरी का पुरा एवं मानपुर गांव में सरसों फसल में कीट व्याधि का निरीक्षण किया गया। संयुक्त निदेश कृषि (विस्तार) डॉ. हब्बल सिंह को कृषकों द्वारा बताया गया कि उनकी सरसों की फसल में पानी देने के बाद सरसों की फसल खराब हो रही है। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सरसों की फसल की बुवाई 45 से 50 दिन पूर्व की गई है सरसों की फसल में अभी अधिक धूप व नमी के चलते कॉलर रॉट बीमारी का प्रकोप हुआ है। जो पानी देने के बाद खेत में नमी बढने पर एक साथ प्रकोप बढने के कारण फसल को खराब कर रही है। किसान भाईयों को सलाह दी गई कि भूमि की नमी को 4 से 5 सेन्टीमीटर गहराई पर जांचने के बाद ही सिंचाई करें। अत्यधिक सिंचाई से बचें क्योंकि इससे फसल में कॉलर रॉट बीमारी की संभावना बढ जाती है। अत: हल्की सिंचाई करें। इसके नियंत्रण हेतु कार्बेन्डाजिम 50ड्ढ2श्च 250 ग्राम प्रति बीघा के हिसाब से सिंचाई जल के साथ प्रयोग करें एवं स्ट्रेप्टोमाईसिन 2 ग्राम प्रति 10 लीटर पानी मे मिला कर छिडकाव करें। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र धौलपुर डॉ. दिनेश कछावा,कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय चितौरा धर्मेन्द्र कुमार त्यागी एवं कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय टहरी देवेन्द्र गुर्जर उपस्थित रहे।

# जिला पुलिस अधीक्षक चितौड़गढ़ सुधीर जोशी की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन

## निर्माणाधीन नवीन पुलिस थाना कपासन परिसर का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक चितौड़गढ़ सुधीर जोशी द्वारा शनिवार को पुलिस थाना कपासन में निर्माणाधीन नवीन थाना परिसर की गुणवत्ता एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।इससे पूर्व पुलिस थाना कपासन परिसर में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी को पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।इसके उपरांत जिला पुलिस अधीक्षक चितौड़गढ़ सुधीर जोशी की उपस्थिति में पंचायत समिति कपासन के महाराणा प्रताप सभागार में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने क्षेत्रीय गणमान्यजनों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों से परिचय कर संबोधित करते हुवे सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं झूठ संदेश से सावधान रहने,साइबर क्राइम में ठगी,डिजिटल अरेस्ट से सावधानी बरतने सहित विभिन्न मुद्दों पर सुझावों के साथ विस्तृत चर्चा की गयी।जिसमे नगर के प्रमुख स्थानों पर सीसी टीवी कैमरे लगाने,नगर में बढ़ते अतिक्रमण पर लगाम लगाना,साइबर ठगी से बचने,बिना हेलमेट एवं बिना लाइसेंस बच्चों के दुपहिया वाहन नहीं चलाने सहित घर में बच्चों के मोबाइल उपयोग को गंभीरता से लेने का अनुरोध किया गया। उल्लेखनीय हैं कि इस बैठक में व्यापार मंडल कपासन के अध्यक्ष कोमल बारेगामा ने यहां पूर्व में कार्यरत यातायात पुलिसकर्मी किशनलाल माली को षडयंत्रपूर्वक हटाये जाने से पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी को अवगत कराया एवं अनुरोध किया कि पुन: किशनलाल माली जैसे यातायात पुलिसकर्मी की नियुक्ति कपासन में की जाये।जिससे नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।साथ ही व्यापार मंडल अध्यक्ष बारेगामा ने नगर में बोरवाड़ी स्थित वर्षो पुरानी पुलिस चौकी की जर्जर अवस्था से अवगत कराते हुवे इसके पुनर्निर्माण कराने तथा नगर में पैर पसारते अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,नगर पालिका पार्षद सुनीता शर्मा,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं पार्षद अशोक विजयवर्गीय,पूर्व नपा पार्षद सुनीता शर्मा,कांग्रेस नेत्री सुमन कुमावत, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,अंजुमन कमेटी सदर अशफाक तुर्कीया,नपा पार्षद प्रतिनिधि ललित टांक,युवा मोर्चा के मनोज आचार्य,जैन श्रावक संघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया, रोलिया सरपंच रतननाथ योगी, दरगाह कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली सहीत विभिन्न क्षेत्रीय संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इधर शांति समिति बैठक में पहुंचने पर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी का समन्वयक परिवार की ओर से नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, स्वर्णकार समाज कपासन के अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी एवं युवा समाजसेवी आशीष सोनी द्वारा मेवाड़ी परंपरानुसार पगड़ी एवं उपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।साथ ही मूला माता विकास समिति अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य, गौशाला परिवार के रमेश सोमानी, अरुण बाघमार,भूपेश गोठवाल आदि गणमान्यजनों द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक जोशी का अभिनंदन किया गया।






## श्री ओसवाल जैन श्री संघ संस्थान ब्यावर द्वारा दीक्षार्थी बहन सुश्री हर्षाली कोठारी का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** श्री ओसवाल जैन श्री संघ संस्थान (रजि.) द्वारा दीक्षार्थी बहन सुश्री हर्षाली कोठारी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संघ महामंत्री ने बताया कि आज दोपहर अशोक कुमार कोठारी के निवास स्थान पर संघ सदस्यों ने खोल भराई की रस्म अदा की। इस दौरान समाज के कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी गण व परिवार के लोगों ने दीक्षार्थी बहिन सुश्री हर्षाली का शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी ने आपके दीक्षा ग्रहण करने के संकल्प की अनुमोदना की साथ ही उनके उच्चतम वैराग्य जीवन के लिये शुभकामनाएं प्रदान की। दीक्षार्थी बहिन सुश्री हर्षाली के शुभ कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल डोसी, उत्तमचंद भंडारी,महावीर प्रसाद नाहटा, शांतिलाल कोठारी ज्ञानचंद खीचा, गौतम संचेती, राजू भाई सेठिया, हस्तीमल संचेती, संजय चौरडिया, प्रकाश लुणावत, ज्ञानचंद कोठारी एवम् श्रीमती सुशीला डोसी आदि श्रावक श्राविकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर अन्त में अध्यक्ष श्री डोसी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कार में 50 पेटीयों से भरी अवैध शराब सहित एक युवक गिरफ्तार, कार जब्त

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** साकेत नगर पुलिस ने गश्त के दौरान एक कार चालक को रोकने को कहा लेकिन जब नहीं रोका तो उसे धर-दबोचा। साकेत नगर पुलिस ने बताया कि युवक गश्त के दौरान भागने की कौशिश कर रहा था तभी उसे धर-दबोचा। कार क तलाशी लेने पर उसमें करीब 50 पेटी अवैध शराब भरी थी। वाहन की डिक्की व उसके पीछे की सीट हटाई हुई थी। साकेत नगर पुलिस थाने के तेजामरा ने बताया कि गश्त के दौरान वाहन चालक वाहन को भगा ले जाने की कोशिश कर रहा था तभी उसे पकड़ लिया। वाहन चालक पवन जाट से पुछताछ की तो बताया कि वह पिण्डवाड़ा की और जा रहा था। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रुप से 50 पेटी शराब व्हाईट लेको वोडा भरी हुई थी। जिसकी लगभग बाजार कीमत लगभग ढाई से तीन लाख रुपये थे। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया वहीं वाहन को जब्त कर लिया। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।





## ब्राह्मणी माता मंदिर पर कल 1 क्विं. अन्नकूट महाप्रसाद का भक्तो में वितरण होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर में स्थित ब्राह्मणी माता मंदिर पर नगरवासियों एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओ के सहयोग से 1 क्विंटल अन्नकूट महाप्रसाद का भक्तो में वितरण किया जायेगा। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षैत्र के सोमानी मोहल्ला स्थित ब्राह्मणी माता मंदिर पर श्रद्धालुओ द्वारा 18 नवंबर सोमवार सांय 6 बजे से ब्राह्मणी माता की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती उपरांत बेसन से निर्मित 1 क्विंटल अन्नकूट एवं 11 किलो आटे से बनी मीठी पकौड़ी तथा 5 किलो मालपुवे का ब्राह्मणी माता को भोग लगाकर भक्तो एवं श्रद्धालुओं में महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।



## भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा(नि.स.)।** भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक सुवालका छात्रावास आजादनगर भीलवाडा में श्रीमती रजनी शक्तावत अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ भीलवाडा की अध्यक्षता में बैठक 2 सत्रो में सम्पन्न हुई। हरीश सुवालका ने बताया कि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के 100 वर्ष व भारतीय मजदूर संघ के 70वर्ष में प्रवेश के संदर्भ में संगठन द्वारा केन्द्रीय कार्यसमिति के निर्णय अनुसार श्रमिक सम्पर्क अभियान जो कि 1 दिसम्बर 24 से 15 दिसम्बर 24 तक चलेगा । इसकी विस्तृत चर्चा की गई तथा अलग अलग पंचायत समिति स्तर पर टोली का गठन किया गया ताकि प्रत्येक गांव तक के श्रमिको से सम्पर्क हो सके व भारतीय मजदूर संघ के बारे में जानकारी मिल सके व निधी संग्रहण कार्यक्रम जो कि 1 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक चलेगा जिसकी भी विस्तृत चर्चा कर योजना बनाई गई । शुरूआत में केन्द्रीय कार्य समिति सदस्य व वरिष्ठ प्रचारक श्रीमान् जयन्ती जी भाई सा. ने भारतीय मजदूर संघ के बारे में बताया व संगठन की रीति नीति से अवगत कराया । तत्पश्चात प्रदेश महामंत्री हरी मोहन शर्मा ने श्रमिक सम्पर्क व निधि संग्रहण की विस्तृत चर्चा व योजना बनायी व विस्तार से सभी कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम के बारे में बताया । युवा अभ्यास वर्ग व महिला सम्मेलन के बारे में भी चर्चा की गई व श्रमिक सम्पर्क में श्रमिको के घर तथा कार्यस्थल पर जाकर सम्पर्क करने व इस हेतु भारतीय मजदूर संघ के द्वारा किस प्रकार मजदूरो के हितो में कार्य किये उनकी जानकारी देना। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के प्रांत कार्यवाहक शंकर माली ने पंच परिवर्तन कर अपने विचार रखे तथा संगठन में कार्यकर्ताओ के कर्तव्य व कार्यकर्ता निर्माण हेतु बताया। विधिक सलाहकार प्रदेश वरिष्ठ नेता सुभाष चौधरी ने भी अपने विचार रखे तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा अभिवादन कर बैठक का समापन किया। मंच संचालन जिलामंत्री हरीश सुवालका ने किया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री शिव घारू, शंभु तेली, भैरू बेरवा, दिनेश कोठारी, मानसिंह, सुरज भट्ट, रतन सिंह, कमलेश हाडा, माया प्रजापत, देवेन्द्र वैष्णव, मनभर मीणा, कृष्णा व्यास, मीना भट्ट, हरीश पारीक भैरूलाल सेन, विकास मेवाडा, रामलाल लोधा, गोपाल गुर्जर, कैलाश बलाइ, महेश शर्मा, आशा व्यास, पदमा शर्मा, कन्हैयालाल, सुरेश रेबारी, अनील गोरण अरूण वर्मा, रामनारायण गुर्जर, रामेश्वर खटीक, बद्रीप्रकाश लौहार, सोहन रेगर, मुरलीधर शर्मा, सायर सोनी आदि उपस्थित थे।

## राजस्थान गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष बनने पर जोरदार स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन(नि.स.)।** राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कालू लाल गुर्जर द्वारा महासभा के झालावाड़ जिला अध्यक्ष पद पर सुरत राम गुर्जर को मनोनित करने पर सियाराम प्रोपर्टी के तूफान गुर्जर के नेतृत्व में समाज के लोगों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में तूफान गुर्जर ने सम्बोधित करते हुए बताया कि नव नियुक्त जिला अध्यक्ष से समाज में नवीन उर्जा का संचार होगा तथा समाज में जागरूकता ओर उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। इस अवसर पर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा की मेरे द्वारा समाज में जनजागृति व सामाजिक सुधार तथा शैक्षिक उन्नति के लिए दिर्घावधि से नुक्ता प्रथा को सिमित करने सिमित करने व बालिका शिक्षा के लिए प्रयासरत रहा हूं।

कार्यक्रम में राजस्थान गुर्जर महासभा के जिला उपाध्यक्ष तूफान सिंह गुर्जर , युवा जिलाध्यक्ष ललित गुर्जर,अजय गुर्जर,राजेश गुर्जर, अनिल , पारस,रमेश, गोविंद, विजय , मनीष, मोहित , भोलाराम, पंकज, महावीर आदी उपस्थित थे।

## राजसमंद जिले में हरे पेड़ काटकर अवैध कोयला बनाने का काम धड़ल्ले से जारी

### रेलमगरा और कुंवारिया थाना क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में अवैध कोयला भट्टियां लगाई

**मुख्यमंत्री और सरकार के पौधारोपण अभियान को भी पलीता लगा रहे हैं कोयला माफिया, भीलवाड़ा के कोटड़ी भट्टीकांड के बाद कोल माफियाओं ने राजसमंद को बनाया ठिकाना**

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** जिले में इन दोनों हरे पेड़ को काटकर अवैध कोयला बनाने का काला कारोबार धडल्ले से चल है। लेकिन जिम्मेदार वन विभाग पुलिस और पर्यावरण विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जिले के रेलमगरा गिलुंड रोड पर खेतों में, भराई, कुरज के लापसिया, जूणदा आदि गांवों में कोयला माफियाओं ने अवैध भट्टियां बना रखी है। जो नीम, पीपल और बबूल के हरे पेड़ों को काटकर अवैध रूप से कोयला बना रहे हैं। भीलवाड़ा के कोटड़ी भट्टी कांड के बाद जब पुलिस और प्रशासन ने वहां सभी भट्टियों को तोड़ दिया, तो कोयला माफिया ने राजसमंद जिले को अपना ठिकाना बना लिया है। जानकारी के मुताबिक कोयला कारोबार में कई आपराधिक तत्व भी शामिल है, जो रोकने और विरोध पर ग्रामीणों के साथ हाथापाई और हमला करने को उतारू हो जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग और पुलिस प्रशासन इस मामले में कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। रेलमगरा और कुंवारिया थाना क्षेत्र में रोजाना अवैध रूप से हरे पेड़ों को काटकर कोयला बनाया जा रहा है। एक तरफ मुख्यमंत्री राज्य सरकार और जिला प्रशासन पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रहे तो वहीं अवैध माफिया हरे पेड़ों को काटकर अवैध रूप से कोयला बना रहे हैं।



## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी पहुँची नाथद्वारा, स्वतंत्रता सेनानी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुँची नाथद्वारा, स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों ने किया स्वागत

### मदनमोहन सोमटिया के घर पहुँच परिवार जन को बधाया ढांढस, उदयपुर में महेंद्र सिंह मेवाड़ के घर भी मिलने पहुँचेंगी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी शनिवार सुबह राजसमंद के नाथद्वारा पहुंची। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सड़क मार्ग से नाथद्वारा पहुंची दिया कुमारी सीधे स्वतंत्रता सेनानी मदन मोहन सोमटिया के निवास पर आई। जिले के अंतिम स्वतंत्रता सेनानी मदन मोहन सोमटिया के परिजनों से मुलाकात कर उनके निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस मौके पर उन्होंने परिजनों के साथ सोमवटिया के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम को लेकर चर्चा की। सोमटिया सहित देश के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को लेकर उन्होंने उनका धन्यवाद किया । उन्होंने कहा कि आज हम जो आजाद देश के खुले वातावरण में सांस ले रहे हैं यह सब स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की ही देन है।जिन्होंने अपनी जवानी देश के लिए कुर्बान कर दी थी। उनके इस बलिदान का कर्ज़ कभी नहीं चुकाया जा सकता। कुछ देर सोमटिया के निवास पर रुकने के बाद दिया कुमारी सड़क मार्ग से उदयपुर के लिए रवाना हो गई।



## सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया नियमों में संशोधन की मांग

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** राज्य में सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया नियमों में संशोधन की मांग को लेकर श्रमिक व कर्मचारी नेता इंटक अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने स्पष्ट कहा कि एक और तो सरकार भर्ती प्रक्रिया खोलने की दुहाई देकर वाह-वाई लुटना चाहती है। दूसरी और अनुभव प्रमाण पत्र होने के बावजूद भी सक्षम अधिकारी से हस्ताक्षर युक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की बाध्यता लगाने से सम्पूर्ण समाज में गहरा रोष व्याप्त है। इस सन्दर्भ में श्री शर्मा ने स्पष्ट आरोप लगाया सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षरयुक्त बाध्यता को नियमों व कानून में बदलाव कर हटाया जाये जिससे की समाज के सभी वर्गों को उचित लाभ मिल सके। पिछले दरवाजे से अपने-अपने लोगों को भर्ती करने की प्रक्रिया से मुक्ति व निजात मिल सके।

# भरतपुर का 'अपना घर' आश्रमः 6248 प्रभुजियों का सबसे बड़ा परिवार, सेवा का अद्वितीय उदाहरण

बढ़ता राजस्थान






**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** जिनका कोई ठिकाना यानी घर नहीं होता उनका अपना घर होता है। ब्रज वारिश सेवा सदन की ओर से भरतपुर के बझेरा गांव में दो कमरों में डॉ. बीएम भारद्वाज और उनकी पत्नी डॉ. माधुरी भारद्वाज ने जून 2000 अपना घर शुरू किया। अब यह 45 एकड़ में फैला विश्व का सबसे बड़ी सेवा स्थली बन गया है। सबसे पहले यहां शहर के मानसिक रोगियों और बेसहारा लोगों को लाकर रखा जाने लगा। इलाज और अच्छे रहन सहन से कई लोग जीवन की मुख्य धारा में जुड़ गए। जो लोग घरों से बिछुड़ गए उन्हें मिलाने में अपना घर माध्यम बना। वर्तमान में अपना घर का 6248 प्रभुजी का विशाल परिवार विश्व का सबसे बड़ा परिवार है। ये सभी प्रभुजी हैं। डॉ. भारद्वाज दंपती इन्हें प्रभु के रूप में देखते हैं। देश में इनकी 61 शाखाएं और विदेश में नेपाल में एक शाखा संचालित है। लेकिन इनकी बेलेंसशीट एक ही है। यहां 98 प्रतिशत पैसा चैक से ही जमा होता है और 98.5 प्रतिशत भुगतान भी ऐसे ही होता है। अपना घर में 200-200 प्रभुजी की यूनिट बनाई हुई हैं। इनके मनोरंजन के लिए यहाँ थएटर भी बना है, जहां हर दिन अलग-अलग यूनिट को फिल्म दिखाने लाया जाता है। यहां कैफेटेरिया है, जहां इन लोगों को उस दिन उनकी मर्जी का भोजनर्ा खलाया जाता है। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी है, जहां से ये सामान खरीद सकते हैं। लेकिन ये सभी सुविधाएं मुफ्त संचालित हैं, जिससे उन्हें परिवार की तरह माहौल मिल सके। हालांकि यहां प्रभुजी की ओर से चप्पल और अगरबत्ती उद्योग भी संचालित है। इसकी बिक्री के लिए आश्रम के बाहर दुकानों का निर्माण चल रहा है। इतना बड़ा परिवार होने के बाद भी खर्चे के लिए न तो आज तक कोई दान मांगने गया और न ही सरकारी सहायता ली। जब भी किसी चीज की डिमांड होती है तो भगवान के लिए चिट्ठी लिख दी जारी है और उसकी व्यवस्था हो जाती है। यहां एक किचन में पूरे परिवार का खाना बनाया जाता है। जो बचता है उसे गौशाला में खिला दिया जाता है। डॉ. बीएम भारद्वाज कौन बनेगा करोड़पति में भी पहुंच चुके हैं।

यहां की व्यवस्थाएं और सिस्टम भी बेहतर है। रजिस्ट्रेशन के बाद प्रभुजी को सबसे पहले सेवा संगम एवं अभिषेक भवन में ले जाया जाता है। जहां उसकी सफाई के साथ मेडिकल जांच कराई जाती हैं। जांच रिपोर्ट के आधार उसे भवन आवंटित होता है। यहां महिला और पुरुष प्रभुजी के लिए अलग-अलग भवन हैं उनमें करीब एक किलोमीटर की दूरी है। दोनों ही स्थानों पर बाल सदन, वृद्धों के लिए परम सेवा गृह, मातृ सदन, वरिष्ठ नागरिक गृह, एचआईवी सदन, टीबी सदन, मिर्गी सदन, विशिष्ट सदन,, मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रभुजी सदन, मंदबुद्धि सदन, आइसोलेश होम, दादा-नानी सदन, परिवार से अस्वीकृत प्रभुजी सदन, शारीरिक रूप से अक्षम माताओं के लिए सदन, हैपेटाइटिस सदन, हीलिंग होमख् ऑर्थो सदन, गर्भवती महिला सदन, अन्य रोगियों के लिए सदन, स्वयं सेवक प्रभुजी सदन, व्यवसायिक प्रिशक्षण केन्द्र, किचिन सेक्शन, जीव सेवा सदन, आठवीं तक स्कूल है।

## राष्ट्रीय मीणा महासभा ने मनाया जनजाति गौरव दिवस

### सराय काले खां को बिरसा मुंडा चौक बनाए जाने पर दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( नि.स. )।** राष्ट्रीय मीणा महासभा की ओर से जनजाति गौरव दिवस मनाया गया । इस विषय पर प्रकाश डालते हुए मुख्य संगठन सचिव भूपेंद्र सिंह मीणा ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस भारत में हर साल 15 नवंबर को मनाया जाता है, जो देश की जनजातीय समुदायों की संस्कृति, उपलब्धियों और योगदान को सम्मानित करने के लिए है। उन्होंने सराय काले खां को आदिवासियों के पुरोधा बिरसा मुंडा के नाम पर चौक का नाम किए जाने पर सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया है व आदिवासी समाज को बधाइयां दी। जनजाति गौरव दिवस का महत्व बताते हुए मुख्य संरक्षक जगदीश मीना ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस का महत्व है जनजातीय समुदायों की संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना।, उनकी उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देना।, जनजातीय समुदायों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना। साथ देश की एकता और समरसता को बढ़ावा देना। मुख्य सलाहकार प्रताप सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने 2021 में 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषित किया, जो बिरसा मुंडा की जयंती है, जो एक महान जनजातीय नेता और स्वतंत्रता सेनानी थे। बिरसा मुंडा - स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय अधिकारों के लिए लड़ाई। जनजाति गौरव दिवस पर जगह जगह विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित हुई जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम।, जनजातीय समुदायों के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा शिविर, जनजातीय उत्पादों की प्रदर्शनी। आदि आयोजित की गई। विधि सलाहकार एडवोकेट बनय सिंह ने संदेश दिया कि आइए हम जनजाति गौरव दिवस पर जनजातीय समुदायों की संस्कृति और उपलब्धियों को सम्मानित करें और उनके अधिकारों और हितों की रक्षा करने का संकल्प लें। इस अवसर पर सहदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, डॉक्टर योगेन्द्र सिंह, जीत सिंह वकील, यतेन्द्र सिंह, देवी सिंह, चंद्रमोहन, जितेन्द्र सिंह सहित सभी ने सराय काले खां चौक को बिरसा मुंडा चौक के नाम से परिवर्तित किए जाने पर मिठाइयां बांटी ओर एक दूसरे को शुभाकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों को दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** कोटा राजस्थान राज्य कर्मचारी सयुंक्त महासंघ लोकतांत्रिक के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी नेता रामरतन सामरिया ने बताया 16 नवम्बर का दिन भारतीय प्रेस परिषद के प्रयासों और स्वतंत्र पत्रकारिता के महत्व को भी उजागर करता है ।राष्ट्रीय प्रेस दिवस न सिर्फ पत्रकारिता के योगदान को सम्मानित करता है ,बल्कि मीडिया के नैतिक दायित्वों और स्वतंत्रता के महत्व पर विचार करने का अवसर भी प्रदान करता है ।यह दिन पत्रकारिता के प्रति ईमानदारी, जिम्मेदारी और नैतिक रिपोर्टिंग के प्रति प्रेस की प्रतिबद्धता की याद दिलाता है ।राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारिता की भूमिका को न सिर्फ एक सूचना के माध्यम के रूप में बल्कि एक सशक्त लोकतंत्र के आधारभूत तत्व के रूप मे उजागर करता है इसलिए सभी पत्रकार बन्दुओ को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते है और ईश्वर से इनके उज्जवल भविष्य स्वस्थ स्वास्थ्य की मनोकामना करते है साथ ही राजस्थान सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए सुरक्षा प्रोत्साहन व दिपावली बोनस की मागं करते है।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतू 19 नवम्बर तक कर सकेगें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** जवाहर नवोदय विद्यालय में वर्ष 2025-26 में कक्षा 9 व 11 में प्रवेश हेतु 8 फरवरी 2025 (शनिवार) को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए भरतपुर/डीग जिले के मूल निवासी वर्तमान सत्र में कक्षा 8 वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी 19 नवम्बर तक आवेदन कर सकते है।

## राउंड टेबल इंडिया सेवा सप्ताहः विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

### बच्चों ने उकेरीं 'स्वच्छ भारत' और 'ग्रीन इंडिया' की तस्वीरें

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** राउंड टेबल इंडिया के सेवा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने स्वच्छ भारत और ग्रीन इंडिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारा ।टेबल 281 के अध्यक्ष नेमिश पाराशर ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो सरकारी विद्यालयों महात्मा गांधी सरकारी स्कूल (आरएसी ग्राउंड) और उच्च प्राथमिक सरकारी विद्यालय (राज नगर) में आयोजित की गई थी। टेबल 281 के अध्यक्ष नेमिश पाराशर और सचिव सारंक्ष मित्तल ने बताया कि महात्मा गांधी सरकारी स्कूल में लगभग 150 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जबकि राज नगर के विद्यालय से लगभग 100 छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### जिला कलक्टर के निर्देशन में जिलेभर में अधिकारियों ने परखी स्कूलों की व्यवस्थाऐं

## जिला कलक्टर ने किया महाराजा बदनसिंह स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशन में शनिवार को जिलेभर में प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता, भवन की स्थिति, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं योजनाओं में पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित की स्थिति का जायजा लिया।

जिला कलक्टर डॉ. यादव ने जिला मुख्यालय स्थित महाराजा बदनसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता का परखा तथा विषयवार कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण कर भवन की स्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा क्षतिग्रस्त भवनों को हटवाने एवं नवीन कक्षों के निर्माण का प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी कमियों को समय पर एसडीएमसी के माध्यम से ठीक कराया जाये। उन्होंने कहा कि आने वाले सर्दी के मौसम एवं मच्छरों से बचाव के लिए कमरों की खिडकियों के टूटे हुए शीशे एसडीएमसी के माध्यम से जाली के साथ नये लगवाने की कार्यवाही शीघ्र करायें। जिला कलक्टर ने कहा कि पुराने जर्जर भवन के अनुपयोग को दखते हुए इसे नगर विकास न्यास के माध्यम से जमीदोज करायें जिससे किसी प्रकार का हादसा नहीं हो। उन्होंने कमरे में आनी वाली सिलन को रोकने के लिये पानी की टंकी के नल को प्लम्बर द्वारा बदलवाने के निर्देश दिये। उन्होंने शौचालय की साफ सफाई एवं भवन की छतों की साफ-सफाई लेबर लगाकर करवाने, सीढ़ियों की साफ-सफाई एवं पेड़ों की कटाई करवाने हेतु लेबर लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय की मरम्मत हेतु राशि के लिये प्रस्ताव बनाकर समसा के माध्यम से करवाये जाने की कार्यवाही करें जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकालय काम आ सके। उन्होंने कमरों की देहरी को एसडीएमसी से मााध्यम से हटवाने के निर्देश भी दिये जिला कलक्टर ने विद्यालय की पुरानी प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा असुरक्षित घोषित किये जाने पर जमीदोज कर नयी प्रयोगशाला बनाने हेतु प्रस्ताव एसडीएमसी के माध्यम से समसा को भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय के मैदान को पक्का होने पर दौड़ के लिये ट्रेक व बास्केट बाल के लिये ग्राउण्ड तैयार कराया जाये।

**जिलेभर में 14 अधिकारियों ने किया 31 स्कूलों का निरीक्षण :** जिला कलक्टर के निर्देशन में जिलेभर में 14 प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा 31 स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, परिसर में साफ-सफाई, भवन की उपयोगिता, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों का उपयोग की स्थिति तथा विभागीय योजनाओं का विद्यार्थियों को लाभ की स्थिति को देखा। निरीक्षण दल में जिला कलक्टर के अतिरिक्त, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा सहित जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी, एसीईओ जिला परिषद, जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार शामिल रहे।

## आर्य पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल बाल दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( नि.स. )।** भरतपुर के आर्य पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नीम दा गेट भरतपुर मैं बाल मेले का आयोजन किया गया मेले में लगभग डेढ़ सौ 200 बच्चों ने बाल मेले में लगाई गई तेरे स्टरों पर विभिन्न व्यंजनों का लुफ्त उठाया मनोरंजन के लिए लगाए गए विभिन्न गेम्स तथा खेलों का आनंद लिया स्कूल के डायरेक्टर कपिल गुप्ता नहीं बच्चों को करियर व मनोरंजन दोनों का महत्व समझाया । इस अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित भी किया एवं उनके अनेक अभिभावकों को भी प्रोत्साहित किया बच्चों की प्रतिभा मनोबल को बढ़ाया बच्चों ने जो स्टोलेन लगाई थी वह किसी बाजार से लाई हुई चीजों से नहीं स्वयं वहां से पर अर्जित कर स्वयं बनाकर इस बोले तैयार की जो जी आइटम में पारंगत था और अच्छा स्वीट बनाया उसको प्रोत्साहन भी किया ।

## रारह सरपंच कुसुम का यूनिसेफ की भारतीय प्रतिनिधि ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर के आदर्श गांव रारह में ग्राम पंचायत की सरपंच कुसुम सिंह को यूनिसेफ की भारतीय प्रतिनिधि ह्मयून ही बान ने सम्मान किया । उन्नत भारत अभियान भारत सरकार एवं यूनिसेफ ने आईआईटी जोधपुर के तत्वाधान में एक दिवसीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें यूनिसेफ भारत समाज सुरक्षा प्रतिनिधि ह्मयून ही बान एवं सामाजिक नीति विशेषज्ञ दिल्ली सौमेन बगीची डॉ विवेक विजय आईआईटी जोधपुर आकांक्षा चौधरी यूनिसेफ राजस्थान विक्रम सिंह राघव यूनिसेफ राजस्थान शफकत हुसैन डॉक्टर आलोक रंजन के साथ राजस्थान की महिला सरपंचोवा प्रधानों ने भाग लिया। धरातलीय राजनीति में जनप्रतिनिधियों की चुनौतियों और समाधान और उनकी विशेष भूमिका पर चर्चा की गई यूनिसेफ भारतीय प्रतिनिधि ह्मयून ही बान बताया कि महिला सरपंचों द्वारा ग्रामीण विकास के क्षेत्र ऐतिहासिक योगदान है । इस प्रकार उच्च शिक्षा संस्थान गांव के विकास में महती भूमिका अदा कर सकते हैं सौमेन बगीची ने बताया कि इस गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने वाली महिला सरपंचों के सुझाव धरातल पर आ रही। चुनौतियों के समाधान के लिए ग्रामीण एवं पंचायती राज्य विभाग भारत सरकार के लिए भेजे गए जिसका समाधान किया जा रहा है । सरपंच कुसुम सिंह ने ग्राम पंचायत रारह के विकास कार्यो और विभिन्न नवाचारों से जो कार्य किए हैं वो कैसे समाज के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं ।उनके बारे में विस्तृत रूप से कार्यशाला का उद्देश्य बताया जिस पर यूनिसेफ की भारतीय प्रतिनिधि ने ग्राम पंचायत रारह की विकास की विकास कार्यों की सराहना कर यूनिसेफ के द्वारा ग्राम पंचायत रारह के विकास में योगदान दिया जाएगा ।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

## प्रेस-मीडिया हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा : कलक्टर रंजन

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर शनिवार को कलक्ट्रेट परिसर स्थित सांसद जनसुनवाई केंद्र के सभागार में मीडिया के समक्ष वर्तमान समय में चुनौति विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर आलोक रंजन थे। एडीएम रामचंद्र खटीक, डिप्टी विनय चौधरी बतौर अतिथि उपस्थित हुए तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वतंत्र पत्रकार गोविंद त्रिपाठी एवं ललित मेहरा थे।

कलक्टर आलोक रंजन ने प्रेस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रेस हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।किसी भी घटना का समाचार का समय नही होता है। मीडियाकर्मी दिन-रात अपने कार्य में लगे रहते है।सोशल मीडिया के दौर में न्यूज जल्दी पहुंचाना आज के समय चुन्नौती हो गया है।उन्होंने कहा कि सूचना की वैल्यू के साथ-साथ सटीक न्यूज हो उसका ध्यान रखना चाहिए। एडीएम( भू.अ. )रामचंद्र खटीक ने संगोष्ठी को संबोधित करते कहा कि मीडिया,प्रेस जहां सरकार,प्रशासन,पुलिस किसी मामले को नजर अंदाज करती है वहां मीडिया अपना रोल प्ले करता है।जब कोई चीज मीडिया पर आएगी उस पर निश्चित रुप से संज्ञान लिया जाता है।यह हो सकता है जैसा लोग चाहते हो वैसी कार्रवाई न हो पर कार्रवाई होती है। पुलिस उप अधीक्षक विनय चौधरी ने कहा कि आज के समय समाज में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है।एक लाईन किसी भी मामले को बढ़ावा देने या नियंत्रण करने में सहायक होती है।ऐसे में पारदर्शी सकारात्मक लेखनी का महत्व है। इस दौरान स्वतंत्र पत्रकार गोविंद त्रिपाठी, ललित मेहरा,पी.के. अग्रवाल आदि ने मुख्य अतिथि को उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। पत्रकार भूवनेश व्यास,राजेंद्रसिंह शेखावत, अमित दशोरा, अमित चेचाणी, दुर्गेश लक्षकार, श्याम वैष्णव, सुभाष बैरागी आदि ने अपने विचार रखे। राजेश जोशी, विनोद शर्मा, नरेश सोनी, चंद्रेश जैन, अभिषेक, राकेश व्यास, ऋतूपर्णा मुखर्जी, सहित सुचना एवं जनसंपर्क कार्यालय से सहायक जनसंपर्क अधिकारी अंकित शर्मा,सहायक प्रशासनिक अधिकारी सैयद आरिफ अली, मनोहर पाराशर, सत्यनारायण, ओम प्रकाश प्रजापत उपस्थित रहें।

## खंडेलवाल समाज की पहल, लगाया शिविर 62 लोगों ने किया रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर के खंडेलवाल वैश्य समाज ने संत शिरोमणि श्री सुंदर दास महाराज की पुण्य स्मृति में प्रथम बार खिरनी घाट स्थित खंडेलवाल धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि डीएसपी अनिल जसौरिया सहित 65 लोगों ने रक्तदान किया उल्लेखनीय है कि हर रोज 3540 यूनिट ब्लड मरीजों को जा रहा है जबकि बैंक में बच्चा 190 यूनिट और इसमें नेगेटिव के सभी ग्रुपों को मिलाकर कल 24 यूनिट ब्लड रह गया है खंडेलवाल वैश्य समाज के महामंत्री मुरारी लाल माढौली वालों ने एवं खंडेलवाल युवा मोर्चा के अध्यक्ष ने बताया रक्तदान शिविर का शुभारंभ डिप्टी एसपी अनिल जसोरिया ने फीता काटकर एवं सर्वप्रथम रक्तदान कर किया इसी प्रकार महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया खंडेलवाल महिला अध्यक्ष ने भी बताया इस रक्तदान शिविर में उन्होंने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जरूरतमंदों को इश्क रक्तदान की विशेष आवश्यकता है ।

## भूषण कुमार ने किया बड़ा खुलासाः अजय देवगन और रोहित शेट्टी पर लगाया गंभीर आरोप, बोले- 'भुल भूलैया-3 के साथ नाइंसाफी हुई'



कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 का क्लेश अजय देवगन की सिंघम अगेन से हुआ था। यह फिल्म दिवाली के मौके पर 1 नवंबर को रिलीज हुई थी। अब हाल ही में टी-सीरीज़ के मालिक भूषण कुमार ने एक इंटरव्यू में अजय देवगन और रोहित शेट्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सिंघम अगेन की टीम को अनफेयर बताया। कनेक्ट सिने के साथ हाल ही में बातचीत में भूषण कुमार ने खुलासा करते हुए बताया, भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन की रिलीज से पहले स्क्रीन बराबर बांटने को लेकर मेरी सिंघम अगेन की टीम से बहस हुई थी। मेरा मानना था कि ये दोनों ही फिल्में बड़ी हैं, इसलिए दोनों को बराबर स्क्रीन मिलनी चाहिए। मैं इस मामले में निष्पक्षता चाहता था, लेकिन कुछ पर्सनल इंटरेस्ट्स के चलते ऐसा नहीं हो पाया। इसे लेकर सिंघम अगेन की टीम ने अनफेयर किया। हालांकि, मैं थिएटर चेन को दोष नहीं देना चाहता, क्योंकि वे दूसरी फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर थे और उनके कुछ मुद्दे थे। इसके बाद भी उन्होंने हमें सपोर्ट किया।

भूषण कुमार ने कहा, मैंने एडवांस बुकिंग शुरू करने का सुझाव दिया था, ताकि फिल्म का रिस्पॉन्स देखा जा सके। भूल भुलैया 3 ने बड़ी फिल्म के बावजूद 36 करोड़ रुपये से ज्यादा की ओपनिंग की। वैसे तो दोनों ही फिल्मों ने अच्छी कमाई की।

फिल्मों के क्लेश को लेकर भूषण कुमार ने कहा कि दोनों ही टीमें क्लैश को टालने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन किसी भी फिल्म के लिए अपनी रिलीज डेट बदलना संभव नहीं था। उन्होंने अजय देवगन और रोहित शेट्टी को बताया कि उन्होंने भूल भुलैया 3 पहले अनाउंस की थी और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के साथ उनकी कुछ डील्स थीं, इसलिए वह फिल्म को आगे नहीं कर सकते थे। सिंघम अगेन की टीम ने यह समझा, लेकिन उनकी भी अपनी वजह थी क्योंकि उनकी फिल्म का थीम रामायण से जुड़ा हुआ था, और वे दीवाली पर रिलीज करना मिस नहीं कर सकते थे।

## कपिल शर्मा का शो एक बार फिर विवादों में : रवीन्द्रनाथ टैगोर के गीत पर कमेंट करके फंसे कृष्णा अभिषेक, बंगाली कवि ने माफी की मांग की



द ग्रेट इंडियन कपिल शो के एक एपिसोड में रवींद्रनाथ टैगोर पर अपने कमेंट को लेकर कृष्णा अभिषेक विवादों में आ गए हैं। बंगाली लेखक सृजातो बंद्योपाध्याय ने कृष्णा पर टैगोर का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखते हुए कृष्णा से माफी मांगने की मांग की है। दरअसल, एपिसोड में कॉमेडी करते हुए कृष्णा अभिषेक ने एकला चलो रे की जगह पाचला चलो रे कहा था, जिसके बाद से बंगाली समाज के लोग शो के मेकर्स से काफी नाराज हैं।

बंगाली लेखक सृजातो बंद्योपाध्याय का पोस्ट बंगाली लेखक सृजातो बंद्योपाध्याय ने अपने फेसबुक हैंडल पर कृष्णा अभिषेक की आलोचना करते हुए एक लंबा नोट लिखा। उन्होंने लिखा, हास्य और मजाक में एक पतली लाइन जितना फर्क होता है, जिसे पार करना कभी-कभी खतरनाक साबित हो सकता है। अक्सर, लोग इस बात पर ध्यान नहीं देते कि वे किसके बारे में मजाक कर रहे हैं। हाई रेटिंग पाने के लिए और लोगों को हंसाने की कोशिश में वे भूल जाते हैं कि लाइन कहां खींचनी है।

सृजातो बंद्योपाध्याय ने आगे कहा, एकला चोलो रे गाने के साथ कृष्णा अभिषेक ने जो एक्ट किया वो मेरी नजर में, सम्मान और विनम्रता के लेवल से काफी नीचे गिर गए हैं। मुझे यकीन है कि उनमें गालिब, कबीर या प्रेमचंद पर ऐसे भद्दे चुटकुले बनाने की हिम्मत नहीं होगी, क्योंकि अगर वो ऐसा करेंगे तो शो को अगले दिन मजबूरन बंद करना पड़ेगा।'

लेखक ने आगे लिखा, 'बंगाली लोगों को ऐसे चुटकुलों के आदत हैं, इसलिए वे ऐसे चुटकुले सुना सकते हैं। वो भी एक बंगाली एक्ट्रेस काजोल के सामने, जो इस एक्ट के दौरान बैठकर हंसती रहीं। बोंगो भाषी महासभा फाउंडेशन ने मेकर्स को भेजा था नोटिस इस मामले में बोंगो भाषी महासभा फाउंडेशन (बीबीएमएफ) ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मेकर्स को कानूनी नोटिस भी भेजा था।

## इब्राहिम अली से रिलेशनशिप पर दिया पलक तिवारी ने रिएक्शन : कहा उनके साथ समय बिताना पसंद है; अफेयर का बताया सच

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चर्चाओं में रहती हैं। अक्सर पलक तिवारी का नाम सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम के साथ जोड़ा जाता है। दोनों को साथ में कई बार स्पॉट भी किया गया है। पलक ने एक शो में इब्राहिम अली खान के साथ अपने रिलेशन को लेकर बातचीत की है। इब्राहिम के साथ टाइम स्पेंड करना पसंद - पलक पलक ने सिद्धार्थ कनन के शो में बताया कि वो और इब्राहिम सिर्फ पब्लिक और सोशल गैदरिंग्स में ही मिलते हैं। दोनों टच में नहीं रहते, उन्होंने कहा हमारी कभी मैसेज पर भी बात नहीं होती। पलक ने कहा इब्राहिम अली खान उनके सिर्फ दोस्त हैं, और उन्हें इब्राहिम के साथ टाइम स्पेंड करना पसंद है। उन्होंने कहा कि मेरी लाइफ काफी बोरिंग है, सोशल मीडिया पर मेरा नाम सात लड़को के साथ जोड़ा गया था। लेकिन ऐसा कुछ नहीं था।

इब्राहिम के डेब्यू पर बोलीं पलक बातचीत के दौरान पलक ने इब्राहिम अली खान के डेब्यू को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा इब्राहिम अपने काम में काफी अच्छे हैं। वो कुछ समय में डेब्यू भी करने वाले हैं। बता दें, पलक का ये इंटरव्यू काफी पुराना है, इसके बाद भी दोनों को कई बार साथ में देखा गया है। कुछ दिन पहले ही अबू जानी और संदीप खोसला की दिवाली पार्टी में इब्राहिम और पलक को साथ देखा गया था। इस दौरान इब्राहिम ने पलक को तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा से भी मिलवाया था। फिल्म सरजमीन से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे इब्राहिम वहीं, पलक के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने कई म्यूजिक वीडियोज की हैं। इसके अलावा पलक, सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी नजर आईं थी। वहीं, इब्राहिम की बात करें तो वो थ्रिलर फिल्म सरजमीन से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं।

# एक्टर ठाकुर अनूप सिंह बने छत्रपति संभाजी महाराज

## बोले- इस किरदार को निभाना सपने जैसा, अब विक्की कौशल के वर्जन को लेकर उत्साहित हूं

**एक्टर ठाकुर अनूप सिंह ने मराठी-हिंदी फिल्म धर्मरक्षक महावीर छत्रपति संभाजी महाराज में छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है। उनके लिए यह फिल्म सिर्फ एक रोल नहीं, बल्कि एक सपने जैसा है। अनूप ने दैनिक भास्कर के साथ खास बातचीत में इस किरदार और उससे जुड़ी चुनौतियों पर बात की। इसके साथ ही, विक्की कौशल भी जल्द ही बड़े परदे पर छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनकी फिल्म छावा अगले साल रिलीज होगी।**



### विक्की के संभाजी महाराज के वर्जन को देखने के लिए एक्साइटेड हूं

अनूप कहते हैं, मैंने विक्की का काम देखा है। उरी और सैम बहादुर में उनका काम बहुत अच्छा था। मैं उन्हें बेहतरीन एक्टर मानता हूं। छत्रपति संभाजी महाराज जैसा किरदार किसी एक्टर को जीवन में एक बार ही मिलता है। विक्की भी भाग्यशाली हैं और मैं भी खुद को भाग्यशाली मानता हूं। इस पर और फिल्में बननी चाहिए, ताकि इस किरदार को और पहचाना जा सके। उन्होंने आगे कहा, यह जरूरी है कि इसे शिक्षा के मकसद से इस्तेमाल किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी इतिहास जान सके। अफसोस है कि मेरे बचपन में इतिहास की किताबों में छत्रपति संभाजी महाराज का कोई चैप्टर नहीं था। इस फिल्म की शूटिंग करते वक्त मुझे एहसास हुआ कि इस किरदार के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया। ऐसे किरदारों पर और फिल्में बननी चाहिए, और मैं विक्की के संभाजी महाराज के वर्जन को देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं।

### किरदार को निभाने का मौका मिलना था सौभाग्य

अनूप बताते हैं कि जब यह फिल्म उनके पास आई, तो उन्होंने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। छत्रपति शिवाजी और संभाजी महाराज मेरे आदर्श रहे हैं। उनका साहस और संघर्ष हमेशा मुझे प्रेरित करता रहा है। जब मुझे यह किरदार निभाने का मौका मिला, तो यह सिर्फ एक रोल नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी थी। यह रोल उनके आदर्शों को समझकर लोगों तक पहुंचाने के लिए था।

उन्होंने आगे कहा, ऐसे किरदार बहुत कम मिलते हैं। जब ऐसा मौका मिले, तो उसे पूरी मेहनत और दिल से निभाना चाहिए। इस किरदार ने मुझे एक्टिंग ही नहीं, बल्कि जिंदगी के कई पहलुओं में भी सिखाया है। मैंने इसे पूरी तरह से समझने की कोशिश की।

### मराठी भाषा और इतिहास को समझने में मिली कठिनाई

इस किरदार को निभाने के लिए अनूप को मराठी भाषा और उस समय के इतिहास को समझने में काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने कहा, फिल्म में उस वक्त की मराठी भाषा का इस्तेमाल किया गया था, जो आजकल से बहुत अलग थी। उसे सही से बोलना और समझना चैलेंजिंग था। मैंने पहले महाभारत जैसे प्रोजेक्ट्स किए थे, लेकिन इस किरदार के लिए मुझे और भी मेहनत करनी पड़ी। कई बार रात को डायरेक्टर से सवाल पूछता था कि महाराज ने यह बात क्यों कही और उसका सही मतलब क्या था?

### शारीरिक तैयारी और शूटिंग की चुनौतियां

इस ऐतिहासिक किरदार को निभाने के लिए सिर्फ डायलॉग ही नहीं, बल्कि फिजिकल तरीके से भी तैयार होना जरूरी था। उन्होंने कहा, मैं पहले से फिट था, लेकिन इस फिल्म ने मेरी शारीरिक सहनशक्ति को एक नई चुनौती दी। हमें भारी आर्मर पहनकर धूप में 8-10 घंटे तक शूटिंग करनी पड़ती थी।

कई बार तो मुझे याद नहीं रहता था कि मैंने खाना खाया है या नहीं। शूटिंग खत्म होने के बाद, शरीर कांपने लगता था। ऐसे में गर्म पानी और नमक का सहारा लेना पड़ता था। यह एक्सपीरियंस काफी थका देने वाला था। लेकिन इसने मुझे अपने किरदार के और करीब ला दिया।

### इतिहास से जुड़ने का अनुभव

फिल्म की शूटिंग महाराष्ट्र के ऐतिहासिक किलों, जैसे सातारा और विजयदुर्ग में की गई। अनूप ने कहा, इन जगहों पर काम करना बहुत खास था। यहां की हवा, मिट्टी और माहौल ने हमें इतिहास को महसूस करने का मौका दिया। जब आप उस जगह पर शूट करते हैं, जो आपके किरदार की कहानी का हिस्सा रही हो, तो आपका एक्टिंग खुद-ब-खुद बेहतर हो जाता है। यह एक्सपीरियंस जिंदगी भर याद रहेगा।

### यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि ...

अनूप को उम्मीद है कि फिल्म ऑडियंस को जरूर पसंद आएगी। यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि एक एक्सपीरियंस है, जिसे ऑडियंस हर फ्रेम में महसूस करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि यह फिल्म हर पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक साबित होगी।

## सीहोर में वेब सीरीज पंचायत-4 की शूटिंग:अगले साल रिलीज हो सकती है; पता चलेगा प्रधान जी को किसने मारी थी गोली

ओटीटी प्लेटफॉर्म की चर्चित वेब सीरीज पंचायत के चौथे सीजन की शूटिंग सीहोर जिले में अलग-अलग लोकेशन की जा रही है। अक्टूबर के आखिरी में शुरू हुआ शूट ग्राम पंचायत महोडिया, चांदबड़, निपानिया में हो चुका है। लोगों में पंचायत-4 को लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। माना जा रहा है कि चौथा सीजन अगले साल ही रिलीज हो सकता है।

इस सीजन में पिछले सीजन में छूटे कई सवालों के जवाब मिल सकते हैं। एक तरफ जहां प्रधान जी पर गोली चलाने वाले का खुलासा हो सकता है वहीं पंचायती चुनाव की सरगर्मी भी दिखेगी। सीहोर के कई गांव के लोगों और भोपाल के कलाकार भी पंचायत-4 में अपने अभिनय का रंग बिखेरते नजर आएंगे। सीरीज की शूटिंग के दौरान कोई दिक्कत न हो, इसके लिए गांव के लोग भी मेकर्स को भरपूर मदद कर रहे हैं। किसी भी तरह की परेशानी न आए इसके इंतजाम रखे गए हैं।

### अगले साल आ सकता है पंचायत का चौथा सीजन

सीहोर में तेजी के साथ पंचायत-4 की शूटिंग हो रही है। माना जा रहा है कि मेकर्स अगले साल यानी 2025 में इसे रिलीज कर सकते हैं। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अब तक आ चुके सीजन के आधार पर देखें तो फिर चौथा सीजन 2026 में ही आएगा, क्योंकि इस सीरीज के पिछले तीन पार्ट दो-दो साल के अंतराल में आए हैं।



### इस बार स्टोरी चुनाव पर केंद्रित हो सकती है

सूत्रों की मानें तो पंचायत-4 की कहानी चुनाव केंद्रित हो सकती है। तीसरे सीजन में भी देखने को मिला था कि भूषण कुमार शर्मा (बनराकस) अपनी पत्नी, विनोद और माधव के साथ विधायक से मिलने पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्नी को प्रधान का चुनाव लड़ाने की इच्छा जताई थी। इसलिए भी इस स्टोरी के चुनाव केंद्रित होने का दावा और मजबूत हो जाता है।

वेब सीरीज में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का फुलेरा गांव दिखाया गया है। इस बार स्टोरी अगर चुनाव केंद्रित रही तो, उस तरफ की दबंगई भी देखने को मिल सकती है। चुनाव के समय यह देखना भी दिलचस्प रहेगा कि ग्रामीण किसका समर्थन करते हैं।

### प्रधान जी को गोली किसने मारी, पता चल सकता है

वेब सीरीज के तीसरे सीजन में प्रधान जी (रघुवीर यादव) गोली लगने से घायल हो गए थे। उन पर हमला किसने किया, पंचायत फैन्स में इस बात को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। माना जा रहा है कि अब वेब सीरीज के चौथे सीजन में यह पता लग सकता है कि आखिर प्रधान जी को गोली किसने मारी।

## मीनाक्षी शेषाद्रि ने याद किए पुराने दिन बोलीं- स्टूडियो में सभी के लिए एक टॉयलेट होते थे, फीमेल एक्ट्रेस को होती थीं परेशानी

मीनाक्षी शेषाद्रि 80 और 90 के दशक की जानी मानी एक्ट्रेस रही हैं। उन्होंने दामिनी, हीरो, मेरी जंग, घातक जैसी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में एक्ट्रेस ने पुराने दिनों को याद करते हुए एक किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा कि पहले के समय में स्टूडियो के हालात बहुत खराब हुआ करते थे, हालात इतने बुरे होते थे कि शूट करना भी बेहद मुश्किल होता था। एक्ट्रेस ने कहा कि सेट पर सबसे बड़ी समस्या टॉयलेट की हुआ करती थी, क्योंकि एक ही टॉयलेट होता था और उसे 100 से ज्यादा लोग यूज करते थे। मीनाक्षी ने बताया कि उस समय सिर्फ पूनम ढिल्लन पहली ऐसी एक्ट्रेस थीं, जिनके पास अपनी वैनिटी वैन थी।



100 लोग एक टॉयलेट यूज करते थे - मीनाक्षी मीनाक्षी ने कबीर वाणी के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान बताया कि सेट पर लगभग 100 से ज्यादा लोग एक ही टॉयलेट यूज करते थे। पुरुषों और महिलाओं के लिए भी अलग-अलग शौचालय नहीं थे। एक्ट्रेस ने बताया कि सेट पर टॉयलेट न होने के कारण काफी परेशानी होती थी। उन्होंने कहा कि पहले के समय में साफ-सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जाता था, शूट के दौरान हम फैंसी कॉस्ट्यूम पहनते थे तो कॉस्ट्यूम गंदे न हो इसका भी ध्यान रखना होता था।

### डायरिया होते हुए भी शूट किया - मीनाक्षी

बातचीत के दौरान जब मीनाक्षी से उनके सबसे बुरे दिनों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने उस टाइम को याद किया जब उन्हें डायरिया हो गया था। उन्होंने बताया कि डायरिया होने के बावजूद भी वह बारिश में एक रोमांटिक गाने की शूटिंग कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बतौर एक्टर सभी हालातों में काम करना पड़ता है। क्योंकि एक्टिंग बहुत मेहनत का प्रोफेशन है। आउटडोर शूट में काफी परेशानियां होती थीं - जया बच्चन सिर्फ मीनाक्षी ही नहीं बल्कि इससे पहले, जया बच्चन ने भी पुराने दिनों को याद करते हुए बताया था कि पहले के समय में फीमेल एक्ट्रेस को आउटडोर शूट में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यूट्यूब चैनल व्हाट द हेल नव्या पर बातचीत में, जया बच्चन ने बताया कि अच्छी फैसिलिटी न होने के कारण फीमेल एक्ट्रेस को आउटडोर शूटिंग के दौरान झाड़ियों के पीछे सैनिटरी पैड बदलना पड़ता था।

## पिता कमल हासन के फेम से बचना चाहती थीं श्रुति

### एक्ट्रेस बोलीं- कई बार पहचान छिपाई, बाद में समझी उनके बिना मैं कुछ नहीं

श्रुति हासन अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में श्रुति हासन ने बताया कि फिल्मी परिवार में जन्म लेना अक्सर मुश्किल होता है, खासकर तब जब आपके पिता बड़े स्टार हों। एक्ट्रेस की मानें तो उन्होंने कई बार अपनी पहचान छिपाने की कोशिश भी की। हालांकि, बाद में उन्हें यह समझ में आ गया कि पिता कमल हासन के बिना वह खुद को नहीं सोच सकतीं।

मदन गौरी से बातचीत में श्रुति हासन ने कहा, लोग हमेशा मुझसे मेरे पिता के बारे में सवाल करते थे। ऐसा एक-दो बार नहीं, बल्कि कई बार होता था। मुझे लगता था कि मैं श्रुति हूं, मुझे अपनी पहचान चाहिए। लोग मुझे देखकर कहते थे यह तो कमल हासन की बेटी है। अगर कोई मुझसे पूछता, तो मैं कहती, नहीं, मेरे पिता डॉ. रामचंद्रन हैं, जो हमारे डेंटिस्ट का नाम था। मेरा नाम पूजा रामचंद्रन है। यह नाम मैंने खुद चुना था।

श्रुति हासन ने कहा, यह सिर्फ इस कारण नहीं था कि मेरे पिता एक एक्टर या फिर फेमस इंसान हैं, बल्कि बचपन से ही मुझे यह महसूस होता था कि वह बाकी सभी से अलग हैं। मुझे और मेरी बहन को बहुत जिद्दी लोगों ने पाला था, और यह हमारी आदत बन गई। जब मेरे माता-पिता अलग हुए, तो मैं मुंबई चली गई। यहां श्रुति बनकर रहना मुझे कभी अच्छा नहीं लगा। जब हर जगह पापा के पोस्टर लगे हों, तो उनके नाम से अलग होना बहुत मुश्किल था। आज मुझे लगता है कि कमल हासन के बिना श्रुति का कोई अस्तित्व नहीं है।

श्रुति ने 1999 में अपना करियर शुरू किया था। वह साउथ इंडियन सिनेमा की लीडिंग अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं। श्रुति ने डी-डे, रमैय्या वस्तावैया, गब्बर इज बैक, वेलकम बैक, रॉकी हैंडसम जैसी फिल्मों में काम किया है। वह शॉर्ट फिल्म देवी में भी नजर आई थीं।





## डॉक्यूमेंट्री विवाद को लेकर धनुष पर भड़कीं नयनतारा

### बोलीं- सोचा नहीं था इतना नीचे गिर जाओगे; एक्ट्रेस को भेजा था 10 करोड़ का लीगल नोटिस

**साउथ एक्ट्रेस नयनतारा ने डॉक्यूमेंट्री विवाद को लेकर धनुष को खरी-खरी सुनाई है। सोशल मीडिया पर एक नोट शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, 'आप अपने पिता और भाई की बदौलत एक कामयाब एक्टर बने हैं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं था। हालांकि, मैंने कभी नहीं सोचा था आप इतना नीचे गिए जाएंगे। दरअसल, यह मामला नयनतारा की लाइफ पर बेस्ड डॉक्यूमेंट्री नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल से जुड़ा है। धनुष ने इस डॉक्यूमेंट्री में 3 सेकंड के विजुअल पर आपत्ति जताते हुए एक्ट्रेस को 10 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस भेजा है।**

नयनतारा का ओपन लेटर नयनतारा ने अपने ओपन लेटर में लिखा है, 'आप अपने पिता और भाई की बदौलत एक कामयाब एक्टर बने हैं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं था, इसलिए मुझे संघर्ष करना पड़ा और आज फिल्म इंडस्ट्री में मैं अपनी बदौलत खड़ी हूं। मेरे फैंस मेरा काम जानते हैं और उन्हें मेरी डॉक्यूमेंट्री का इंतजार है, लेकिन आपके रवैये ने हमारे काम पर बड़ा असर डाला है। लेकिन इसका हर्जाना आपको भी भुगतना पड़ेगा।

एक्ट्रेस ने आगे लिखा, आपने दो साल तक एनओसी के लिए तरसाकर रखा और मेरी डॉक्यूमेंट्री को भी पास नहीं किया, इसलिए हम इसे फिर से एडिट करेंगे, आपने जिस 3 सेकंड के विजुअल के लिए 10 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस भेजा है, उसका फैसला अब कोर्ट में होगा और आपके लीगल नोटिस का जवाब कानूनी तरीके से दिया जाएगा।'

क्या है पूरा मामला? नयनतारा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल के लिए धनुष से उनकी फिल्म नानुम राउडी धान के सॉन्ग और विजुअल्स की अनुमति मांगी थी। लेकिन धनुष ने उन्हें अनुमति देने से इनकार कर दिया और फिर डॉक्यूमेंट्री का ट्रेल देख महज 3 सेकंड के विजुअल चोरी के आरोप में 10 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस एक्ट्रेस को भेजा दिया। बता दें, फिल्म नानुम राउडी धान में खुद नयनतारा लीड एक्ट्रेस थी।

गूगल पर खूब सर्च की जा रहीं नयनतारा नयनतारा को गूगल पर लगातार सर्च किया जा रहा है। पिछले 30 दिनों के गूलल ट्रेंड्स को देखें तो साफ है कि नयनतारा को सर्च करने का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

जीवन में अपना रास्ता खुद चुनिए, क्योंकि आपको अपने आप से बेहतर कोई नहीं जानता।।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# सीजी-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़... 5 नक्सली ढेर

## एक जवान की जांघ से आर-पार हुई गोली

बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर की सरहद से लगे महाराष्ट्र बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें 2 महिला और 3 पुरूष हैं। सभी के शव और ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं। कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। वहीं दो जवान भी घायल हुए हैं, जिन्हें रायपुर एयरलिफ्ट किया गया है। डॉक्टर के मुताबिक, एक जवान की जांघ से गोली आर-पार हो गई है। वहीं दूसरे के सिर पर चोट लगी है। फिलहाल दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है। कांकेर एसपी आईके एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। बस्तर के लगभग सभी जिलों के डीआरजी जवान और महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज ने नक्सल संगठन के सेंट्रल कमेटी मेंबर अभय को घेरने बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया है।

### घायल डीआरजी ( डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) जवानों के नाम

**1. खिलेश्वर गावड़े** **2. हीरामन यादव**

खिलेश्वर गावड़े के हाथ और सिर पर चोट के निशान हैं। हीरामन यादव के दोनों पैर पर जख्म हैं।

### सुबह 6 बजे से रुक-रुककर फायरिंग हुई

नारायणपुर और कांकेर से लगे उत्तरी अबूझमाड़ में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ, बीएसएफ की संयुक्त टीम को रवाना किया गया था। सुबह 8 बजे से यह मुठभेड़ शुरू हुई थी। कई घंटे रुक-रुककर फायरिंग हुई। वहीं नक्सली इस इलाके से महाराष्ट्र की ओर भाग न जाएं इसके लिए कांकेर जिले से लगे गढ़चिरौली इलाके में सी-60 कमांडो को तैनात किया गया था।

# असम में कुकी समुदाय पर पुलिस का लाठीचार्ज : जिरीबाम में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों का शव लेने अड़े थे

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी ( एजेंसी )।** असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बाहर पुलिस और कुकी समुदाय के लोगों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया।

दरअसल, मणिपुर के जिरीबाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 10 उग्रवादियों के परिजन उनके शव मांगने के लिए अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। असम पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की कि शव मणिपुर पुलिस को सौंपे जाएंगे, लेकिन परिजन शव वहीं सौंपे जाने की मांग करते हुए पत्थरबाजी पर उतर आए। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जिसके बाद हालात काबू में आए और परिजन मणिपुर पुलिस से शव लेने पर सहमत हुए। इसके बाद शवों को मणिपुर के चुराचांदपुर एयरलिफ्ट किया गया। इससे पहले शुक्रवार को बराक नदी में तीन शव मिलने के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। शवों में एक आठ महीने का बच्चा भी शामिल था। 11 नवंबर को सीआरपीएफ और पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान सशस्त्र उग्रवादियों ने 6 लोगों को अगवा किया था।

# टायसन के मैच से नेटफ्लिक्स 6 घंटे ठप

## 19 साल बाद रिंग में उतरे, 31 साल छोटे खिलाड़ी से हारे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दुनिया के ऑल टाइम ग्रेट मुक्केबाज माइक टायसन 19 साल बाद रिंग में उतरे। उनका मुकाबला टेक्सास के एटीएण्डटी स्टेडियम में हुआ। टायसन 31 साल छोटे 27 साल के अमेरिकी बॉक्सर जैक पॉल से भिड़े। जैक ने यह मैच 78-74 से जीता। इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग नेटफ्लिक्स पर हुई, लेकिन इतने ज्यादा यूजर्स स्ट्रीमिंग से जुड़े कि सर्विस 6 घंटे ठप हो गई। यूजरडाउन डिटेक्टर डॉट कॉम के अनुसार अमेरिका और भारत में करीब 1 लाख से ज्यादा यूजर्स को नेटफ्लिक्स चलाने में दिक्कत आई।

# लालच देकर हमारी आस्था को बदलने की कोशिश : धनखड़

## चिकनी-चुपड़ी बातें कर और हितैषी बनकर हो रहा प्रयास; विभाजनकारी ताकतों को बढ़ावा नहीं दें

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- देश में एक कुप्रयास हो रहा है। आजकल देश में चिकनी-चुपड़ी बातें कर और हमारा हितैषी बनकर, हमें लालच देकर हमारी आस्था को बदलने की कोशिश हो रही है। हमारी सांस्कृतिक धरोहर हमारी नींव है, जब नींव हिल जाएगी तो कोई भी इमारत सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा- सुनियोजित तरीके से, षड्यंत्रकारी तरीके से, प्रलोभन देकर आकर्षित करने की जो प्रक्रिया चल रही है, देश में उस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। जनजाति वर्ग भारत की ताकत है, शौर्य है। आप विभाजनकारी ताकतों को बढ़ावा नहीं दें। राष्ट्र, परिवार और समाज की एकता नागरिक का दायित्व है। उप राष्ट्रपति शनिवार को उदयपुर दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने कोटड़ा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित जनजाति गौरव महोत्सव में लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### हमारी सांस्कृतिक धरोहर हमारी नींव है

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- जंगल हमारी सांस है, लेकिन हम जंगलों को दूसरे तरीके से देखते हैं। इन्हें लालच की नजर से नहीं देखा जा सकता है। वनवासी कल्याण का जो कार्य, समर्पण और सेवा का काम है और यह अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने कहा- मैं जहां भी जाता हूं, मंत्रमुग्ध हो जाता हूं जनजाति की शैली, उनका कल्चर, उनका म्यूजिक, उनकी प्रतिभा, खेल हो, चाहे कुछ भी हो, लेकिन देश में एक कुप्रयास हो रहा है। आजकल देश में चिकनी-चुपड़ी बातें कर और हमारा हितैषी बनकर हमें लालच देकर हमारी आस्था को बदलने की कोशिश हो रही है। सुनियोजित तरीके से, षड्यंत्रकारी तरीके से, प्रलोभन देकर आकर्षित करने की जो प्रक्रिया चल रही है, देश में उस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

### आपसे सीख ले लेते तो विश्व बर्बादी के किनारे नहीं आता

धनखड़ ने कहा- जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पूरी दुनिया लगी हुई है। आप लोग वे हैं, जो धरती को नमन करते हैं, पूजा करते हैं। आपसे सीख ले लेते तो इस बर्बादी के किनारे विश्व नहीं आता। सब जानते हैं कि हमारे पास रहने की दूसरी पृथ्वी नहीं है।

### जर्मनी-जापान को पछाड़ेगा भारत

उप राष्ट्रपति ने कहा- आप बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। आज के दिन भारत बदल रहा है। भारत में सही लोगों को स्थान मिल रहा है। देश आप ही के द्वारा बदला जाएगा। दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था में भारत है। कभी भारत कमजोर पांच में गिना जाता था। देश ने कनाडा, इंग्लैंड को पीछे छोड़ा है और अब जापान और जर्मनी का नंबर है। उन्होंने कहा- ये विकसित भारत का हवन तब ही सफल होगा, जब इसमें जनजाति वर्ग के लोग महत्वपूर्ण आहुति देंगे। वो अब आ रही है, इसने गति पकड़ी है। अब ये किसी के रोकने से नहीं रुकेगी। आज के दिन उस महापुरुष बिरसा मुंडा को याद कर एक प्रण लेना चाहिए कि हमारे में ऊर्जा आनी चाहिए। आप विभाजनकारी ताकतों को बढ़ावा नहीं दें। राष्ट्र, परिवार और समाज की एकता नागरिक का दायित्व है।

### महिलाओं की स्थिति में आया सुधार

धनखड़ ने कहा- किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित को नीचा नहीं करेंगे। देश के कानून में बहुत बड़ा बदलाव किया गया है। महिलाएं लोकसभा और विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर रही हैं। लोकसभा में एक तिहाई महिलाएं होंगी। महिलाओं की उपस्थिति दूसरों को बताएगी कि आप में क्या ताकत है, क्या सोच है, क्या नीति निर्माण का तरीका है।

# एमवीए झूठ फैला रहा है : मोदी

## महाराष्ट्र के भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा- एक हैं तो सेफ हैं का नारा जन-जन तक पहुंचाना है

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की वोटिंग से 4 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा- एक हैं तो सेफ हैं जन-जन तक पहुंचाना है। महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में झूठ फैला रही है। भाजपा के मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में मोदी वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। उन्होंने भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं से कहा- महाराष्ट्र में भाजपा शासित महायुति मराठाओं के गौरव को बढ़ाने का काम कर रही है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग है। इसके नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। भाजपा महायुति गंठबंधन में सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने 148 उम्मीदवार घोषित किए हैं।

महाराष्ट्र के लोग महायुति सरकार के ढाई वर्ष के कार्यकाल से बहुत प्रभावित हैं। मैं जहां-जहां गया हूं, मैंने ये प्यार देखा है। वो भी चाहते हैं ? कि अगले पांच साल यही सरकार रहनी चाहिए। महाराष्ट्र में गूंज रहा है- भाजप-महायुती आहे, तर गती आहे, महाराष्ट्राची प्रगती आहे।

महायुति सरकार, समाज के हर वर्ग के सशक्तिकरण का प्रयास कर रही है। यही फर्क है, हमारी और अघाड़ी वालों की सरकार में और इस फर्क को लोग महसूस कर रहे हैं। हमारी सरकार का विजन है कि हम मिलकर इतना विकास करें कि हर किसी को आगे बढ़ने का अवसर मिले।

# मौसम : राजस्थान में 17 नवंबर तक घने कोहरे का अलर्ट

## जयपुर, सीकर, जोधपुर में दिन का पारा लुढ़का; 18 से सर्दी तेज होने के आसार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण बारिश और बर्फबारी हो रही है। इसका असर मैदानी राज्यों में नजर आने लगा है। अब सर्दी बढ़ने लगी है। राजस्थान के बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में शनिवार सुबह घना कोहरा नजर आया। इससे वीजिबिलिटी काफी कम रही। वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। मौसम विभाग ने संभाग में कल भी घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। श्रीगंगानगर में शनिवार को सुबह घना कोहरा रहा। न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। कोहरे के कारण सुबह विजिबिलिटी काफी कम रही। इससे वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। सर्दी से बचने नजर आ रहे हैं। वही सर्दी के कारण अलाव भी जलने लगे हैं।

### बीते 24 घंटे में दर्ज हुआ तापमान

जयपुर, जोधपुर, सीकर समेत कई जिलों में दिन और रात के तापमान में भी गिरावट हुई है। मौसम विशेषज्ञों ने 17-18 नवंबर से टेम्प्रेचर में और ज्यादा गिरावट होने और सर्दी तेज होने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक तापमान बाड़मेर, चूरू और जालोर जिले में 33 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में अधिकतम तापमान 31 .1 डिग्री सेल्सियस, अजमेर में 31 .6, भीलवाड़ा में 31, जैसलमेर में 32 .4, उदयपुर में 30 .1, जोधपुर में 33 .2 और कोटा में 31 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



फाइल फोटो

### एंटी साइक्लोन बनने से चलने लगी ठंडी हवाएं

राजस्थान में इस समय एक एंटी साइक्लोन सिस्टम बना है। इससे यहां अधिकांश जिलों में सुबह-शाम रात में ठंडी हवाएं चलनी शुरू हो गई। इससे कई जिलों में न्यूनतम तापमान गिरकर 14 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच आ गए। जयपुर में न्यूनतम तापमान 16 .9 डिग्री सेल्सियस, कोटा में 16 .6, अजमेर में 15 .8, उदयपुर में 14 .4, सीकर में 13, पिलानी में 15 .6, अलवर में 15 .4, भीलवाड़ा में 14 .4, चूरू में 15 .6 और जालौर में 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हिल स्टेशन माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन भी न्यूनतम तापमान 9 .2 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

### 18 नवंबर से सर्दी तेज होने की संभावना

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के एरिया में एक स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव है, जिसके प्रभाव से इन राज्यों में बारिश के साथ कुछ एरिया में बर्फबारी हो रही है। हिमाचल के भी कुछ हिस्सों में बारिश-बर्फबारी का दौर जारी है।

ये सिस्टम 16 नवंबर तक एक्टिव रहेगा। इसके बाद कमजोर होगा और उत्तर भारत से ठंडी हवाएं चलनी शुरू होगी। इससे राजस्थान के साथ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के हिस्सों में तापमान में बड़ी गिरावट होने की संभावना है और सर्दी तेज हो सकती है।

# हमारे बनाए कॉलेज में पढ़कर पूछते हैं क्या किया : खड़गे

## कांग्रेस नहीं होती तो मोदी जी चाय बेचते-बेचते प्रधानमंत्री नहीं बनते

बढ़ता राजस्थान

**जामताड़ा/खिजरी ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को झारखंड के जामताड़ा में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा- हमारे (कांग्रेस सरकार) बनाए कॉलेज में पढ़कर आज हमसे ही पूछते हैं कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया ? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- आज के सारे भाजपाई नेहरू जी के बनाए स्कूलों में पढ़े हैं। अगर हम ये नहीं करते तो मोदी जी आप उस कुर्सी पर नहीं बैठते। इस देश का संविधान हमने दिया। इसलिए आप प्रधानमंत्री बने। मेरे पिता भी मिल मजदूर थे। मैंने वकालत की। आज कांग्रेस का प्रेसिडेंट हूं। किसकी वजह से, संविधान की वजह से। उन्होंने कहा- वे (भाजपा) कांग्रेस से पूछते हैं देश के लिए क्या किया ? हमने देश में इतना अनाज भर दिया कि गोदाम भर गए। तुम कहते हो कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल में देश को बर्बाद किया। और तुमने तो 11 साल में बर्बाद कर दिया। हम 55 साल में सब कुछ लाए। आईआईटी, एम्स। हमारे बनाए कॉलेज में बीजेपी के लोग हैं।

### संविधान बचा तभी सबको अधिकार मिलेगा

खड़गे बोले- मोदी साहब आप संविधान की वजह से चाय बेचते-बेचते प्रधानमंत्री बने। इसलिए हम कहते हैं संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ। संविधान बचा, तभी सबको अधिकार मिलेगा। संविधान नहीं बचा तो किसी को कोई अधिकार नहीं मिलेगा। खड़गे ने कहा - आप अपने पुरखों से पूछिए 75-80 साल पहले क्या उनको वोटिंग का अधिकार था। पहले 21 साल की उम्र से वोटिंग का अधिकार था, फिर हमारे राजीव गांधी ने 18 साल की उम्र में मताधिकार दिया। युवाओं को वोटिंग का अधिकार दिया। पंचायत चुनाव हम लाए। कांग्रेस हमेशा दस्तूर लिखती रही है। संविधान लिखे। लेकिन मोदी साहब सिर्फ बकते रहते हैं।



# ट्रम्प ने 27 साल की कैरोलिन को प्रेस सेक्रेटरी बनाया

## पद संभालने वाली सबसे युवा; ट्रम्प के कैंपेन में नेशनल प्रेस सेक्रेटरी थीं

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल के लिए टीम तैयार कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को 27 साल की कैरोलिन लेविट को व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी पद के लिए चुना। कैरोलिन यह पद संभालने वाली सबसे युवा सेक्रेटरी होंगी। इससे पहले 1969 में प्रेसिडेंट रिचर्ड निक्सन ने 29 साल के रोनाल्ड जिग्लर को प्रेस सेक्रेटरी बनाया था।

कैरोलिन हाल ही में हुए राष्टपति चुनाव में ट्रम्प के कैंपेन की नेशनल प्रेस सेक्रेटरी भी थीं। इसके अलावा उन्होंने ट्रम्प के पिछले कार्यकाल (2017-21) में असिस्टेंट प्रेस सेक्रेटरी का पद भी संभाला था।

### कैरोलिन के नाम का ऐलान करते हुए ट्रम्प ने कहा-

कैरोलिन लेविट ने मेरे ऐतिहासिक कैंपेन में बहुत अच्छा काम किया। अब वे व्हाइट हाउस प्रेस सचिव के रूप में मेरे साथ काम करेंगी। कैरोलिन एक स्मार्ट और प्रभावी कम्युनिकेटर साबित हुई हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि वे अमेरिकी लोगों तक हमारा संदेश पहुंचाने में मदद करेंगी।




### कौन हैं कैरोलिन लेविट?

कैरोलिन लेविट अमेरिका के न्यू हैम्पशायर की रहने वाली हैं। वे व्हाइट हाउस में इंटर्नशिप कर चुकी हैं। ट्रम्प के 2020 राष्टपति चुनाव हारने के बाद कैरोलिन रिपब्लिकन पॉलिटिशियन एलिस स्टेफनिक के लिए कम्युनिकेशन डायरेक्टर बनी थीं। स्टेफनिक को ट्रम्प ने अब ह में राजदूत बनाया है। कैरोलिन ने 2022 में न्यू हैम्पशायर से हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव (अमेरिकी संसद के निचले सदन) के लिए चुनाव लड़ा। हालांकि, जनरल इलेक्शन में डेमोक्रेटिक पार्टी के क्रिस पप्पास से उन्हें हार मिली। इसके बाद वे ट्रम्प के इस साल के राष्टपति चुनाव के कैंपेन का हिस्सा बनीं। फिलहाल कैरोलिन लेविट राष्टपति ट्रम्प की ट्रांजिशन टीम की चीफ स्पोक्सपर्सन हैं।

### पिछले कार्यकाल में ट्रम्प के 4 प्रेस सेक्रेटरी रहे

डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान चार लोगों ने व्हाइट हाउस के प्रेस सेक्रेटरी का पद संभाला था। सबसे पहली सीन स्पाइसर को छह महीने बाद ही पद से हटा दिया गया था। उन्होंने 2017 में ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह को सबसे ज्यादा देखे जाने का झूठा दावा किया था। इसके बाद साराह सैंडर्स ने पद संभाला। ट्रम्प ने उनके काम की काफी तारीफ भी की। स्टेफनी ग्रिशम तीसरी प्रेस सेक्रेटरी बनीं, जिन्होंने ट्रम्प के कहने पर कभी प्रेस ब्रीफिंग नहीं की।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com